RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 115
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 01 जून, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



ऋषभ पंत को घुटने की दूसरी सर्जरी नहीं करानी पड़ेगी

पेज - 12

**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,622 | ▼ | 346.89 |
| निफ्टी | 18,534 | ▼ | 99.45 |
| सोना | 60,400 | ▲ | 455 /10 gm |
| चांदी | 72,750 | ▲ | 500 /kg |

**मौसम** फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C
न्यूनतम 23.00°C

## क्विक न्यूज

### भारत के वॉरशिप पर पहली बार रोमियो हेलिकॉप्टर की लैंडिंग



**नई दिल्ली।** इंडियन नेवी ने आइएनएस विक्रांत पर मोस्ट एडवांस्ड मिलिट्री चॉपर उतारा है। इसे रोमियो हेलिकॉप्टर के नाम से जाना जाता है। नेवी पहले सी किंग चॉपर का इस्तेमाल करती थी। अब इसकी जगह रोमियो का इस्तेमाल किया जाएगा। नेवी ने आइएनएस विक्रांत पर रोमियो के लैंडिंग का वीडियो ट्वीट किया है। साथ ही कैप्शन में लिखा- हमारे लिए ये हेलिकॉप्टर मील का पत्थर है। रोमियो को अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने बनाया है। भारत ने 24 हेलिकॉप्टर 90.5 करोड़ डॉलर में खरीदे हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फरवरी 2020 में भारत आए थे, उसी दौरान पीएम मोदी ने इन्हें खरीदने के लिए सौदे पर हस्ताक्षर किए थे। अमेरिका ने जुलाई 2022 में पहली बार दो रोमियो भारत को सौंपे थे। 2025 तक सभी 24 चॉपर्स की भारत में डिलीवरी हो जाएगी।

### युवा महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी की हार्ट अटैक से मौत

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु के एक अस्पताल में 24 वर्षीय राष्ट्रीय स्तर की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी की बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। दक्षिण कन्नड़ जिले के बेलथांगडी की रहने वाली थी। मृतक की पहचान सालियाथ के तौर पर हुई है। वह उजिरे में एसडीएम कॉलेज की पूर्व छात्रा हैं। एक साल पहले उनकी शादी हुई थी और उनके पति चिक्कामगलूर में रहते हैं। सालियाथ ने प्रयागराज में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल टूर्नामेंट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया था और राज्य की टीम को दूसरा स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अपने कॉलेज के दिनों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्होंने कई पदक भी जीते थे।

# वित्त वर्ष 2023 में जीडीपी ग्रोथ 9.1 से घटकर 7.2 फीसद पहुंची

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**चौथी तिमाही में इकोनॉमी 6.1 फीसद की दर से बढ़ी, पिछले साल ये चार रही थी**



**वित्त** वर्ष 2023 में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी ग्रोथ घटकर 7.2 फीसद पर आ गई है जो वित्त वर्ष 22 में 9.1 फीसद रही थी। वहीं जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.1 फीसद पर पहुंच गई है। पिछले साल की समान तिमाही यानी वित्तीय वर्ष 22 में ये 4 फीसद रही थी। पिछली तिमाही यानी दिसंबर 2022 में ये 4.4 फीसद थी।

इससे पहले सितंबर में ये 6.3 फीसद की दर से बढ़ी थी। जीवीए वित्त वर्ष 23 में 8.8 फीसद से घटकर सात फीसद पर आ गया है। इस तिमाही में 6.5 फीसद रहा है। एक साल पहले की समान तिमाही में ये 3.9 फीसद रहा था। जीडीपी जहां इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सबसे कॉमन इंडिकेटर्स में से एक है तो वहीं जीवीए से किसी अर्थव्यवस्था में होने वाले कुल आउटपुट और इनकम का पता चलता है।

आरबीआइ ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा था कि क्वार्टलरी वित्त वर्ष 23 में रियल जीडीपी 5.1 फीसद की दर से बढ़ने का अनुमान है। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने चौथी तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट 5.5 फीसद रहने का अनुमान लगाया था। वित्त वर्ष 23 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.1 फीसद रहने की संभावना जताई गई थी।

वहीं ने एनएसओ 23 में जीडीपी ग्रोथ रेट सात फीसद रहने का अनुमान लगाया था। जीडीपी इकोनॉमी की हेल्थ को ट्रैक करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सबसे कॉमन इंडिकेटर्स में से एक है। जीडीपी देश के भीतर एक स्पेसिफिक टाइम पीरियड में प्रड्यूज सभी गुड्स और सर्विस की वैल्यू को रिप्रजेंट करती है। इसमें देश की सीमा के अंदर रहकर जो विदेशी कंपनियां प्रोडक्शन करती हैं, उसे भी शामिल किया जाता है। जब इकोनॉमी हेल्दी होती है, तो आमतौर पर बेरोजगारी का लेवल कम होता है।

जीडीपी दो तरह की होती है। रियल जीडीपी और नॉमिनल जीडीपी। रियल जीडीपी में गुड्स और सर्विस की वैल्यू का कैलकुलेशन बेस ईयर की वैल्यू या स्टेबल प्राइस पर किया जाता है। फिलहाल जीडीपी को कैलकुलेट करने के लिए बेस ईयर 2011-12 है। यानी 2011-12 में गुड्स और सर्विस के जो रेट थे उस हिसाब से कैल्कुलेशन। वहीं नॉमिनल जीडीपी का कैलकुलेशन करेंट प्राइस पर किया जाता है।

### क्वार्टर से क्वार्टर तक फिल्म की तरह नहीं है अर्थव्यवस्था : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर पहुंचने को लेकर बुधवार को कहा कि इन आंकड़ों में वाह-वाह करने लायक कुछ भी नहीं है क्योंकि निवेश एवं उपभोग से संबंधित ढांचागत समस्याएं रहने वाली हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अर्थव्यवस्था क्वार्टर से क्वार्टर तक जैसी किसी फिल्म की तरह नहीं है। उल्लेखनीय है कि कृषि, विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि दर बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही। इसके साथ, पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत पर पहुंच गई।

# हर योजना में 85 प्रतिशत कमीशन खाने वाली पार्टी है कांग्रेस : मोदी

**कांग्रेस ने नए संसद भवन उद्घाटन के क्षण को स्वार्थ की भेंट चढ़ा दिया**

**पीएम मोदी ने कहा, भारत अति गरीबी को समाप्त करने के निकट**



**एजेंसी।** अजमेर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस को हर योजना में 85 प्रतिशत कमीशन खाने वाली पार्टी करार देते हुए बुधवार को कहा कि देश से गरीबी हटाने की गारंटी, गरीबों के साथ किया गया कांग्रेस का सबसे बड़ा विश्वासघात है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, कांग्रेस की रणनीति रही है कि गरीबों को भरमाओं, गरीबों को तरसाओ। प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का विपक्ष द्वारा किए गए बहिष्कार पर पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के गौरव के क्षण को अपने स्वार्थी विरोध की भेंट चढ़ा दिया।

मोदी अजमेर के पास कायड़ विश्राम स्थली में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन केंद्र में प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। अपने नौ साल के कार्यकाल में देश में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, हमारे देश में विकास के काम के लिए पैसे की कमी कभी भी नहीं रही है पर यह बहुत जरूरी होता है कि जो पैसा सरकार भेजे, वो पूरा का पूरा विकास के कार्यों में लगे। लेकिन कांग्रेस ने अपने शासन में देश का खून चूसने वाली ऐसी भ्रष्ट व्यवस्था बना दी थी, जो देश के विकास को खाए जा रही थी।

उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी माना था कि कांग्रेस सरकार 100 पैसे भेजती है, तो उसमें से 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे। मोदी ने कहा, कांग्रेस, हर योजना में 85 प्रतिशत कमीशन खाने वाली पार्टी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल पहले इस देश को गरीबी हटाने की गारंटी दी थी, जो गरीबों के साथ कांग्रेस द्वारा किया गया सबसे बड़ा विश्वासघात है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की नीति रही है- गरीबों को भरमाओ, गरीबों को तरसाओ। राजस्थान के लोगों ने भी इसका बहुत बड़ा नुकसान उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस को सिर्फ झूठ बोलना आता है और वह आज भी यही कर रही है। ये कांग्रेस ही है, जो चार दशक तक वन पेंशन वन रैंक के नाम पर हमारे पूर्व सैनिकों से विश्वासघात करती रही। उन्होंने कहा, 2014 से पहले देश में क्या स्थिति थी? पूरे देश में जनता भ्रष्टाचार के विरुद्ध सड़क पर उतरी हुई थी। कांग्रेस सरकार सीमा पर सड़कें बनाने से भी डरती थी। बड़े-बड़े शहरों में आए दिन आतंकी हमले होते थे। महिलाओं के विरुद्ध अपराध चरम पर थे।

प्रधानमंत्री ने कहा, देश की हर सफलता के पीछे भारत के लोगों की मेहनत है, भारत के लोगों का पसीना है। ये भारत के लोग ही हैं, जिन्होंने महामारी के बाद देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। ये भारत के लोग ही हैं, जिनकी वजह से दुनिया कह रही है कि ये दशक भारत का दशक है, ये सदी भारत की सदी है। मोदी ने संसद के नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार किए जाने को लेकर पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया दी और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, भारत को नया संसद भवन मिला है लेकिन कांग्रेस ने भारत के गौरव के इस क्षण को भी अपने स्वार्थी विरोध की भेंट चढ़ा दिया। कांग्रेस ने 60 हजार श्रमिकों के परिश्रम का, देश की भावनाओं और आकांक्षाओं का अपमान किया है।

**बोले, कांग्रेस सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी**

**मोदी** ने कहा, 2014 से पहले प्रधानमंत्री के ऊपर सुपर पावर थी, कांग्रेस सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। निर्णय होते नहीं थे, नीतियां चौपट थीं। निवेशक निराश थे, युवाओं के सामने अंधकार था। उन्होंने आरोप लगाया, जनता से वोट लेकर, कांग्रेस, जनता को ही कोस रही थी। कांग्रेस की गलत नीतियों का सबसे अधिक नुकसान छोटे किसानों को हुआ। मोदी ने आगे कहा, आज देखिए, पूरी दुनिया में भारत का यशगान हो रहा है। दुनिया के बड़े विशेषज्ञ बोल रहे हैं कि भारत अति गरीबी को समाप्त करने के बहुत निकट है। ये बदलाव आया कैसे? इसका जवाब है- सबका साथ-सबका विकास। इसका जवाब है - वंचितों को वरीयता।

# बृजभूषण की गिरफ्तारी लायक सबूत नहीं कोर्ट में पेश होगी रिपोर्ट: दिल्ली पुलिस

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज करवाने वाली पहलवान स्कूली दस्तावेज में बालिग**

**पहलवानों** के यौन उत्पीड़न केस में दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि डब्ल्यूएफआइ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण को गिरफ्तार करने लायक सबूत अभी नहीं मिले हैं। इस मामले में एक और मोड़ आया है। जिस महिला पहलवान ने पाक्सो के तहत बृजभूषण पर यौन शोषण का आरोप लगाया था, उसके बालिग होने का दावा किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने क्या कहा, पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ जो आरोप लगाए हैं, उन्हें साबित करने के लिए सबूत अभी नहीं मिले हैं। बृजभूषण न तो गवाहों को प्रभावित कर रहे हैं और न ही सबूतों को मिटा रहे हैं। हम अगले 15 दिन में कोर्ट में रिपोर्ट पेश करेंगे।

हालांकि दिल्ली पुलिस ने इसके जवाब में पहले खंडन करते हुए कहा कि मामले की जांच अभी चल रही है। इसके बाद रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी। इसके बाद बृजभूषण ने कहा कि अगर उनकी गलती निकली तो खुद फांसी पर लटक जाएंगे। इसके बाद अचानक दिल्ली पुलिस ने अपने खंडन वाले ट्वीट डिलीट कर दिए। सूत्रों के मुताबिक, बृजभूषण पर पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज करवाने वाली पहलवान बालिग निकली है। ये पहलवान रोहतक की रहने वाली है। उसके स्कूल से मिले बर्थ सर्टिफिकेट के आधार पर उसके बालिग होने की पुष्टि हुई है। इसकी जांच के लिए दिल्ली पुलिस की टीम रोहतक आई थी। उसके पिता ने इसे गलत करार दिया है। उनका दावा है कि उनकी बेटी नाबालिग है। दूसरी तरफ रोहतक में नाबालिग पहलवान के चाचा बुधवार को मीडिया के सामने आए। उन्होंने कहा कि बृजभूषण पर केस दर्ज करवाने वाली पहलवान भतीजी नाबालिग नहीं है। उन्होंने लड़की के जन्म से जुड़े प्रूफ भी दिखाए।

चाचा ने कहा कि सरकारी नौकरी का लालच देकर उनकी भतीजी से इस तरह के आरोप लगवाए गए हैं। लड़की के पिता का कहना है कि वह लड़की का चाचा नहीं बल्कि ताऊ है। वह बड़ी बेटी के दस्तावेज दिखा रहा है। जिसकी पहले मौत हो चुकी है। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने भी रोहतक आकर जांच की, जिसके बाद पहलवान के बालिग होने का दावा किया जा रहा है।

### पहलवानों से मारपीट के विरोध में सड़क पर उतरीं ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर पहलवानों के साथ कथित मारपीट के विरोध में बुधवार को यहां रैली की। बनर्जी ने अपने हाथ में एक तख्ती ले रखी थी जिस पर हम न्याय चाहते हैं लिखा था। रैली शहर के दक्षिणी हिस्से में हाजरा रोड चौराहे से शुरू हुई और रवींद्र सदन तक गई। बनर्जी 2.8 किलोमीटर लंबी इस रैली में अपने निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में शामिल हुईं। विस्तृत खबर पेज-10 पर

**सहकारिता क्षेत्र की सबसे बड़ी फूड स्टोरेज स्कीम को मंजूरी**

# स्कीम पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे, रुकेगी अनाज की बर्बादी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**हर ब्लॉक में दो हजार टन का गोदाम बनाया जाएगा**

**केंद्रीय** कैबिनेट ने बुधवार को सहकारिता क्षेत्र की दुनिया की सबसे बड़ी फूड स्टोरेज स्कीम को मंजूरी दी। इस स्कीम पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। योजना के तहत हर ब्लॉक में 2000 टन क्षमता का गोदाम बनाया जाएगा। इसके लिए एक अंतर-मंत्रालयी कमेटी का गठन होगा। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी।

इस स्कीम को सबसे पहले पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 10 जिलों में लागू किया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि स्टोरेज की कमी की वजह से जो अनाज की बर्बादी होती थी, वह इससे रुकेगी। जिन किसानों को स्टोरेज न मिलने की वजह से अपनी उपज को औने-पौने दाम पर बेचना पड़ता था अब वह भी नहीं करना होगा। वो अपने हिसाब से अनाज बेच सकेंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। रूस और ब्राजील जैसे दूसरों बड़े प्रोड्यूसर्स के पास उत्पादन से ज्यादा भंडारण की क्षमता है, लेकिन हमारे पास पैदावार के केवल 47 फीसद स्टोरेज की कैपेसिटी है। उन्होंने कहा कि हर ब्लॉक में 2000 टन का गोदाम बनाया जाएगा। प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (केसीएस) में भी 500-2000 टन के गोदाम बनेंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा की हमारी स्टोरेज कैपेसिटी अगले पांच साल में 1450 लाख टन से बढ़कर 2150 लाख टन हो जाएगी। भारत में 3100 लाख टन फूड ग्रेन की पैदावार होती है।

# ज्ञानवापी पर मुस्लिम पक्ष की अर्जी हाईकोर्ट से खारिज

**एजेंसी।** प्रयागराज



**ज्ञानवापी** परिसर में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा का केस वाराणसी कोर्ट में चलता रहेगा। इस केस के खिलाफ मस्जिद कमेटी की पुनर्विचार याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दिया।

वाराणसी की जिला अदालत भी पहले मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर चुकी है। श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की मांग पांच हिंदू महिलाओं ने की थी और वाराणसी कोर्ट में याचिका लगाई थी। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी। बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने 23 दिसंबर 2022 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हिंदू पक्ष के वकील ने कहा, बहुत ही ऐतिहासिक फैसला है, क्योंकि मुस्लिम पक्ष हमेशा दावा करता रहता था कि यह केस प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट फैक्ट से बाधित है। सिविल कोर्ट ने 12 सितंबर को हमारे पक्ष में फैसला दिया था। वही बात बुधवार को इलाहाबाद हाइकोर्ट में भी जस्टिस जेजे मुनीर ने कही है। जिसमें उन्होंने होल्ड किया कि रिवीजन पिटीशन मेंटेनेबल नहीं है और अंजुमन इंतजामिया की पिटीशन डिसमिस कर दी।

# सेना ने पुंछ में एलओसी के पास तीन घुसपैठिए पकड़े

**एजेंसी।** श्रीनगर

**जम्मू**-कश्मीर के करमारा सेक्टर में एलओसी के पास भारतीय सेना ने तीन आतंकवादियों को पकड़ा। ये तीनों 30 मई की रात खराब मौसम और बारिश का फायदा उठाकर भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सेना के जवानों ने फेंसिंग क्रॉस कर रहे तीनों आतंकियों पर फायरिंग की। सेना ने इनके पास 10 किलो आइइडी, एके-56 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और ड्रग्स बरामद किया है। फायरिंग में घायल एक आतंकवादी का पुंछ के हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

पुंछ के गुलपुर इलाके में करमारा गांव में नियंत्रण रेखा पर सेना ने संदिग्ध गतिविधि देखी थीं।

### अमेरिका में राहुल गांधी के सामने खालिस्तानी नारे लगे

**सेन फ्रेंसिस्को।** छह दिन के अमेरिका दौरे पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को सैन फ्रेंसिस्को में भारतीयों के बीच स्पीच दी। इस दौरान कुछ खालिस्तान समर्थकों ने भारत, कांग्रेस और इंदिरा गांधी विरोधी नारेबाजी की और खालिस्तान के झंडे लहराए। राहुल को काफी देर तक भाषण रोकना पड़ा। बाद में इन खालिस्तान समर्थकों को पुलिस ने बाहर निकाल दिया।

राहुल ने स्पीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और आरएसएस पर तंज कसे। कहा- मोदी तो भगवान को भी दुनिया चलाना सिखा देंगे, भगवान भी चौंक जाएंगे कि ये मैंने क्या बना दिया। राहुल मंगलवार शाम अमेरिका पहुंचे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने उन्हें रिसीव किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राहुल को इमिग्रेशन क्लियरेंस के लिए एयरपोर्ट पर दो घंटे इंतजार करना पड़ा।

**नेशनल मेडिकल कमीशन के तय मानकों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई**

# 40 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता गई, सौ और कॉलेजों पर खतरा मंडरा रहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली




**नेशनल** मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के तय किए गए मानकों का पालन नहीं करने पर पिछले दो महीनों में देश के करीब 40 मेडिकल कॉलेज मान्यता गंवा चुके हैं। तमिलनाडु, गुजरात, असम, पंजाब, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में करीब 100 और मेडिकल कॉलेजों पर भी ऐसी ही कार्रवाई की जा सकती है। एनएमसी ने एक महीने से अधिक समय तक किए गए निरीक्षण के दौरान इन मेडिकल कॉलेजों में कई खामियां पाईं। सीसीटीवी कैमरे, आधार से जुड़ी बायोमेट्रिक एटेंडेंस प्रोसेस और फैकल्टी रोल में खामियां मिली हैं। ये कॉलेज सही कैमरा लगाने और उनके कामकाज सहित अन्य मानक फॉलो नहीं कर रहे थे। बायोमेट्रिक सुविधा ठीक नहीं थी। कई विभाग में फैकल्टी पोजिशन की पोस्ट खाली मिलीं।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 के बाद से मेडिकल कॉलेजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने फरवरी में राज्यसभा को बताया था कि देश में 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन अब 69 प्रतिशत इजाफे के साथ इनकी संख्या 654 हो चुकी है। इसके अलावा, एमबीबीएस सीटों में 94 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो वर्ष 2014 के पहले की 51348 सीट से बढ़कर अब 99763 हो गई हैं। पीजी सीटों में 107 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो साल 2014 से पहले की 31185 सीट से बढ़कर अब 64559 हो गई हैं। देश में अब 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) हैं, जिनकी संख्या 2014 में सात थी। सूत्रों ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों के पास अपील करने का विकल्प है। एनएमसी में 30 दिनों के भीतर पहली अपील की जा सकती है। अगर अपील खारिज होती है तो वे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से संपर्क कर सकते हैं।

देश में मेडिकल सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों और उठाए गए कदमों में जिला/रेफरल अस्पतालों को अपग्रेड करके नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए एक केंद्र सरकार की योजना शामिल है। जिसके तहत स्वीकृत 157 में से 94 नए मेडिकल कॉलेज पहले से ही कार्यरत हैं। मेडिकल कॉलेजों की मान्यता रद्द करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मेडिकल एक्सपर्ट्स ने कहा कि एनएमसी काफी हद तक आधार से जुड़ी बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली पर निर्भर है, जिसके लिए यह केवल उन फैकल्टी पर विचार करता है जो सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक दिन के समय ड्यूटी पर होते हैं। एक विशेषज्ञ ने कहा कि डॉक्टरों के काम के घंटे तय नहीं होते हैं। उन्हें इमरजेंसी और नाइट शिफ्ट में भी काम करना पड़ता है। इसलिए काम के घंटे को लेकर एनएमसी की सख्ती ने इस मुद्दे को पैदा किया है। मेडिकल कॉलेजों के लिए ऐसा सूक्ष्म प्रबंधन व्यावहारिक नहीं है और एनएमसी को ऐसे मुद्दों के प्रति लचीला होना चाहिए।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दिसंबर में दी थी चेतावनी



**दिसंबर** में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मेडिकल कॉलेजों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी थी, जो नियमों का पालन नहीं करते हैं या उचित फैकल्टी नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा था कि हमें स्टूडेंट्स को क्वालिटी एजुकेशन देना है, हमें अच्छे डॉक्टर तैयार करने हैं। राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने कहा था कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार ने पहले मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाई और इसके बाद एमबीबीएस की सीटें बढ़ाई हैं।

# ग्रामीण क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा के लिए केएमपी स्कूल को मिला राज्यपाल से शिक्षा रत्न सम्मान

## एमडी ईश्वर सिंह और उनके पुत्र बबलू को सौंपा सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**बल्लभगढ़** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव जवां के केएमपी स्कूल को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षा रत्न सम्मान प्रदान किया गया।

पंचकूला के पीडब्ल्यूडी के सभागार में राष्ट्रीय पत्रिका वैश्य भारती द्वारा आयोजित वैश्य संवाद और सम्मान समारोह में स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर ईश्वर सिंह और उनके पुत्र बबलू को यह सम्मान राज्यपाल और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता द्वारा प्रदान किया गया। केएमपी स्कूल में प्रतिवर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के साथ साथ गांव के गरीब और मेधावी छात्र छात्राओं को नि:शुल्क एवं रियायत फीस में शिक्षा प्रदान की जाती रही है। विशेष तौर पर विज्ञान की शिक्षा के लिए मशहूर यह विद्यालय समाज के किसी भी वर्ग के मेधावी बच्चों की शिक्षा में बढ़ चढ़कर अपना योगदान देता आ रहा है। इसी कारण इस विद्यालय को शिक्षा रत्न जैसा प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है, जिससे अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिल सके। इस अवसर पर वह उपस्थित पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल व अन्य औद्योगिक और विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान हस्तियों ने बधाई देते हुए शिक्षा में नित्य नई ऊंचाइयां छूने की शुभकामनायें भी दीं। केएमपी स्कूल के साथ साथ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए फरीदाबाद मेट्रो अस्पताल के दीपेश, रक्तदान के क्षेत्र में अपनी सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र एवार्डी तनुज गोयल, यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया नौंवा स्थान प्राप्त करने वाली कैथल की कनिका गोयल, भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य नेहा गोयल, एनजीएफ कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार मंगला पार्थ तथा वैश्य अग्रवाल एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निकुंज गर्ग आदि विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभावान विभूतियों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

# बाबा मोहनराम के जागरण में कलाकारों व संगीतकारों ने बांधा समां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा मोहन राम समिति द्वारा मंगलवार की रात्रि नंगला रोड अग्रवाल स्कूल के समीप बाबा मोहनराम का विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इस जागरण में जहां हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों एवं संगीतकारों ने भजन आदि गाकर समां बांधी वहीं बाबा के भजनों ने श्रद्धालु भी जमकर थिरके।

जागरण में मुख्य रूप से चंद्रपाल तंवर, सोनू सांवरिया, ज्ञानेंद्र सरदाना आदि ने अपने मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया और रातभर इस भक्तिमय कार्यक्रम का लोगों ने आनंद लिया। जागरण में कई प्रकार की मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की गई, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुगध कर दिया। जागरण में राधा-कृष्ण की झांकी, काली मां, सुदामा की झांकी आदि आकर्षण का केंद्र रही। जागरण समिति के अध्यक्ष रमेश गोयल ने बताया कि बाबा मोहनराम का जागरण वह पिछले आठ वर्षों से हर वर्ष आयोजित करते आ रहे हैं और इस वर्ष भी बाबा का जागरण बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया है। भक्त शिरोमणि गुरु अरुण गोयल द्वारा ज्योति प्रचंड करके जागरण की शुरूआत की गई।

# बल्लभगढ़ में 12 साल के बच्चे की गला दबाकर हत्या

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** कोली वाड़ा में किराए के मकान में अपने माता-पिता के साथ रह रहे साढ़े 12 साल के एक बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने किसी भी तरह का खुलासा नहीं किया है।

बता दें कि मृतक बच्चे का नाम ओमजी है, जिसका परिवार मूल रूप से औरैया उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। मृतक बच्चे की मां का इस मामले में कहना है कि घटना के समय वह और पति दोनों ही ड्यूटी पर गए हुए थे। जब शाम को ड्यूटी से लौटकर आए तो उनका बेटा ओमजी बेड पर लेटा हुआ था।

उन्होंने सोचा कि उनका बेटा सो रहा है। उसके बाद उन्होंने बच्चे को जगाने की कोशिश की तो बच्चे के गले पर निशान थे। इससे साफ प्रतीत हो रहा था कि बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी है। वहीं बच्चे की मां बेबी ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी जिसकी उम्र 13-14 है, उन्होंने जब बच्ची से पूछा तो उसने बताया कि उसने किसी को यहां पर आते जाते नहीं देखा। वह कुछ देर के लिए छत पर गई थी। फिलहाल बेबी ने इस हत्या में किसी पर कोई शक नहीं जताया है। उसका कहना है कि उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। उसके बच्चे अभी 15 दिन पहले ही दादा-दादी के यहां से उनके पास स्कूल की छुट्टियों में घूमने के लिए आए थे व दादा दादी की यहां रह कहीं पढ़ाई कर रहे थे। अग्रसेन पुलिस चौकी के इंचार्ज और हरियाणा पुलिस के सब इंस्पेक्टर प्रदीप मोर ने बताया कि फिलहाल घटना के संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।



शोकाकुल मृतक बच्चे के परिजन।

### तीन साल के बच्चे की गड्ढे में गिरकर मौत



**फरीदाबाद।** सेक्टर-15 मार्केट के सामने बन रहे मकान में लगाई जा रही लिफ्ट के दौरान खोदे गए गड्ढे में बच्चे की गिरकर मौत हो गई। बताया जाता है की गड्ढे में बरसात का पानी भर गया था। जिसमें खेलते खेलते तीन साल का बच्चा गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके पिता विदेश ने बताया कि हम लोग काम कर खाना खा रहे थे। खेलते खेलते बच्चा गड्ढे में जा गिरा, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को परिजनों को पोस्टमार्टम करा सौंप दिया।

### आपसी रंजिश के झगड़े में घायल युवक ने दम तोड़ा

#### पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की



मृतक जावेद की फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ आदर्श नगर में गत दिनों आपसी रंजिश के चलते हुए झगड़े में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक दो दिन पूर्व आपसी रंजिश में हुए झगड़े में लगभग छह लोग घायल हो गए थे। जिसमें से अमित, अतुल और जावेद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें आपस में जमकर लाठी और बोतलें चलीं। जिसमें दो लोगों को मामूली चोटें आई थी, उनको प्रथम उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई। जबकि अमित, अतुल व जावेद का इलाज चल रहा था। गंभीर चोट के कारण जावेद की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जावेद का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है और आरोपियों की खोज शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने फरीदाबाद के तीन पटवार घरों पर मारा छापा

## लोगों ने बताया अपने काम के लिए बार-बार लगाने पड़ते हैं चक्कर

पायिनयर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ता ने फरीदाबाद के तीन पटवार घरों पर मारा छापा है। जगदीश निरीक्षक मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद द्वारा पटवार घर अजरौंदा फरीदाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि इस पटवार घर में कुल तीन पटवार व एक कानूनगो नियुक्त है। जिनमें दलबीर सिंह कानूनगो व प्रतीक मंगला, बलराज सिंह व किशन पाल पटवारी हैं। इन सभी की हाजिरी चैक करने पर कार्यालय में उपस्थित नहीं मिले। इस संबंध में तहसील कार्यालय में पूछताछ करने पर पाया गया कोर्ट, ग्रीवेंस कमेटी की मिटिंग व नोटिस तामील कराने के लिए इलाका में गये हुए हैं। बलराज पटवारी ने बताया कि वह बीमार है, लेकिन उसका छुटटी का प्रार्थना पत्र नहीं मिल सका।

मौका पर मौजूद लोगों ने बताया कि पटवारी समय पर नहीं मिलते, जिस कारण उन्हें अपने मुटेशन चढ़वाने के लिए पटवारियों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। दूसरी कार्रवाई में राजेंद्र कुमार उप निरीक्षक द्वारा पटवार घर बल्लभगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय आदेश पटवारी हल्का बल्लभगढ़ कार्यालय में उपस्थित मिले। उनके अतिरिक्त पूछताछ पर पाया कि पटवार घर बल्लभगढ़ में छह पटवारी नियुक्त हैं। उक्त सभी छह पटवारी विभागीय कार्य के संबंध में लघु सचिवालय सेक्टर-12 फरीदाबाद में जाने पाए गए। निरीक्षण के दौरान पटवार घर बल्लभगढ़ में अपने निजी काम से आए लोगों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि उन्हें हल्का पटवारी से कोई शिकायत नहीं है, लेकिन राजस्व पटवारी आयेदिन कहीं न कहीं ड्यूटी लगी रहती है। इस बात का आम लोगों को पता नहीं रहता। जब वे पटवार घर अपने काम से आते तब मालूम पड़ता है कि आज हलका पटवारी की ड्यूटी किसी अन्य काम में लगी हुई है। जिससे आम नागरिकों को परेशानी करना पड़ता है।

तीसरी टीम में शिव कुमार सहायक उप निरीक्षक मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद द्वारा करण सिंह नायब तहसीलदार एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ तहसील कार्यालय गोंछी के अधिकारी/कर्मचारियों की हाजिरी चैक की गई। चौकिंग के दौरान कार्यालय में कुल नौ कर्मचारी नियुक्त पाए गए व सभी हाजिर मिले। ड्यूटी मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील कार्यालय में अपने-अपने काम के लिये आये लोगों से पूछताछ की व उनकी समस्यायें सुनीं गईं।

# पानी में खड़े होकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

## पैदल यात्रा निकाल कर सरकार और प्रशासन को दिखाया सच्चाई का आइना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।



**शहर** में हुई बरसात के बाद एनआईटी क्षेत्र में हुए जलभराव की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बरसात के भरे पानी में खड़े होकर कांग्रेसी विधायक के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी व संतोष यादव ने जलभराव में खड़े होकर 60 फीट रोड, पर्वतिया कॉलोनी, नंगला रोड, डबुआ कॉलोनी, सुंदर कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, संजय कॉलोनी में पदयात्रा करते हुए सरकार व प्रशासन को सच्चाई का आईना दिखाया। इस दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए हरेंद्र भाटी व संतोष यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि स्मार्ट सिटी फरीदाबाद एक ही बरसात में पूरी तरह से डूब गया है, खासकर एनआईटी की बात करें तो यहां हालात बद से बदतर है, यहां सड़कों के नाम पर केवल गड्ढे बने हुए है, जिनमें मामूली बरसात से ही पानी भर जाता है और लोगों को अवागमन में दिक्कत होती है। उन्होंने स्थानीय कांग्रेसी विधायक नीरज शर्मा पर हल्ला बोलते हुए कहा कि उन्होंने पिछले चार सालों के कार्यकाल के दौरान केवल अपने आपको महिमा मंडित किया है, जनता की समस्याओं से उनका दूर-दूर तक कोई लेना देना है। उन्होंने कहा कि एनआईटी क्षेत्र के नंगला रोड, एयरफोर्स रोड, डबुआ कालोनी, चाचा चौक, अटल चौक, साठ फुट सहित अनेक ऐसे मुख्य चौक-चौराहे है, जो बरसात के बाद डूब जाते हैं, जिससे हजारों लोगों को आने जाने पर में दिक्कत होती है। लेकिन जलनिकासी की कोई भी उचित व्यवस्था प्रशासन व सरकार ने आज तक नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भी आठ सालों में केवल कागजों में विकास किया है, जबकि जमीनी स्तर पर सब शून्य है, जनता इस गूंगी बहरी सरकार से तंग आ चुकी है और अब आने वाले समय में इस सरकार को सबक सिखाने का मन बना चुकी है। जनता दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी के रूप में अपनी सरकार चुनेगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अमन गोयल, भोपाल कश्यप, मेहरचंद हरसाना, बलवंत सिंह, नीरज प्रेमी, रोशन झा, यशवंत मौर्य, गुड्डी, किरण, गीता, स्नेहा, चौधरी चंद्रपाल, महेशचंद वशिष्ठ, देवीप्रसाद पांडे आदि मौजूद थे।

# लेखिका एवं समाजसेवी स्वीटी तोमर ने मुख्यमंत्री को अपनी पुस्तक भेंट की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को चंडीगढ़ में जानी-मानी लेखिका तथा समाज सेविका स्वीटी तोमर ने अपनी पुस्तक संवेदना की पुकार भेंट की। तोमर के साथ उनके पति तथा जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर भी मौजूद रहे, जिन्होंने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की।



इस अवसर पर तोमर ने मुख्यमंत्री से पुस्तक के माध्यम से उठाये गये बालिका शिक्षा और बाल विवाह से संबंधित सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बल दिया कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है, चाहे उनका लिंग कुछ भी हो। यह समाज के भीतर समानता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर पुस्तक लिखने पर तोमर की पहल की सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि साहित्य, विशेष रूप से पुस्तक-पुस्तिकाएं समाज में बदलाव लाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। संवेदना की पुकार पुस्तक के माध्यम से तोमर ने शिक्षा प्राप्त करने में लड़कियों के सामने आने वाली सामाजिक चुनौतियों और बाल विवाह के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला है। एक समर्पित समाज सेविका के रूप में स्वीटी तोमर समय-समय पर समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए अपनी लेखनी के माध्यम से आवाज उठाती रहती है। संवेदना की पुकार उनके लेखन कार्य में एक महत्वपूर्ण योगदान है, जो पाठकों को इन गंभीर मुद्दों पर चिंतन करने और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करेगा।

# जीवा पब्लिक स्कूल के समर कैंप में छात्रों के कौशल को निखारा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेक्टर**-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में पिछले दो सप्ताह से समर कैंप का आयोजन किया गया। स्कूल में चल रहे इस कैंप में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया जाता है। विद्यालय में छात्रों को विशेष रूप से समय का सदुपयोग करना सिखाया जाता है और इसके लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें यह समर कैंप भी शामिल है। इसमें सभी आयुवर्ग के छात्रों का विशेष ध्यान रखा गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों की आंतरिक निपुणता को निखारना है। शिविर की गतिविधियों को मल्टीपल इंटेलिजेंस एवं मल्टीपल नेचर के आधार पर निर्धारित किया गया।

इस बार समर कैंप में छात्रों के लिए मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद क्रियाकलापों के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा पद्धति पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इस विषय को ध्यान में रखते हुए अलग अलग आयुवर्गों के आधार पर गतिविधियां करवाई गईं। छात्रों को चित्रकला, कंप्यूटर, कोडिंग, नृत्य, हस्तशिल्प, विज्ञान के विषय में अनेक महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी गई। इसके आलावा छात्रों ने स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भी काफी रूचि दिखाई। छात्रों ने जीवा के स्पोर्ट्स अकेडमी में भारी संख्या में भाग लिया और समय के सदुपयोग के साथ साथ अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया। इस कैंप में छात्रों के व्यक्तित्व को निखारने के लिए पर्सनेलिटी डेवलपमेंट, पब्लिक स्पिकिंग एवं लेंग्वेज डेवेलपमेंट, इंजीनियरिंग चैलेंज, क्रिएटिव राइटिंग इत्यादि का विशेष रूप से आयोजन किया गया। समर कैंप का समापन भी बहुत शिक्षाप्रद एवं प्रेरणा दायक रहा। कैंप में भाग लेने वाले सभी छात्रों को सर्टिफिकेट दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने सभी छात्रों एवं उनके इंचार्जों के कार्यों की प्रशंसा की।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**चलें जो सत्य के पथ पर बहुत अब कम ही दिखते हैं**
**लड़े जो सत्य के हक़ में वो भी बेदम ही दिखते हैं**
**वसन खादी के पहने छा गए हैं आज महिषासुर**
**जहाँ भी जाओ केवल झूठ के परचम ही दिखते हैं**

# निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर लोगों को पिलाया मीठा शरबत

## अनेक सामाजिक संस्थाओं के साथ पुलिसकर्मियों व युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निर्जला** एकादशी के पावन पर्व पर जिलेभर में लोगों ने छबील लगाकर ठंडा व मीठा जल के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन किया। साथ ही सेवा सुरक्षा व सहयोग करने में अव्वल रहने वाली फरीदाबाद पुलिस के कर्मियों ने भी कई थानों-चौकी व चैंकिंग प्वाइंटों पर जल वितरित किया।

इसी कड़ी में पुलिस चौकी पर्वतीया कॉलोनी के पुलिसकर्मियों ने छबील लगाकर आमजनों को ठंडा मीठा शरबत पिलाया। सुबह नौ बजे से शुरू हुई यह सेवा शाम तीन बजे तक जारी रही। इस मौके पर पर्वतीया कॉलोनी पुलिस चौकी के इंचार्ज मनोज कुमार, सब इंस्पेक्टर चतुर्भुज, हेड कांस्टेबल मीनू, सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार, एएसआई भारत भूषण, सिपाही नरेश, सिपाही कुलबीर सहित समस्त चौकी कर्मियों ने आरओ के पानी, दूध, चीनी व गुलाब शर्बत से शीतल पेयजल तैयार किया और आमजन को वितरित किया। छबील समाप्त होने के बाद सभी गिलासों को लेकर एक ईको ग्रीन के वाहन से डंपिंग प्वाइंट भिजवाया, ताकि स्वच्छता बरकरार रहे।





निर्जला एकादशी के पावन पर्व मीठा पानी बांटते पुलिस के जवान व श्रीखांडल विप्र सभा व मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य।

### श्रीखांडल विप्र सभा व मारवाड़ी युवा मंच ने बीके चौक पर छबील लगाई

**फरीदाबाद।** श्रीखांडल विप्र सभा एवं मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद द्वारा बीके चौक पर निर्जला एकादशी के उपलक्ष में मीठे पानी की छबील का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मधुसूदन माटोलिया एवं विमल खंडेलवाल ने बताया कि हिंदू धर्म में एकादशी का महत्वपूर्ण स्थान रहता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियां होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है, तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी कहते हैं। इस व्रत में पानी पीना वर्जित है, इसलिए इसे निर्जला एकादशी कहते है। आप ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की निर्जला नाम की एक ही एकादशी का व्रत करो और तुम्हें वर्ष की समस्त एकादशियों का फल प्राप्त होगा। नि:संदेह आप इस लोक में सुख, यश और प्रसिद्धि प्राप्त कर मोक्ष लाभ प्राप्त करोगे। इस अवसर पर अध्यक्ष हरिराम शर्मा, संयोजक मधुसूदन मटोलिया, विमल खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष कमल आगीवाल, पार्थ एवं समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

# निर्जला एकादशी पर्व पर नवदीप सेवा समिति ने छबील लगाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवदीप** सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा निर्जला एकादशी पर्व पर छबील लगाई गई। इस अवसर पर सुबह 11 बजे से तीन बजे तक हजारों लोगों को ठंडा व मीठा जल पिलाया गया।



नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा ने बताया कि उनके ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष निर्जला एकादशी पर्व पर छबील लगाता आ रहा है। इस वर्ष भी नेहरू ग्राउंड में यह छबील लगाई गई। इस मौके पर जल वितरित करने वालों में फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संदीप सेठी, जिला टैक्स बार एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रैसिडेंट दीपक छाबड़ा, जिला टैक्स बार के उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, एडवोकेट दीपक गेरा, प्रहलाद गुप्ता, हंसराज नागर, सीए तरूण गर्ग, सुनील कुशवाहा, प्रशांत मेहता, सरदार हरदयाल शामिल थे।

## गुमशुदा की तलाश



आप सभी को सूचित किया जाता है कि मुदई मुकदमा मंयक कालरा उपरोक्त ने अपनी माता राज कालरा के गुम होने पर थाना सै08 में मुकदमा दर्ज करवाया जो मुदई मंयक कालरा की माता राज कालरा दिनाक 29.05.23 को घर से बिना बताये घर से चली गई। किसी भी सज्जन को राज कालरा के बारे मे पता चले तो निचे दिये गये नम्बरो पर सूचित करे। हुलिया ऋषि रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट 3 इंच, वा उम्र 55 साल जिसने प्लेन गीया रंग का शूट वा सलवार पहने हुए हैं। वा चशमा लगाए हुए है वा पैरो मे काली चप्पल पहनी हुई हैं। मु0 न0- 416 दिनांक 30.05.23 धारा 346 IPC थाना सै08 फरीदाबाद।

**सम्पर्क नम्बर SHO थाना सै08 फरी0-9582200134, I/C पुलिस चौकी से08 9582200328, I/O पुलिस चौकी सं0- 8059129476**

# आज से स्कूलों में शुरू होंगे ग्रीष्मकालीन अवकाश, नहीं मिले टैबलेट

## बिना टैब के डेढ़ महीने से छात्र कर रहे पढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**राजकीय** स्कूलों में एक जून से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो जाएंगे। छुट्टी शुरू होने में अब मात्र एक दिन बचा है, लेकिन अभी तक राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को टैबलेट नहीं मिले हैं। एक अप्रैल से शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ था और अब गर्मियों की छुट्टियां पड़ने वाली हैं। बीते डेढ़ महीने से दसवीं के छात्र बिना टैब के पढ़ाई कर रहे हैं। अवसर पोर्टल पर सिम के लिए अब डिमांड डाली गई है। अभी तक विद्यार्थी टैबलेट का इस्तेमाल करना भी नहीं सीख सके हैं।

ऐसे में सभी राजकीय स्कूल के 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट बांटने, सिम एक्टिवेशन और टैब चलाने के लिए प्रशिक्षण देने का काम कैसे हो पाएगा। विभाग ने 26 मई तक स्कूलों से टैबलेट के लिए लिस्ट मांगी है। इसके बाद उन्हें बांटने और ट्रेनिंग के निर्देश दिए हैं, ताकि छुट्टियों में छात्र टैब का सही से इस्तेमाल कर सकें। जिले में 10वीं में करीब 20 हजार छात्रों के दाखिले हो चुके हैं।

### लिंक मॉड्यूल न होने से सिम नहीं हो पाए एक्टिवेट

**सूत्रों** की मानें तो टैबलेट के लिए विभाग के अवसर पोर्टल पर लिंक मॉड्यूल नहीं होने से दसवीं में दाखिला लेने वाले नए विद्यार्थियों के सिम एक्टिवेट ही नहीं हो सके। इससे उन्हें अभी तक टैब नहीं मिल सके हैं। पिछले वर्ष राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले 10वीं, 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को टैब दिए गए थे, जो विद्यार्थी 12वीं उत्तीर्ण कर गए, उनके टैब लेकर दसवीं में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को दिए जाने थे। इसमें जो सिम थे, वह नए छात्रों के पहचान पत्र के साथ एक्टिवेट किए जाने थे, इसे अंतिम रूप देने में करीब डेढ़ महीने का समय लग गया।

### बारहवीं के स्टूडेंट्स को दी जा रही ट्रेनिंग

**जिले** के मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित कर दिया गया है। अब स्कूल के शिक्षक और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। टैब मिलने के बाद दसवीं के विद्यार्थियों की ट्रेनिंग होगी।



"टैबलेट के लिए स्कूलों से डिमांड की गई है। टैबलेट में लगे सिम को जल्द एक्टिवेट कर दिया जाएगा।

**अशोक बघेल**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

# क्राइम ब्रांच ने चार हजार के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

## आरोपी पर राजस्थान में वर्ष 2014 में पुलिस पर जानलेवा हमले में घोषित था इनाम

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**क्राइम** ब्रांच पलवल ने पुलिस पर हमला करने के आरोपी चार हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय पलवल शाकिर हुसैन ने बताया कि सीआईए पलवल में तैनात उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान उटावड में मौजूद थे।

इसी दौरान उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि एक अपराधिक किस्म का व्यक्ति अवैध हथियार सहित उटावड चौक से थोड़ा आगे होडल की तरफ किसी के इंतजार में खड़ा है। सूचना होने पर मौके पर दबिश दी गई तो आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया। आरोपी की पहचान शाकिम उर्फ टिटुआ पुत्र हनीफ निवासी उटावड के रूप में हुई। आरोपी की गहन चेकिंग के दौरान एक अवैध हथियार देसी कट्टा बरामद हुआ, जिसके बारे में आरोपी कोई अपना लाइसेंस पेश न कर सका। जिस पर अवैध हथियार को कब्जे में लेकर उकेस खिलाफ थाना उटावड़ में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

आरोपी का जब अपराधिक रिकॉर्ड खंगाला गया तो उसके खिलाफ थाना नगर राजस्थान के वर्ष 2014 में आईपीसी के तहत पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला जैसी संगीन अपराध पाए गए। जिसे राजस्थान पुलिस द्वारा चार हजार का इनामी बदमाश घोषित किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में सूचना राजस्थान पुलिस को अलग से दी गई है। उससे अवैध हथियार के स्रोत के बारे मेंगहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया जाएगा।

# हथीन के मानपुर में युवक की पीट-पीट कर हत्या

## जेल से पैराल पर आए हत्यारोपी समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हथीन** के गांव मानपुर में एक युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीट कर निर्मम तरीके से हत्या कर दी। हत्या का कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही है। मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर तीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। नामजद आरोपी पहले भी हत्या कर चुका है और अब पैरोल पर जेल से आया हुआ था।

मुंडकटी थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार के अनुसार गांव मानपुर निवासी नरेश कुमार ने शिकायत दी है कि वह खेती बाड़ी करता है। वे तीन भाई हैं और उनके पिता की 22 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। सबसे छोटा भाई 29 वर्षीय इतवारी रावत भी खेतीबाड़ी का कार्य करता था। मंगलवार शाम को उसके भाई इतवारी को गांव का ही अमित उर्फ अंता घर से सामान लाने का बहाना बनाकर साथ ले गया था। इतवारी देर रात तक वापस घर नहीं लौटा। उन्होंने उसे तलाश करने का प्रयास किया, परंतु वह नहीं मिला। बुधवार सुबह करीब पांच बजे जब वह सैर के लिए जा रहा था। तभी घर के नजदीक रास्ते में बनी सीमेंट की कुर्सी पर इतवारी लेटा हुआ मिला। उसने देखा तो इतवारी के गले पर नीले निशान पड़े हुए थे और नाक व मुंह से खून निकल रहा था। सिर में भी चोट के निशान थे और उसकी मौत हो चुकी थी। अमित उर्फ अंता ने अपने साथी बेदन व जोगिंद्र उर्फ जग्गा के साथ मिलकर उसके भाई इतवारी की लाठी-डंडों से पीटकर व गला दबाकर हत्या कर दी।

# घर बुलाकर मारपीट कर कैश और मोबाइल छीनने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**एक** व्यक्ति को घर बुलाकर मारपीट करके कैश, मोबाइल फोन, एटीएम और क्रेडिट कार्ड लूट लिया। इसके बाद एटीएम कार्ड से 1.20 लाख रुपये निकाल लिए, जबकि क्रेडिट कार्ड से 45 हजार रुपये का सामान खरीद लिया। पीड़ित ने जब इसकी शिकायत कैंप थाना में की तो पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। मजबूरन अदालत का दरवाजा खटखटाया और कोर्ट के आदेश पर कैंप थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कैंप थाना प्रभारी उदयभान के अनुसार फूल विहार कॉलोनी निवासी संजय कुमार ने अदालत में दायर इस्तगासा में बताया कि उसे नौ मार्च को कॉलोनी निवासी राजेश, कलुआ उर्फ राजकुमार, हरकेश, काजल, अन्नू उर्फ अरुण और झानी ने उसे बहाने से अपने घर बुलाया। घर बुलाकर उसके साथ मारपीट करके उससे 7200 रुपए, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और क्रेडिट कार्ड लूट लिया। साथ ही इस बारे में कार्रवाई करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। संजय के अनुसार, आरोपियों ने जबरन पासवर्ड पूछकर एटीएम कार्ड से एक लाख 20 हजार रुपये निकाल लिए और क्रेडिट कार्ड से 45 हजार रुपये का सामान खरीद लिया। इसकी शिकायत कैंप थाना, पलवल और सीएम विंडो पर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद अदालत के आदेश पर कैंप थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पलवल में बीडीपीओ से हाथापाई कर धमकी दी

**पलवल।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आकर जबरन कार्य करवाने की कोशिश की गई। विरोध करने पर बीडीपीओ को धमकाते हुए हाथापाई की गई। सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। होडल थाना पुलिस ने बीडीपीओ की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

होडल थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेश कुमार ने लिखित शिकायत में बताया कि वे अपने कार्यालय में मौजूद थे। गौड़ोता गांव निवासी अजीत उर्फ बबली कार्यालय में आया और सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए गाली-गलौच करने लगा। उन्होंने जब उसे समझाने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी को बार-बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह जोर-जोर से गालियां देने लगा।

# वकीलों ने मनाया महारानी अहिल्याबाई होलकर का जन्मदिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

अधिवक्ता परिषद के प्रधान देवेंद्र खरब, संरक्षक गोपाल दत्त व महासचिव पुरुषोत्तम भारद्वाज, ऋषि पाल शर्मा एडवोकेट के सानिध्य में फरीदाबाद के अधिवक्ताओं ने महारानी अहिल्याबाई होलकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता रामशरण रौतेला व गंगाराम बघेल ने माता अहिल्याबाई के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये बताया कि उन्होंने सर्व समाज के कल्याण के लिये अन्नक्षेत्र, कुंआ, बाबड़ी व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करते हुए सफलतापूर्वक राज संचालन किया व सभी मातृशक्ति के लिये प्रेरणा बनीं। बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने सभी को शुभकामनाएं दीं व अपने समाज के सभी महापुरुषों के जन्मदिन मनाने के लिये उत्साहवर्धन किया। प्रधान देवेंद्र खरब ने सभी को कार्यक्रम में सहभागी होने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अन्य अधिवक्ताओं में राजेंद्र शर्मा, अमरदीप सिंह, आरपी वर्मा, हमबीर भड़ाना, दीपक नागर, महिला सह प्रमुख प्रियंका, कांता शर्मा, डोली शर्मा, शिखा मावई, अनिता डागर, महेश शर्मा, मदन मोहन मल्होत्रा, विनोद कुमार, युवा प्रमुख विक्रांत गौड़, आरके कालिया, धीरज सैनी, गंगाराम बघेल, नीतीश, सुरेंदर सिंह, राजेंद्र गौतम, राकेश, यतींद्र, कुलदीप जोशी, विजय पाल यादव, कमल दलाल, जयप्रकाश पांचाल, देवेंद्र शर्मा, योगेंद्र नैन, सूरज पंडित, मोहरपाल डागर, एमके अग्रवाल, यशपाल शर्मा, अभिषेक, होतीलाल डागर आदि अधिवक्ताओं ने जन्मदिन मनाया।



# तंबाकू दिवस पर एडवांस कॉलेज के छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, पलवल, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रोग्राम तथा जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रोग्राम के संयुक्त तत्वावधान में सिविल अस्पताल पलवल में विश्व तंबाकू दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टिट्यूटशंस के चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल तथा चेयरपर्सन डा. पूनम गोयल ने छात्रों द्वारा इंस्टिट्यूट से निकाली गई रैली को हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर प्रशासक डॉ. सुनील दलाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए खेल और व्यायाम के उपयोग, तंबाकू से होने वाली हानि एवं दुष्परिणामों के विषय में बताया। एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की प्राचार्य डॉ. अर्पणा राणा ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों को तंबाकू सेवन से बचने को निर्देशित किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा तंबाकू निषेध विषयक एक प्रभावशाली नाटक का अभिनय सिविल अस्पताल पलवल में किया गया। जिसमें कि सिविल सर्जन डॉक्टर लोकवीर सिंह, डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर अजय, डॉक्टर राहुल, साइकोलोजिस्ट मधु डागर द्वारा सराहा गया एवं छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किये। इस कार्यक्रम में एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ आरआर पांडेय, एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी की हैड ऑफ डिपार्टमेंट रुचिका कालरा एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# रेहड़ी लगाने वाले दंपति ने पुलिस को धमकाया, मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**रेहड़ी** हटाने के लिए कहने पर पति-पत्नी ने पुलिस वाले को धमकाया। गाली-गलौज करके सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। कैंप थाना पुलिस ने केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी।

कैंप थाना प्रभारी उदयभान के अनुसार, किठवाड़ी पुलिस चौकी में तैनात सब इंस्पेक्टर धर्मपाल ने शिकायत दी है। इसमें उन्होंने बताया है कि वह नेशनल हाईवे पर किठवाड़ी चौक पर तैनात थे। हाईवे पर अलीगढ़ रोड की तरफ काफी व्हीकल रुके हुए थे और जाम की स्थिति बनी हुई थी। उन्होंने देखा कि शराब ठेके के सामने एक व्यक्ति ने रेहड़ी लगाई हुई थी। धर्मपाल के अनुसार, उन्होंने जाम को देखते हुए जब रेहड़ी को साइड में करने के लिए कहा तो संचालक तैश में आ गया। उसने कहा कि रेहड़ी यहां से नहीं हटेगी, जो करना है कर ले और गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान फोन कर उसने अपने पत्नी को बुला लिया। उसकी पत्नी हाथ में डंडा लेकर आई और गंदी-गंदी गालियां देने लगी।

उसने कहा कि यहां से चले जाओ नहीं तो जान से मार दूंगी। महिला कहने लगी की वह अपने कपड़ों को फाड़ लेगी और तुम्हारी नौकरी को भी खा जाऊंगी, तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई रेहड़ी को हाथ लगाने की। इसके बाद वे अपनी टीम को लेकर वहां से चौकी पर चले गए। आरोपी कृष्णा कॉलोनी में रहने वाले कन्हैयालाल व उसकी पत्नी सावित्री हैं, जो कोसीकलां से हैं।

# परिवाद समिति की बैठक में छह शिकायतों का हुआ निपटारा

## पांच शिकायतें रखी गई पेंडिंग

## बैठक में रखी गई थीं कुल 11 शिकायतें

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद।



**फरीदाबाद** मंडलायुक्त विकास यादव की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रखी गई कुल 11 शिकायतों में से छह शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, वहीं पांच शिकायतें पेंडिंग रखी गई हैं। इनमें से दो शिकायतें पुरानी थीं और नौ शिकायतें नई थीं।

उन्होंने बताया कि जहां भी विकास कार्य चल रहे हैं और उनमें कोई कमी मिलती है तो विजिलेंस कमेटी के संज्ञान में लाए। विकास कार्यों से संबंधित कोई भी शिकायत हो तो विजिलेंस कमेटी को दो, ताकि ग्रीवेंस में आने वाली शिकायतों का निपटारा पहले ही किया जा सके। जो शिकायतें पेंडिंग में रखी गई हैं उनमें पहले शिकायत कर्ता योगेश शर्मा निवासी सेक्टर-62 बल्लभगढ़ की शिकायत है जो कि एनएचएआई और एचएसवीपी से संबंधित है।

दूसरी शिकायत पंकज निवासी मकान नंबर 752, जीवन नगर की शिकायत बैंक ऑफ बड़ौदा से संबंधित है। तीसरी शिकायत देशराज निवासी गांव बसंतपुर की है। वहीं चौथी शिकायत के शिकायतकर्ता समस्त ग्रामवासी सीही गांव से शिकायत है जो कि नगर निगम से सम्बंधित है। पांचवीं शिकायत विजय कुमार निवासी ई-1465, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद की है जोकि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) से संबंधित है। बैठक में डीसी विक्रम सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, एडीसी अपराजिता, डीसीपी पूजा वशिष्ठ, एसडीएम परमजीत चहल, एसडीएम त्रिलोक चंद, एसडीएम पंकज सेतिया सीटीएम अमित मान, अन्य अधिकारी तथा शिकायतकर्ता मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## स्कूल में मनोरंजन के साथ दी गई संसद भवन की जानकारी



**पलवल।** टीकरी ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में तीसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए ग्रीष्मावकाश से पहले कई मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें मूवी शो व पूल पार्टी प्रमुख रहे। पूल पार्टी के अंतर्गत पानी के कई खेलों जैसे पासिंग दा बॉल, अंडर वाटर मैसेज व डांस इन पूल का आयोजन किया गया। मनोरंजन के लिए तीसरी से पांचवीं व छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को अलग-अलग मूवी दिखाई गई, जिसमें बच्चों ने अपने मनपसंद खाने के साथ फिल्म का लुत्फ उठाया। इसके साथ-साथ नए संसद भवन से संबंधित जानकारी भी विडियो क्लिप के माध्यम से छात्रों को दी गई। नए संसद भवन का निर्माण कब से व क्यों किया गया, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई तथा इसके विभिन्न पहलुओं से बच्चों को अवगत कराया गया। यह सभी कार्य कोऑर्डिनेटर दीपशिखा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने बच्चों को कुछ महत्वपूर्ण बातें समझाईं कि वे गर्मियों की छुट्टियां किस प्रकार बिताएं व खेलों के साथ-साथ पढ़ाई पर भी पूरा ध्यान दें।

## निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर बांटा मीठा शरबत

**फरीदाबाद।** निर्जला एकादशी के पर्व पर मानव सेवा समिति ने अपने सेक्टर-10 स्थित कार्यालय मानव भवन पर छबील लगाकर आमजनों को ठंडा मीठा शरबत पिलाया। सुबह ल बजे से शुरू हुई यह सेवा शाम तक जारी रही। मानव परिवार के सदस्यों ने राहगीरों के साथ साथ थ्री व्हीलर, बस, स्कूटर रोककर उनमें बैठे लोगों को भी ठंडा मीठा शरबत पिलाया। इस कार्य में मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, प्रबंध समिति के सदस्य के राज राठी, सीमा मंगला, कमला वर्मा, ओपी परमार, सरिता गुप्ता, परमेश्वरी, रमा सरना, सुधा गर्ग, अशोक चौधरी, दिनेश शर्मा, गीता, कुसुम बंसल, गोविंद वर्मा, अमित ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, प्रेम पसरीजा मौजूद रहे।

## किशोरी के साथ अधेड़ ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**पलवल।** 14 साल की बच्ची से अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने दुष्कर्म किया और पुलिस को शिकायत करने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने किशोरी के पिता की शिकायत पर केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला थाना प्रभारी सुशीला के अनुसार एक व्यक्ति ने शिकायत दी है कि वह फरीदाबाद में मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का लालन-पालन करता है। वह और उसकी पत्नी दिन में काम पर चले गए तो घर पर उसकी 14 वर्षीय बेटी अकेली थी। वहीं पड़ोस में रहने वाला करीब 50 वर्षीय उमरी उर्फ शमसू घर आया। उसने बच्ची से पूछा कि तेरे माता-पिता कहां है तो उसने कहा कि मजदूरी पर गए हुए हैं। आरोपी ने बच्ची से गेट खोलने के लिए कहा तो उसने गेट नहीं खोला, लेकिन आरोपी ने बच्ची को पैसे देने के बहाने गेट खुलवा लिया। इसके बाद उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया तो वह बेहोश हो गई। दोपहर बाद जब वे घर आए तो बेटी ने आपबीती सुनाई। जब उन्होंने आरोपी का विरोध किया और मामले की शिकायत पुलिस को देने की बात की तो आरोपी तैश में आ गया। आरोपी अधेड़ व उसके बेटे उसके घर आ गए और देसी कट्टा उसके सिर पर लगाकर जान से मारने की धमकी दी।

## तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**फरीदाबाद।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल, फरीदाबाद ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक वॉकथॉन का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य धूम्रपान छोड़ने के लिए जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ धूम्रपान छोड़ो क्लीनिक लांच करना था, जो हर बुधवार को होगा। दोपहर दो से तीन बजे तक डॉ. रवि शेखर झा (निदेशक और एचओडी- पल्मोनोलॉजी विभाग) और डॉ. त्रिदीप चौधरी (एसोसिएट कंसल्टेंट- मेंटल हेल्थ एंड बिहेवियरल साइंसेज) द्वारा इसका आयोजन किया जाएगा। इस वॉकथॉन में 200+ लोगों ने भाग लिया। डॉ. बीडी पाठक, निदेशक और एचओडी-जनरल सर्जरी, डॉ. पंकज बत्रा, प्रधान सलाहकार-कार्डियोलॉजी, डॉ. सुरेंद्र कुमार, सलाहकार-ईएनटी, योगेंद्र नाथ अवधिया (सुविधा निदेशक- एफईएचएफ) और मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाई गई।

**HERERA/PKL/FBD/94/2019**

Applications are invited online from General Public for booking of Residential Flats in the "VASHISTH HEIGHTS" an Affordable Housing Project, proposed to be developed at Sector 87, Faridabad, by our Company, as per the terms and conditions of the policy prescribed by Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification No. PF-27/48921 dated 19.08.2013, amended upto date (details available at the website of the department i.e. tcpharyana.gov.in)

1. **PROJECT DETAILS:**
Project Approvals / Colonizer/Developer: M/s. **SRS Retreat Service Limited** Vide License No./Year: 146 of 2014 dated 01.09.2014 later on the license is transferred to M/s Hightech construction Co P Ltd on 23.01.2018 vide transfer order having Enst No. LC-2947-PA(SS)-2018/3114, further transferred to **M/s Vashisth Estates Limited** dated 12.08.2022 vide transfer order having Endst No. LC-2947-JE(SK)2022/23910, Building Plan Approved on **Dated: 12/09/2019 vide Memo No. ZP-1019/JD(RM)/2019/22629**
2. **LOCATION :** Sector-87, Faridabad
3. **PROVISIONS: Project Area: 5.00694 Acres**, comprising of a **Total 750 No. of Flats** out of which 5% flats are reserved for management quota and balance 95% flats are available for sale to the General Public
**Common Facilities:** One **Community, One Anganwadi-Cum-Creche.**
4. **RATE OF FLAT AVALIABLE FOR PUBLIC (INCLUSITE GST & OTHER CHARGES) AND AYMENT TERMS**

| Apartment Details (Offer for Public) | Carpet Area in Sq.Ft.(Approx.) | Balcony Area in Sq.Ft. (Approx.) | Total No. of Flats | Total Cost | Booking Amount (5%) | On Allotment (20%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Category 1(2BHK, Type -A) | 462.927 | 100 | 24 | 20,64,736/- | 1,03,237/- | 4,12,947/- |
| Category 2(2BHK, Type -B) | 482.345 | 97.457 | 21 | 21,44,539/- | 1,07,227/- | 4,28,908/- |
| Category 3(2BHK, Type -C) | 483.648 | 97.457 | 53 | 21,50,066/- | 1,07,503/- | 4,30,013/- |
| Category 4(2BHK, Type -D) | 466.199 | 100 | 44 | 20,78,616/- | 1,03,931/- | 4,15,723/- |
| Category 5(3BHK, Type -A) | 643.138 | 103.302 | 32 | 28,29,191/- | 1,41,460/- | 5,65,838/- |
| Category 6(3BHK,Type -A1) | 645.796 | 103.302 | 27 | 28,40,467/- | 1,42,023/- | 5,68,093/- |
| Category 7(3BHK, Type -B) | 644.58 | 123.592 | 28 | 28,35,308/- | 1,41,765/- | 5,67,062/- |

**5% Management Quota applicable** **GST @1% shall be charged extra on flat value**

Balance 75% of the cost of the flat shall be payable as per stages of construction to be prescribed in the Builder Buyer Agreement. No interest shall be payable before the due date of payment. Default, if any, in making payment of the due instalments will attract penal interest at the rate provided in Rule 15 of the Haryana Real Estate Regulatory Authority, Rules, 2017

**ELIGIBILITY** (i)The applicant should not be debarred from entering legally binding contract under any prevailing law. (ii)Any person can apply but person which includes his/her spouse or his/her dependent children, who do not own any Flat/Plot in any HUDA developed colony/sector or any licensed colony in any of the Urban Areas in the State of Haryana, UT of Chandigarh and NCT Delhi shall be given first preference in allotment of Flat (iii)An applicant can make only one application. The successful applicant under this policy shall not be eligible for allotment of any other flat under this policy, in any other colony. In case, he/she is successful in more than one colony, he/she will have choice of retain only one flat.

**Allotment Criteria:** (i)The allotment of flats shall be done through draw of lots in the presence of committee consisting of Deputy Commissioner or his representative (at least of the Cadre of Haryana Civil Services), Senior Town Planner, (circle office), DTP of the concerned district and the representative of coloniser concerned. (ii)After fixation of the date of draw of lots, an advertisement shall be issued by the Developer, informing the applicants about the details regarding date/time and venue of the draw of lots in the same newspapers in which the original advertisement was issued. (iii)For detailed criteria and time frame to be adopted for scrutiny and allotment, the applicants may also refer to the details in the Affordable Housing Policy, 2013 notified vide No. PF27/48921 dated 19.08.2013, amended upto date (available at the Department website i.e. tcpharyana.gov.in)

5. **BROAD SPECIFICATIONS OF THE FLAT:** Flooring: Rooms-Ceramic tiles/Vitrified/IPS Flooring, Kitchen- Ceramic tiles/Vitrified/IPS Flooring, Toilet-Ceramic tiles/Vitrified/IPS Flooring, Balcony- Ceramic tiles/Vitrified/IPS Flooring, Common Area- Tera -Cota Tiles/ Pavers/Stone/IPS Flooring/Vitrified and any other material as decided by the Developer, Door/Window Frame-MS Z section frame /Press Steel or any other frame as decided by the developer, Doors- Flush Door Painted with flat enamel Paint or as decided by the Developer, Wall Tiles-BathroomCeramic Tiles up to7 Feet height, Kitchen-Ceramic Tiles up to 2 Feet height above counter, Kitchen Counter Top-Stone/IPS, Wall Finish-Colour Wash/Dry Distemper, Plumbing Fitting-PPR Pipes/CPVC Pipes/UPVC Pipes or equivalent, Sanitary Fitting-Chinaware and CP Fittings, Electric Switches / Wiring-ISI Marked or equivalent, Structure-RCC frames Structure designed for SESMIC forces as per latest IS Code
6. **APPLICATIONS TIMELINES**
(I) Application form will be filled online by registering on the website https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home w.e.f 31.05.2023
(ii) Last Date of submission of the Application: 15.06.2023

**VASHISTH ESTATES LIMITED**
D-84, 2nd Floor, Phase -1, Okhla, New Delhi–110020 | Email Id:- info@vashisthheights.com | Mob. : 9354246138

# जागरुकता कार्यक्रम में दिलाई बेटी बचाने की शपथ

## कार्यक्रम में बीजेपी की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ मुख्यातिथि रही



गुरुग्राम के एक निजी स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यक्रम में बेटी बचाने की शपथ लेते प्रतिभागी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी ने अध्यक्षता की

**महिला** एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शीतला कॉलोनी में एक निजी स्कूल में महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बीजेपी की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ मुख्यातिथि रही।

कार्यक्रम में गार्गी कक्कड़ ने जिलावासियों से कन्या भ्रूण हत्या को रोकने व बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बेटी के नाम के गुब्बारे आसमान में उड़ाकर समाज को संदेश दिया गया कि बेटियां हर क्षेत्र में आसमान छू रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं व बेटियों से सम्बंधित चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान विभाग की सभी सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, स्कूल के बच्चे तथा एरिया की महिलाएं मौजूद रही।



गुरुग्राम विवि में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर शपथ लेते छात्र-छात्राएं।

# गुरुग्राम विवि के विद्यार्थियों ने ली तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में काजल रही अव्वल

बुधवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जीयू की एनएसएस इकाई और एंटी टोबैको सेल के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस मौके पर हमें भोजन चाहिए, तम्बाकू नहीं थीम पर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और शार्ट रील्स प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लेते हुए दिल को छू लेने वाले पोस्टर, स्लोगन और वीडियो के माध्यम से सभी को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में काजल ने पहला, दीपिका ने दूसरा एवं मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में साक्षी ने पहला, कोमल ने दूसरा एवं देव यादव ने तीसरा स्थान हासिल किया। शार्ट रील्स प्रतियोगिता में राज ने पहला, अंकित ने दूसरा एवं फैज अली खान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर उपस्थित माननीय अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण विभाग के डीन डॉ. कार्तिकेयन और तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान की एनएसएस अधिकारी डॉ. नीलम वशिष्ठ ने छात्र-छात्राओं को तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई।

# बोधराज सीकरी ने 192000 हनुमान चालीसा पाठ का आंकड़ा किया पार

## दो हजार से अधिक लोगों ने महान विभूति देवताजी महाराज को श्रद्धांजलि दी

### गजेंद्र गोसाईं ने बोधराज सीकरी की अगुवाई में हनुमान चालीसा का पाठ किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में बालाजी मंदिर शिवाजी नगर की संयोजिका देवताजी महाराज की श्रद्धांजलि सभा में भजन प्रस्तुत करते गायक।

**बालाजी** मंदिर शिवाजी नगर की संयोजिका हनुमानजी की अनन्य भक्त देवताजी महाराज की प्रार्थना सभा यहां ज्योति पार्क स्थित एक गार्डन में आयोजित की गई। इसमें दो हजार से अधिक लोगों ने सम्मिलित होकर महान विभूति को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के उपरांत सभी ने सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का तीन बार पाठ किया।

इस आयोजन में संत समाज की मंच पर उपस्थित रहा, जिनमें जाने-माने संत शिरोमणि डॉ. स्वामी विवेकानंद जी महाराज, परमाध्यक्ष भगवत धाम हरिद्वार, स्वामी रविन्द्रानन्दजी महाराज भगवत धाम हरिद्वार, स्वामी रूप नारायण दास चित्रकूट, विनोद वैद गोसाई गोपीनाथ मंदिर गुरुग्राम, श्रद्धेय पूनम माता जी मां वैष्णो दरबार गढ़ी हरसरू, डॉक्टर अलका शर्मा ज्योतिषाचार्य और वास्तुकार, हरिधाम मंदिर श्रीमेंहदीपुर बालाजी, रूद्रपुर के संस्थापक मनीषजी महाराज, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के संरक्षक कन्हैया लाल आर्य, केंद्रीय श्रीसनातन धर्म सभा के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर, देवराज आहूजा, बालकृष्ण खत्री आदि के साथ उपस्थित रहे। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने ऑडियो के माध्यम से अपने आशीर्वचन दिये। प्रार्थना सभा और श्रद्धांजलि सभा का संचालन बोधराज सीकरी ने किया। गजेंद्र गोसाई ने बोधराज सीकरी की अगुवाई में तीन बार संगीतमय ढंग से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस प्रकार मुहिम के तहत 192000 की संख्या पार हुई। बोधराज सीकरी ने कहा कि हनुमान चालीसा पाठ का पुण्य हम देवताजी को अर्पण करते हैं। गणमान्य व्यक्तियों में देवराज आहूजा, एचएस चावला, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, रमेश कुमार, अनिल कुमार, सुरेंद्र थरेजा, हरीश कुमार, दिलीप लूथरा, ओपी कालरा, किशोरी लाल डुडेजा, दया भान ग्रोवर, अशोक गेरा, राजकुमार कथूरिया, गिरिराज ढींगड़ा, अनिल मनचंदा, केसरदास ग्रोवर, श्याम ग्रोवर, राजेश गाबा, अंकित अलघ, सुभाष अदलखा, किशोरी लाल, नरेश चावला, किशन चावला, लक्ष्मण पाहूजा, जयदयाल कुमार, वासदेव ग्रोवर समेत अनेक लोग शामिल रहे।

# शहर की जलभराव की सबसे बड़ी समस्या से निपटेगी गठित कमेटी

### जलभराव की समस्या के समाधान को बनाई कमेटी में शामिल हैं संबंधित अधिकारी



सोहना एसडीएम प्रदीप सिंह।

**सोहना।** शहर में बरसात के मौसम में होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए कमेटी का गठन किया है। एसडीएम के नेतृत्व में गठित टीम में जनस्वास्थ्य व बीएंडआर विभाग के एसडीओ और नगर परिषद के एक्सईएन को शामिल किया है।

सोमवार को हुई बारिश के बाद शहर में हुआ जलभराव ने जहां जनजीवन को हिलाकर रख दिया। शहर की मुख्य सड़क से लेकर चौक चौराहे, नागरिक अस्पताल परिसर, अस्पताल मार्ग, अनाज मंडी परिसर, शहीद भगत सिंह चौक, पुरानी सब्जी मंडी, बस स्टैंड रोड, दमदमा चौक, राजकीय संस्कृत मॉडल स्कूल परिसर, नंगली मोड़, अग्रसैन चौक, पलवल व बालूदा मार्ग समेत अन्य स्थानों पर जलभराव की समस्या से परेशान शहरवासियों में हड़कंप मच गया था। जिसकी शिकायत भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव चुग ने एसडीएम प्रदीप मलिक को मंगलवार को की थी।

एसडीएम ने तुरंत प्रभाव से जलभराव से निपटने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक बुलाई। जिसमें नप एक्सईएन विक्की सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश, बीएण्डआर विभाग के एसडीओ अजीत सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। करीब 40 मिनट तक चली बैठक में शहर के अंदर होने वाले जलभराव की समस्या को समाप्त करने के लिए विचार किया गया। इस अवसर पर जलभराव कमेटी के नाम से संस्था बनाई गई। बैठक के बाद एसडीएम ने आश्वासन देते हुए बताया कि जल्द ही बरसाती पानी की निकासी कराई जाएगी। जिसके लिए बनाई गई कमेटी में उन अधिकारियों को शामिल किया है। जो इस समस्या से जुड़े हैं। आने वाले बरसाती मौसम में शहर में जलभराव नहीं होगा। बरसाती नालों की सफाई शुरू कर दी है। गंदे पानी के नालों को भी नियमानुसार समाधान होगा। नालों की सफाई का कार्य मंगलवार से शुरू कर दिया।

# जिला में सीएचसी, एफपीओ व युवाओं को दी जाएगी ड्रोन पाइलेट ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### विभागीय पोर्टल पर आवेदन करने की 13 जून अंतिम तिथि

**जिला** में कस्टम हायरिंग केन्द्र (सीएचसी), किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) के किसान सदस्यों तथा युवाओं को ड्रोन पाइलेट ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा 13 जून तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने वालों को जिला करनाल में बनाए गए प्रशिक्षण केंद्र में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक जिला गुरुग्राम के कस्टम हायरिंग केन्द्र (सीएचसी), किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) के किसान सदस्यों व युवाओं को ड्रोन पाइलेट ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) देने के लिए कुल 8 संख्या का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। ट्रेनिंग लेने के इच्छुक सीएचसी संचालक व व्यक्ति का दसवीं पास होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष की बीच होनी चाहिए। प्रशिक्षण का खर्च कृषि विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। इच्छुक कस्टम हायरिंग केन्द्र, एफपीओ के किसान सदस्य व 13 जून तक कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

डीसी ने बताया कि अंतिम तिथि के बाद 7 दिन के अंदर सहायक कृषि अभियंता व उप कृषि निदेशक द्वारा विभागीय दिशा-निर्देश व नियमानुसार मेरिट बनाई जाएगी। मेरिट में आने वाले पहले पहले 8 आवेदकों को ड्रोन पाइलेट ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्य दिवस को सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संपर्क करें।

# महिला पहलवानों के आंदोलन का एमएलसी कल्वा कुंतला कविता ने किया समर्थन

### निजामाबाद की पूर्व सांसद कविता ने ट्वीट में कहा, अब एक्शन ले केंद्र सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



यौन उत्पीड़न के आरोपी डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी का विरोध कर रही प्रदर्शनकारी महिला पहलवानों के समर्थन में एमएलसी, पूर्व सांसद एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी कल्वा कुंतला कविता आईं। उन्होंने कहा कि महिला पहलवानों ने बार-बार दुनिया भर में अपनी जीत के साथ हमारे देश को गौरवान्वित किया है और केंद्र सरकार का इस उभरते हुए मुद्दे पर चुप्पी, ये कोई प्रतिक्रिया नहीं हो सकती। उन्होंने सरकार से ऐसी कार्रवाई की मांग की जो देश-हित में हो और हमारे एथलीटों की गरिमा के अनुकूल हो।

उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा, यह हमारी महिला पहलवानों की मेहनत, लगन और देशभक्ति ही है। जिसने भारत की इस प्रतिभा को दुनिया को दिखाया। भारत सरकार को इन 5 दिनों में देश हित में जरूर सोचना चाहिए। पोक्सो जैसे गंभीर आरोप के बाद भी आरोपी सार्वजनिक रूप से बाहर है। पीड़ित को न्याय से वंचित नहीं किया जा सकता और इन स्वर्ण पदक से सम्मानित महिला खिलाड़ियों के साथ चल रही क्रूरता बिल्कुल निंदनीय है। सरकार को पता होना चाहिए कि पूरा देश जवाब चाहता है और दुनिया देख रही है। दिल्ली में महिला पहलवानों के विरोध के बीच पूर्व सांसद और तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी कल्वा कुंतला कविता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि पूरा देश जवाब चाहता है, जबकि दुनिया कार्रवाई देख रही है।

## विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटना व हार्ट अटैक का प्रशिक्षण

**मेवात।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल के निर्देशन तथा उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसाइटी नूह प्रशांत पंवार के कुशल मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस केंद्र नूंह जिले के 45 विद्यालयों के छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा मुहिम एवं फर्स्ट एड जागरूकता सेमिनारों का आयोजन किया जा रहा है।

संस्था के सचिव वाजिद अली ने बताया कि जागरूकता किसी भी हादसे को घटित होने से रोकती है। घटनास्थल पर मौके पर दी गई फर्स्ट एड किसी भी घायल की जिंदगी बचा सकता है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने बताया कि हम किसी पीड़ित की सहायता करें तो असीम खुशी मिलती है।

## आधार में 14 जून तक दस्तावेज ऑनलाइन फ्री अपडेट सेवाओं का उठाएं लाभ

### 10 वर्ष से पहले बने आधार में करवाएं दस्तावेज अपडेट

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



**जिला** के ऐसे नागरिक अपने आधार में दस्तावेज अपडेट करवाएं, जिनके आधार 10 वर्ष से अधिक समय पहले बने हुए हैं। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आधार अनिवार्य है। ऐसे में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए जल्द से जल्द अपने आधार में दस्तावेज अपडेट करवाएं।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार में आगामी 14 जून 2023 तक मुफ्त ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेशन की सुविधा मुहैया करवाई है। इस दौरान आधार में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन के लिए नागरिकों को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। ऐसे में नागरिक खुद भी आधार पोर्टल से अपने डॉक्यूमेंट अपडेट करवा सकते हैं।

# नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की जमानत याचिका खारिज

### अंजू देवी को अदालत ने अगली सुनवाई तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



नगर परिषद की चेयरपर्सन अंजू देवी।

**नगर** परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की राजस्थान स्थित राजगढ़ उपमंडलीय अदालत ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। राजगढ़ अदालत की सीजेएम चित्राक्षी सिंह ने अंजू देवी की जमानत याचिका पर सुनवाई की थी।

#### तीन दिन पहले हुई थी गिरफ्तारी

नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी को राजस्थान का जिला अलवर के अधीन आने वाला थाना टहला की पुलिस रविवार को सोहना के निकट बनी ग्लोबल हाइट सोसायटी में से गिरफ्तार करके ले गई थी। सूत्रों के अनुसार रविवार की देर रात ही टहला थाना पुलिस ने अदालत में पेश किया था। अदालत ने देर रात में ही अंजू देवी को जयपुर की जेल में भेज दिया था।

फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र के आरोप में संलिप्त नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की बुधवार को राजस्थान की राजगढ़ उपमंडलीय अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। अंजू देवी की जमानत के लिए मंगलवार को याचिका दायर की गई थी। जिस पर आज अदालत ने सुनवाई करते हुए स्वीकार करने से इंकार कर दिया। अंजू देवी को अदालत ने अगली सुनवाई तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

#### हरियाणा सरकार के आदेश का इंतजार

नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की याचिका रद्द हो जाने के बाद अब सभी की नजरें हरियाणा सरकार के नये आदेश आने के लिए नगर परिषद कार्यालय की तरफ टकटकी लगाए हुए हैं। हरियाणा सरकार अब अपना अगला कदम क्या उठाती है। सरकार अंजू देवी के प्रति कड़ा रुख अपनाएगी या फिर उसके सस्पेंड करने के आदेश जारी करेगी। यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# एसजीटी यूनिवर्सिटी का आईसीएआर के आईएआरआई इंस्टीट्यूट के साथ एमओयू साइन

### यूनिवर्सिटी आईएआरआई के साथ सीड प्रोडक्शन कर हरियाणा के किसानों को उपलब्ध कराएगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी का आईसीएआर के आईएआरआई इंस्टीट्यूट के साथ बीच एमओयू साइन के दौरान मौजूद अधिकारी।

**एसजीटी** यूनिवर्सिटी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईएआरआई) पूसा कैंपस नई दिल्ली के साथ सीड प्रोडक्शन के बारे में एमओयू साइन किया। जिसके चलते अब यूनिवर्सिटी आईएआरआई के साथ सीड प्रोडक्शन कर हरियाणा के किसानों को उपलब्ध कराएगी।

इस एमओयू साइन के बाद एसजीटी यूनिवर्सिटी भारत की पहली ऐसी प्राइवेट यूनिवर्सिटी बन गई है, जिसके साथ इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एमओयू साइन किया। इस साइनिंग सेरेमनी के दौरान इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अशोक कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ. विश्वनाथन चिन्नुसामी, बीज उत्पादन इकाई के प्रभारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह तथा एसजीटी यूनिवर्सिटी की ओर से प्रो-चांसलर प्रो. डॉ. राकेश कुमार शर्मा, फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डीन प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार व हॉर्टिकल्चर के हेड डॉ. विनोद कुमार असाटी मौजूद रहे।

डॉ. राकेश कुमार शर्मा का कहना है कि इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट एसजीटी यूनिवर्सिटी को न्यूक्लियस व ब्रीडर सीड उपलब्ध करवाएगा, जो गुरुग्राम के वातावरण में उग सके। जिसके बाद विश्वविद्यालय फाउंडेशन सीड बनाकर उसे किसानों और पूसा बीज विक्रय केंद्र को उपलब्ध कराएगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय हरियाणा सरकार से यह भी मांग करेगा कि एक बीज विक्रय केंद्र विश्वविद्यालय में खोलने की अनुमति प्रदान करें, ताकि किसान दिल्ली से बीज खरीदने की बजाय यूनिवर्सिटी से उचित दामों में बीज खरीद सकें।

डॉ. अशोक कुमार का एमओयू को लेकर कहना है कि बीज अच्छी क्वालिटी का है या नहीं, ये निर्धारित करना इंस्टीट्यूट का काम होगा। इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक समय-समय पर बीज उत्पादन का निरीक्षण करेंगे। विश्वविद्यालय के साथ संयुक्त रूप से किए गए समझौते के प्रोटोकॉल के अनुसार संस्थान गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन कार्यक्रम चलाएगा और सत्र की शुरुआत में उत्पादित होने वाली फसल, किस्मों और बीज के वर्गों के बारे में फैसला करेगा।

इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक समय समय पर एसजीटी विश्वविद्यालय का दौरा भी करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित रहे कि बीज उत्पादन की गुणवत्ता बनी रहे। इस एमओयू के बाद बीज उत्पादन में तेजी आएगी और इस क्षेत्र के किसानों को अब बीज खरीदने के लिए लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा।

## सोहना स्टेडियम कमेटी गठन कर जिम्मेदारियां बदलीं

**सोहना।** स्थानीय ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम कमेटी नए सिरे से गठन किया। कमेटी में अधिकारियों व गणमान्य लोगों को शामिल किया है। पहली बार स्टेडियम में होने वाले विकास कार्यों की देखरेख स्वयं कमेटी के अध्यक्ष एसडीएम ही करेंगे। स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम कमेटी का गठन करते हुए कुछ परिवर्तन किए गए हैं।

पहली बार स्टेडियम में होने वाले विकास कार्य से लेकर अन्य विकासशील कार्यों की देखरेख कमेटी में शामिल कार्यकर्ता ही देखरेख की जिम्मेदारी उठा रहे थे, लेकिन अब के बाद, जो भी विकास कार्य होगा। वह एसडीएम एवं खेल कमेटी के अध्यक्ष को सर्व सम्मति से सौंपी गई। कमेटी का अध्यक्ष एसडीएम गुरुग्राम दक्षिण होंगे। सचिव पद की जिम्मेदारी तहसीलदार सोहना को दी गई। इस कमेटी की सूची प्रशासन ने जारी कर दी है। आज गठित कमेटी की जानकारी उच्चाधिकारियों तक दे दी है। वर्ष 2019 में सम्पन्न विधान सभा चुनावों के बाद स्टेडियम कमेटी के गठन की चर्चाएं कस्बे में छिड़ गई थीं, किन्तु कमेटी का गठन नहीं हो सका था। लोग अपने-अपने नामों को कमेटी में शामिल कराने के लिए आकाओं के दरबार में चक्कर लगा रहे थे।

# प्रोमेथियस सेटअप 30 मिलियन केजी ई वेस्ट रीसाइक्लिंग प्लांट लॉन्च करने जा रहा है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रोमेथियस रीसाइक्लिंग, एक लीडिंग वातावरण सॉल्यूशन कंपनी है, यह अब भोपाल में अपना पहला ई वेस्ट रीसाइक्लिंग प्लांट लॉन्च करने जा रही है। यह इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट मैनेजमेंट की ओर लिया गया एक बेहतरीन कदम है। शुरुआत में इनका लक्ष्य 30,000 मैट्रिक टन ई वेस्ट को एक साल में रिसाइकल करना है।

ऐसा करके यह मध्य प्रदेश की लीडिंग रीसाइक्लिंग कंपनी बन जायेगी जो सस्टेनेबल डेवलपमेंट के प्रति काम कर रही है। भोपाल में लगने वाले नए प्लांट में ग्वालियर प्लांट वाली क्षमता तो होगी ही साथ ही 45 मिलियन किलोग्राम को रिसाइकल करने की क्षमता भी होगी। ई वेस्ट में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जोकि प्रयोग में नहीं लिए जाते और जिन्हें फेंक दिया जाता है, शामिल है। यह वातावरण के लिए काफी बड़ा खतरा है। हालांकि प्रोमेथियस के प्लांट ने इनके कारण वातावरण को होने वाले नुकसान को कम करने की पहल की है। इसकी वजह से कुछ कीमती स्रोतों का दुबारा से प्रयोग किया जा सकेगा। इस नए प्लांट में नई मशीनरी का प्रयोग किया जायेगा और वातावरण से जुड़े सख्त कदम भी उठाए जायेंगे।

इस प्लांट के उद्घाटन ने इंडस्ट्री के बड़े बड़े लीडर्स जैसे यशराज भारद्वाज, जोकि पैटोनिक इन्फोटेक के फाउंडर हैं, में एक अलग ही उत्साह भर दिया है। श्री भारद्वाज जोकि प्रोमेथियस के पीआर असोसिएट हैं, का मानना है की यह पहल हमें एक सस्टेनेबल भविष्य की ओर ले जा रही है। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट मैनेजमेंट को इतनी प्राथमिकता दी जा रही है। 30,000 मैट्रिक टन की रीसाइक्लिंग कैपेसिटी के साथ यह कंपनी वातावरण को होने वाले कई नुकसानों को काफी हद तक कम कर सकती है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचेगा।

वातावरण को सुरक्षित रखने के लिए और प्राकृतिक संसाधनों को बचा कर रखने के लिए, ई वेस्ट मैनेजमेंट काफी जरूरी है। कंपनी ने काफी सारे शेयर होल्डर, कस्टमर्स, बिजनेस, सरकारी उद्योगों के साथ हाथ मिलाया है ताकि ई वेस्ट को डिस्पोज करने हेतु जागरूकता फैलाई जा सके और लोगों को ज्यादा से ज्यादा जिम्मेदार बनाया जा सके। इस नए प्लांट के लॉन्च के साथ कंपनी ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रोमेथियस अपनी रीसाइक्लिंग कैपेसिटी को लगातार बढ़ाते रहने के प्रयास में जुटी हुई है और साथ ही इनोवेशन के मामले में भी नए कदम उठा रही है। इससे पृथ्वी और प्रकृति को काफी लाभ पहुंचेगा।

प्रोमेथियस रीसाइक्लिंग एक जानी मानी एनवायरनमेंटल सॉल्यूशन कंपनी है जो इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट की समस्याओं के समाधान में जुटी हुई है। इसके सस्टेनेबल प्रयासों और रीसाइक्लिंग की तकनीकों के माध्यम से यह ई वेस्ट के कारण होने वाले वातावरण के नुकसान को कम करने की कोशिश करती है।

# जौरासी के विनय धारीवाल ने नेशनल हॉकी में जीता कांस्य पदक

## हरियाणा ने एमपी हॉकी टीम को हराकर कांस्य पदक हथियाया

### पदक जीतते ही विनय के घर बधाई देने वालों का तांता लगा

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू



**तावडू** में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है तो सिर्फ ऐसे लोगों को निखारने की। मुक्केबाजी कोच अजय जौरासी, ने बताया की हाल में हाल में संपन्न हुई सब जूनियर हॉकी नेशनल, ओडिसा के रोरकेला में 18 मई से 28 मई तक आयोजित की गई। जिसमें विनय ने हरियाणा की टीम प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीता कांस्य पदक के लिए हरियाणा ने एमपी हॉकी टीम को हराकर कांस्य पदक जीता, जैसे ही गांव में पता चला विनय ने हरियाणा की टीम से खेलते हुए मेडल जीता है। तभी विनय के घर गांव वाले खेल प्रेमी बधाई देने घर पहुंच गए और बधाई दी। विनय धारीवाल एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार से संबंध रखता है, इसका सारा श्रेय अपने पिता धर्मेंद्र धारीवाल माता अनीता और अपने कोच को दिया। मुक्केबाजी कोच अजय जौरासी को दिया एवम् अपने साथियों को दिया, विनय ने बताया की इसके मैंने कड़ी मेहनत की थी। कैंप में, में पहले भी नेशनल पर पदक जीत चुका हूं। अगली पदक का रंग जरूर बदलूंगा, यह के खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए दूसरे शहर जाना पड़ता है।

### तावडू में कोच की नियुक्ति की जाए

**कोच** न होने कारण मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि मेवात में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उसके तावडू में जल्द से जल्द कोच की नियुक्ति की जाए ताकि तावडू के ग्रामीण खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आ सके।

## जिला में जल्द शुरू होगा हरियाणा उदय कार्यक्रम : डीसी

**मेवात।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में लोगों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने व लोगों तक प्रशासन की सीधी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हरियाणा उदय नाम से महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का शुभारंभ पूरे प्रदेश में किया जा रहा है।

जिला में भी जल्द ही हरियाणा उदय नाम से इस सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। इसके तहत सामाजिक लक्ष्य की प्राप्ति तथा लोगों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 98 लोगों ने स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया



**नूह।** निर्जला एकादशी, माता अहिल्याबाई जयंती पर और तम्बाकू प्रतिबंध के उपलक्ष में डा गोविंद बागडी ने रोजका मेव शर्मा हास्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में शुगर जांच, छाती परीक्षण, महिला जांच व परीक्षण चिकित्सक बीपी तथा वरिष्ठ विशेषज्ञ डाक्टर्स टीम उपलब्ध थीं। ये सभी सुविधाएं निःशुल्क दी गईं। तम्बाकू दिवस पर डा गोविंद शरण ने बताया कि धूम्रपान व तम्बाकू सेवन से शरीर पर गम्भीर जानलेवा प्रभाव पड़ते हैं। इसलिए हमें तम्बाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। समाजसेवी कार्तिक बागड़ी ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए लोगों को जागरूक किया। शिविर में गोविंद शरण डा. विजय शर्मा, डॉ रासिका, डा. तालिष्का, अतिरिका बबली, लक्ष्य, सतवीर, जुनेद, रिहान, साहून स्वर्ट सभी ने 98 लोगों को स्वास्थ्य जांच, निरीक्षण व सेवाएं प्रदान की।

### निर्जला एकादशी पर कई जगह लगाई मीठे जल की छबील



मीठे पानी का वितरण करते धर्मप्रेमीगण।

**फिरोजपुर झिरका।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष में शहर में जगह-जगह चौक चौराहों पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें शहर के मौजिज लोग एवं राहगीरों को मीठा पानी पिलाकर धर्म लाभ कमाया। आपको बताते चलें निर्जला एकादशी का संबंध भगवान श्रीहरि विष्णु से संबंधित है। इस दिन धर्म प्रेमी महिलाएं एवं पुरुष बिना किसी अन्न व जल के व्रत धारण किया। भगवान श्रीकृष्ण से सुख समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। महिलाओं ने व्रत रखे और धर्म प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर दान पुण्य किया। महिलाओं का कहना है ज्येष्ठ महीने की एकादशी होने की वजह से छाता, शीतल पेय पदार्थ, पंखे आदि दान स्वरूप देकर धर्म लाभ उठाया। इस अवसर पर श्रीश्याम परिवार महासंघ ब्रज मेवात राठ एवं श्रीश्याम सखा मंडल की टीम ने लाल कुंआ चौक पर शरबत से निर्मित मीठे पानी की छबील लगाकर शहर के लोगों में जल वितरित किया गया। इसके उपरांत गढ़ अंदर सीताराम मंदिर में शाम 7.00 बजे से लेकर मध्य रात्रि 12.00 बजे तक बाबा खाटू श्याम का ताली कीर्तन बड़े धूमधाम के साथ किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में शहर के धर्म प्रेमियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बाबा श्याम के सुर मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूमते गाते नजर आए। इस मौके पर श्रीश्याम परिवार महासंघ के अध्यक्ष मनोज तायल एवं उपाध्यक्ष मूलचंद चावला, श्रीश्याम सखा मंडल के प्रधान दीपक गोयल मोनू, पदम चंद जैन, हर्षित सोनी, लोकेश गोयल, महेश गर्ग, हेमचंद गुप्ता, हर्ष चावला, रोहित गुप्ता, प्रिंस गर्ग, दीपक भरेजा, कमल परेवा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### शिक्षक के सामने ही कक्षा में घुसकर छात्र के साथ की मारपीट



**तावडू।** उपमंडल के गांव हसनपुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक बारहवीं के छात्र द्वारा साथी छात्र के साथ क्लास टीचर के सामने ही मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मारपीट से गंभीर रूप से घायल हुए छात्र को नूह नलहड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घायल छात्र के सहपाठी बेरी निवासी जीसान व परिजन तस्लीम, नफीस, जब्बार से मिली जानकारी के मुताबिक कैफ पुत्र बशीर अपनी कक्षा में बैठा हुआ था। तभी दूसरे सेक्सन के हसनपुर निवासी विद्यार्थी रितिक ने क्लास टीचर की मौजूदगी में ही कक्षा में जबरन घुसकर कैफ के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब तक क्लास टीचर कुछ समझ पाता तब तक मारपीट से कैफ गंभीर रूप से घायल हो गया। कैफ के मुंह से खून निकलने लगा तो स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। छात्र के परिजनों को सूचित कर शिक्षक कैफ को तावडू सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे नूह नलहड़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों की ओर से अभी तक पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है। जानकारी के मुताबिक आरोपी छात्र पहले कई बार फेल हो चुका है। जो हसनपुर गांव में स्कूल होने के चलते दबंगई करता है।

### नई पेयजल लाइन बोरवेल से जोड़ने की मांग

**तावडू।** उपमंडल के गांव मोहम्मदपुर अहिर से वार्ड नंबर सात से महिला ब्लाक समिति सदस्य मंजू देवी ने जन स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर गांव में डाली गई-नई पेयजल लाइन को बोरवेल जोड़ने की मांग की। मंजू ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव के एक हिस्से में डाली गई नई पेयजल लाइन को बोरवेल की पाइप लाइन से नहीं जोड़ा गया। जिसके कारण गांव के एक हिस्से में पेयजल समस्या बनी है। लाइन नहीं जोड़ने के कारण कई बड़ी संख्या में लोगों को दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है। ब्लॉक समिति सदस्य महिला मंजू का कहना है कि गर्मी के मौसम में वैसे ही पानी की कमी है, साथ ही विभाग की लापरवाही के चलते लोग परेशान हैं। उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियंत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द नई पेयजल लाइन को जोड़ने की मांग की है, ताकि लोगों की पानी की समस्या दूर हो सके।

क्लासीफाइड पायनियर

नाम परिवर्तन

मैं, रीना रानी पत्नी नरेन्द्र चौहान निवासी वीपीओ अमीन, तहसील थानेसर, जिला कुरूक्षेत्र अपना नाम रीना चौहान से बदलकर रीना रानी रखती हूं। भविष्य में मुझे रीना रानी के नाम से जाना जाए।

बेदखली सूचना

मैं जमालूदीन पुत्र श्री रहमत अली निवासी कलामपुरा जिला करनाल ने अपने पुत्र फारुख मोहम्मद और पुत्रवधू नसीमा को चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अपने लेनदेन, झगड़े के लिए वे दोनों खुद जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

हम मोहन लाल पुत्र श्री घनश्याम व दीपक देवी पत्नी श्री मोहन लाल निवासीगण गांव मीसा तहसील व जिला पलवल ने अपने पुत्र विनीत को चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। अपने लेनदेन, झगड़े के लिए वह खुद जिम्मेदार होगा, हमारी जिम्मेदारी नहीं होगी।

# प्रदेश चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने किया जिला नूह का दौरा

## जिला में पंच सरपंच के खाली पदों पर जल्द ही करवाए जाएंगे चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात



उपचुनाव तथा नगरपालिका तावडू में होने वाले नगरपालिका चुनाव को लेकर अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश देते प्रदेश चुनाव आयुक्त धनपत सिंह।

**हरियाणा** में पंच-सरपंच, नगरपालिका इत्यादि के चुनाव कराने के लिए राज्य चुनाव आयुक्त पूरी तरह से गंभीर है। राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह प्रदेश के सभी जिलों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लेने के साथ - साथ अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। जिला में पंच व सरपंच के रिक्त पदों पर उपचुनाव तथा नगरपालिका तावडू का कार्यकाल पूरा होने पर जल्दी ही यहां चुनाव कराए जाएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है और ईवीएम मशीनें इत्यादि सुविधाएं देने के लिए राज्य चुनाव आयोग पूरी तरह से गंभीर है। उन्होंने कहा कि गांवों में पंच व सरपंच के उपचुनाव होने हैं। वह पूरी तैयारी कर लें, इसके अलावा जिले के नगर पालिका तावडू का कार्यकाल पूरा हो चुका है। अब वहां भी चेयरमैन व पार्षदों के चुनाव कराए जाएंगे। राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि अक्टूबर-नवंबर माह में पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव कराए गए थे। उन्होंने कहा कि पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद के चुनाव हुए थे। उनमें कुछ वैकेंसी रह गई थी। चुनाव को लगभग 6 महीने का समय हो चुका है, जो वैकेंसी खाली थी। उनको भरने के लिए चुनाव कराए जाएंगे। इसलिए जिलावार बैठक की जा रही है। नूह में डीसी-एसपी के साथ मुलाकात होने के साथ-साथ अधिकारियों के साथ बैठक हुई है। एक सरपंच व 140 पंचों के खाली पदों के उपचुनाव होंगे, जो कुछ खामियों की वजह से पद खाली रह गए थे।

इसके अलावा लहरवाड़ी गांव की सरपंच के शैक्षणिक दस्तावेजों में कमी पाई थी, जिन्हें पदमुक्त कर दिया गया था, वहां पर भी सरपंच का चुनाव कराया जाएगा। राज्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के अलावा नगर पालिका तावडू का चुनाव होना है। उसका कार्यकाल पूरा हो चुका है। उसको लेकर यह बैठक की गई है। जिला प्रशासन की तैयारी पूरी है। राज्य चुनाव आयोग की तरफ से भी ईवीएम, बैलेट पेपर इत्यादि सभी सुविधाएं दी जाएंगी। पंचों के चुनाव बैलेट पेपर से होंगे तथा सरपंच, नगरपालिका पार्षद इत्यादि के चुनाव ईवीएम मशीन के द्वारा पहले की तरह ही कराए जाएंगे।

## झरना की साफ-सफाई में महिला और बच्चों ने दिखाई रुचि



स्लोगन के साथ छायांकन कराते महिला, पुरुष एवं बच्चे।

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका

**महीने** की अंतिम इकत्तीस तारीख की छुट्टी पर अल सुबह सात बजे स्वच्छ झिर गंगा अभियान की टीम अरावली पर्वत की वादियों में बहने वाले कल-कल झरनों की साफ-सफाई करते हुए नजर आए। वहीं स्वच्छ झिर गंगा टीम के लोग फावड़ा, संबल की मदद लेकर हाथों से बड़े-बड़े पत्थरों एवं झाड़ियों को हटाकर रुके हुए झरनों के पानी की निकासी की गई।

इस अवसर पर महिला आत्मनिर्भर समिति एवं पूर्व सरपंच अंजू बाला भादस इस विशेष मुहिम का हिस्सा बनी। जिसमें महिलाएं एवं बच्चों ने भी झरनों के आस-पास पड़ी सूखी झाड़ियों एवं मोटे-मोटे पत्थरों को हटाकर झरनों को दोबारा सुचारू रूप से चलाने का कार्य किया। इसके उपरांत महिलाएं एवं छोटे बच्चों ने अपने हाथों में स्लोगन व तख्तियों को हाथों में लेकर झील परिसर को साफ-सुथरा रखने, पेड़ों को नष्ट ना करने, झरनों के एकत्रित पानी में कूड़ा करकट एवं पत्थर तथा पूजन सामग्री, देवी-देवताओं से संबंधित तस्वीर, मूर्तियां ना डालने के साथ-साथ झिर परिसर पर बैठकर शराब आदि ना पीने की अपील की। उन्होंने झिर परिसर में लगे हरे पेड़ों को ना काटने के लिए भी लोगों से अपील की। प्रकृति को बचाने के लिए हर संभव प्रयासरत रहने का संकल्प लिया। समाजसेवी रमेश कामरा एवं धर्म प्रेमी प्रेम योगी ने जानकारी देते हुए बताया कि महीने के अंतिम तारीख की छुट्टी पर इसी तरह झिर परिसर को साफ सुथरा रखने के लिए स्वच्छ झिर गंगा आभियान की टीम तैनात रहेंगी। जल्दी ही आगामी सावन के दिनों में दो सौ से अधिक पेड़ पौधे झिर परिसर में लगाकर उसे हरा भरा रखने के लिए प्रयास किया जाएगा। लोगों को झिर परिसर पर हरियाली बनाए रखने एवं प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## दुर्गा देवी मंदिर से तिजारा टी प्वॉइंट तक बनेगा आरएमसी रोड



तिजारा मार्ग जर्जर हाल रोड को बनाने के लिए सड़क की नपाई करते कर्मचारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका

**शहर** के दुर्गा देवी मंदिर से तिजारा टी प्वॉइंट तक जर्जर हाल सड़क से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका द्वारा स्टीमेट बनाने की तैयारी की जा रही है। लगभग 13 सौ मीटर लंबे इस मार्ग को आरएमसी से बनाया जाएगा। इसमें अनुमानित लागत लगभग एक रुपये के लगभग आएगी। यह जानकारी नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन ने दी।

मनीष जैन ने बताया कि शहर के लोगों की लंबे समय से आ रही मांग को देखते हुए और आगामी सावन के मेले के मद्देनजर जर्जर हाल सड़क से निजात दिलाने के लिए शहर के बीच दुर्गा देवी मंदिर से तिजारा टी प्वॉइंट तक आरएमसी रोड को बनाने का कार्य नगर पालिका द्वारा किया जाएगा। जिसको लेकर नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता द्वारा स्टीमेट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर के ऐतिहासिक शिव मंदिर, शिवगंगा मुक्तिधाम, तिजारा जैन मंदिर आने जाने के लिए इस मार्ग से होकर लोगों को गुजरना पड़ता है। नपा चेयरमैन ने बताया कि शहर के विकास कार्यों को लेकर सभी पार्षदों की सहमति से कार्य किए जा रहे हैं। उच्च अधिकारियों से विकास कार्य को कराने की अनुमति मिल गई। जल्द ही हर वार्ड में विकास कार्यों को लेकर टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। जिनको लेकर कार्य अंतिम चरण पर चल रहा है।

## आप कार्यकर्ताओं की बैठक 3 जून को : चंदेनी

**नूह।** हरियाणा आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट फखरुद्दीन चंदेनी नूह विधानसभा से आगामी चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ तीन जून को अपने कार्यालय नूह में मीटिंग करेंगे। दिल्ली पंजाब के सरकार की कार्यशैली को देखते हुए हरियाणा के लोगों ने आम आदमी पार्टी की ओर अपना लगातार रुख बना लिया।

आपको बता दें कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी लगातार बढ़ोतरी कर रही है। हरियाणा के सबसे पिछड़ा एकमात्र जिला मेवात में भी आम आदमी पार्टी का काफी असर दिखाई दे रहा है। बता दें नूह विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान में विधायक पूर्व विधायक सहित और नेता चुनाव के मैदान में खड़े हैं, लेकिन आपको हकीकत बता दी जाती है कि एडवोकेट फखरुद्दीन अहमद चलेंगे। जब से विधानसभा क्षेत्र में ऐलान किया है उनका मुकाबला सीधा-सीधा विधायक व पूर्व विधायक से दिखाई दे रहा है। नूह विधानसभा से आम आदमी पार्टी के टिकट पर अपने जोरशोर से तैयारियां कर रहे हैं। नूह विधानसभा के दिग्गज नेता एडवोकेट फखरुद्दीन चंदेनी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पूर्व में सभी विधायकों ने हलके का कोई विकास नहीं कराया।

# बैंक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए अपनी सेवाएं : नवीन गोयल

## स्वरोजगार के लिए युवाओं को दें आर्थिक सहयोग

### पीएम ने देश के हर नागरिक को बैंकिंग सेवा से जोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में न्यू रेलवे रोड पर इंडसइंड बैंक शाखा के शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों व स्टाफ के साथ नवीन गोयल।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बुधवार को यहां न्यू रेलवे रोड पर इंडसइंड बैंक की नई शाखा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी, स्टाफ व उनके साथ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवीन गोयल ने अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। अच्छे व्यापार के लिए बेहतर बैंकिंग सेवाएं बेहद जरूरी हैं। चाहे कोई फैक्ट्री लगानी हो या कोई और रोजगार शुरू करना हो। लोग लोन के लिए बैंक के दरवाजे पर सबसे पहले आते हैं। बैंकों पर जनता का विश्वास टिका होता है। वर्ष 2014 के बाद से बैंकिंग सेक्टर में क्रांति आई है। बैंकिंग सेवाओं को मजबूती मिली है। नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन-धन खातों के माध्यम से देश के अंतिम व्यक्ति को भी बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2014 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत की घोषणा की थी। यह योजना सम्पूर्ण भारत में भारतीय नागरिकों के बैंक खाते से जुड़ी योजना थी। इस योजना को गिनीज वर्ल्ड रिकाॅर्ड्स के अंतर्गत एक सप्ताह में सबसे अधिक बैंक खाते खुलने के लिए सर्टिफिकेट दिया गया। इस योजना के शुरूआती हफ्ते में ही 18,096,130 खाते खोले गए थे। उन्होंने बताया कि भारत में ज्यादातर लोग बिना किसी प्रकार के स्वास्थ्य, दुर्घटना या जीवन बीमा के रह रहे थे। इस योजना के तहत तीन प्रकार की बीमा स्कीम प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की शुरुआत की। बैंक के ब्रांच मैनेजर अभिषेक त्रिपाठी व बैंक के अन्य कर्मचारियों ने अच्छी सेवा का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर गजेंद्र गुप्ता, पुरुषोत्तम अग्रवाल, बैंक के मार्केट हेड हेमंत पारीख, रीजनल हेड आलोक कुमार वशिष्ठ, एडमिन संजीव भटनागर, भावना काकरान, अनुभा त्रिपाठी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# मामूली बरसात में सड़क बनी तालाब, जाम जैसा रहता है नजारा

## दो पहिया वाहन चालक सड़क के इन गड्ढों में गिरकर हो रहे हैं चोटिल

### जिले के अधिकारी और नेता निकलते रहते हैं इस गड्ढेयुक्त रास्ते से

**रिजवान कासिम।** मेवात



**राष्ट्रीय** राजमार्ग गुरुग्राम अलवर के हालत बेहद खस्ता हैं। सड़क में गहरे गड्ढे हो चुके हैं। सड़क के इन गहरे गड्ढों में मामूली सी बरसात होने पर तालाब की तरह पानी भर जाता है। जिले के मालब गांव में तो राहगीरों को निकलना तक दूभर हो रहा है। दो पहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

सबसे खास बात यह है कि बड़े वाहन चालक भी इस सड़क पर वाहन चलाने से कतराते हैं। गड्ढों को बचाने के लिए रांग साइड गाड़ी चलाने की वजह से अक्सर जाम लग जाता है। यह हालत पिछले करीब एक वर्ष से भी अधिक समय से मालब गांव के रास्ते की है। मालब गांव बड़ा गांव है। गांव की नालियों के पानी की निकासी नहीं होने के कारण सड़क पर पानी भर जाता है। जिससे मार्ग की हालत बद से बदतर हो चुकी है।

खास बात यह है कि जिले के तमाम आला अधिकारी और सूबे के कई सफेदपोश राजनेता इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन इसे दुरुस्त कराने का ख्याल किसी का नहीं है। इलाके के लोग इस मार्ग को खूनी मार्ग का नाम दे चुके हैं। आए दिन सड़क हादसा होना इस मार्ग पर आम बात हो चली है।

लगातार हो रहे हादसों की वजह से सड़क रोजाना लाल हो रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए की हालत शायद देश के सबसे खस्ता मार्गों में से एक है। जिले का यह सबसे व्यस्त मार्ग है, जो राजस्थान व हरियाणा राज्य को आपस में जोड़ता है। भले ही केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी के काम की सराहना हो रही हो, लेकिन हरियाणा के नूह जिले के इस मार्ग के निर्माण में लगातार देरी हो रही है। इलाके के लोग लंबे समय से इस मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार इसमें लगातार देरी कर रही है। आगे बरसात का सीजन आने वाला है। मामूली सी बरसात में जब सड़क की सूरत यह है तो बरसात के सीजन में इस मार्ग से निकलना दूभर हो जाएगा। समय रहते अगर सड़क के गड्ढों को नहीं भरा गया तो राहगीरों के साथ-साथ मालब गांव के लोगों को भी वाहनों के जाम से खासी दिक्कत होने वाली है।

### कई बार की मांग के बावजूद नहीं बना फोरलेन

प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री दुष्यंत चौटाला से भी लोगों ने एक बार नहीं बल्कि बार-बार इस मार्ग को फोरलेन बनाने की मांग की है लेकिन यह मार्ग फोरलेन कब बनेगा, इसका जवाब शायद किसी के पास नहीं है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# असंगतता अनुचित

## न्यायसंगत कदम उठाना जरूरी

**इसने** कई सरकार और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों को परेशान किया होगा कि नए संसद भवन के उद्घाटन की धूमधाम और उत्साह इस खबर के साथ था कि दिल्ली के जंतर मंतर पर दिल्ली पुलिस द्वारा पहलवानों के साथ मारपीट की गई थी। वे रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध कर रहे हैं, जो एक भाजपा नेता और सांसद भी हैं। दिल्ली पुलिस ने अपनी कार्रवाई को जायज ठहराया है। जंतर-मंतर के अधिसूचित स्थान पर कुश्ती पहलवानों का धरना व प्रदर्शन सुचारू रूप से चल रहा था। कल, सभी अनुरोधों और अनुरोधों के बावजूद, प्रदर्शनकारियों ने उन्मादी तरीके से कानून की धज्जियां उड़ाईं। इसलिए, चल रहे धरने को बंद कर दिया गया है, पुलिस उपायुक्त ने हिंदी में ट्वीट किया। यह सच हो सकता है, लेकिन अप्रिय घटना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भव्य आयोजन की चमक को कुछ हद तक कम कर दिया। इस मुद्दे के केंद्र में सत्तारूढ़ व्यवस्था की सिंह के खिलाफ कार्रवाई करने की अनिच्छा है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि वह न केवल उत्तर प्रदेश के उस निर्वाचन क्षेत्र में, जिसे वह लोकसभा में प्रस्तुत करते हैं, बल्कि आस-पास के जिलों में भी एक राजनीतिक ताकत हैं। ऐसे में उन्हें खुशमिजाज बनाए रखने की राजनीतिक मजबूरियां हैं। लेकिन क्या इन मजबूरियों को हर दूसरे विचार पर हावी होना चाहिए? खिलाड़ियों की आकांक्षाओं के बारे में क्या, बेईमान खेल अधिकारियों की हठधर्मिता के बिना एक गरिमापूर्ण जीवन की उनकी अपेक्षा का क्या? अधिकांश



अधिकारी ईमानदारी से यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके प्रभार में उनके युवा अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन जिन पर गलत काम करने का आरोप है, उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसा नहीं हुआ। पदक विजेताओं सहित पहलवानों को सिंह के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के बीचोबीच विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। इसके अलावा, जैसा कि हमने पहले उल्लेख किया है, सिंह उस तरह के नेता नहीं हैं जैसे मोदी का न्यू इंडिया एक आदर्श नेता के रूप में पेश करेगा। उनकी छवि एक बाहुबली की है। वर्षों पहले, उन पर दाऊद इब्राहिम के सहयोगी सुभाष ठाकुर को कथित रूप से आश्रय देने के लिए आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम या टाडा का आरोप लगाया गया था। उन्होंने कई अन्य मामलों का भी सामना किया है, हालांकि उनमें से एक में भी उन्हें दोषी नहीं ठहराया गया है। हालांकि, यह आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि कई बाहुबलियों को लंबे समय तक दोषी नहीं ठहराया जाता है। सिंह को जो सुरक्षा प्राप्त है, वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अपराध पर सख्त होने के दावे के साथ असंगत प्रतीत होता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह नई संसद के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा कहे गए प्रेरक शब्दों से भी अलग है। उन्होंने कहा, आज एक नया भारत नए लक्ष्य तय कर रहा है और नए रास्ते बना रहा है। एक नया उत्साह और एक नया जोश है। एक नई यात्रा और एक नया दृष्टिकोण है। दिशा नई है और दृष्टि नई है। संकल्प नया है, विश्वास नया है। चीजों की नई योजना में सिंह कहां फिट होते हैं?

# समावेशी प्रगति के नौ साल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी ने रखी है 'अमृत काल' की नींव और उनके युग को देश को तीव्र गति वाले मार्ग पर लाने के लिए याद किया जाएगा।



**सुमित भसीन**
(लेखक, एक नीति विश्लेषक हैं)



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की नौवीं वर्षगांठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जमीन पर दिखाई देने वाले और सत्यापन योग्य प्रभावों के साथ कार्रवाई में जुनून से प्रदर्शित शासन कला की सफलताओं का जश्न मनाने का एक अवसर है। पीएम मोदी ने यह भी दिखाया है कि निर्णायक जनादेश निर्णायक सरकारें देते हैं। राजनीतिक पंडितों को देश के व्यापक हित में सभी राजनीतिक दलों के संदेशों को संहिताबद्ध करने के लिए अपने रंगीन चश्मे को गिराकर मोदी सरकार की उपलब्धियों की जांच करनी चाहिए।

स्मृति निश्चित रूप से 2012-14 के दिनों को याद करने में विफल नहीं होगी जब राजनीति में प्रत्येक और सभी को गाली देने के लिए जंतर-मंतर पर एक विद्रोही कार्यकर्ता ने कंगारू अदालत आयोजित की थी। राजनीतिक वर्ग के बारे में लोगों के मन में संदेह पैदा करके अरविंद केजरीवाल जनजाति ने लोकतंत्र की संस्था पर हमला किया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र के प्रतिभागियों पर ट्रक भर कर मलबा डाला।

पीएम मोदी का पहला काम भारतीय लोकतंत्र में लोगों के विश्वास को बहाल करना था. यह रिकॉर्ड समय में किया गया, क्योंकि जंतर मंतर जनजाति ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और राजनीति में भी शामिल हो गए। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का रिकॉर्ड मतदान दर्शाता है कि पीएम मोदी ने भारतीय लोकतंत्र में लोगों के विश्वास को पूरी तरह से बहाल किया है। अब, कोई भी भारतीय लोकतंत्र का दुरुपयोग नहीं करता है। पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर युवा राजनीति में आने के लिए मोटी तनख्वाह वाली नौकरी तक छोड़ रहे हैं।

सरकार के प्रमुख के रूप में पीएम मोदी की नौ वर्षों की उपलब्धियों के लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि देश की बैंकिंग प्रणाली में 48 करोड़ से अधिक लोगों के वित्तीय समावेशन की गणना होगी। देश की एक तिहाई से अधिक आबादी को कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार द्वारा औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने के योग्य नहीं देखा गया था।

इन 48 करोड़ लोगों को अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में धकेल दिया गया था और चिट फंड और अन्य वित्तीय धोखाधड़ी करने वालों के लिए अपनी गाढ़ी कमाई खोने का जोखिम भी था, जबकि वे साहूकारों के लिए भी असुरक्षित थे। कांग्रेस वंशावली के अर्थशास्त्रियों के लिए ये 48 करोड़ लोग अर्थव्यवस्था का हिस्सा होने के लायक नहीं थे।

जब वे पीएम मोदी के आह्वान पर उन्हें शामिल करने के लिए भारतीय वित्तीय प्रणाली में शामिल हुए, तो उन्होंने बैंकिंग प्रणाली में जमा राशि के रूप में 1.90 लाख करोड़ रुपये लाए। अर्थव्यवस्था के मोदी मॉडल का सभी को अध्ययन करना चाहिए, क्योंकि वित्तीय समावेशन का लाभ जन धन योजना के लाभार्थियों तक ही सीमित नहीं था, बल्कि बैंक भी, जो स्वस्थ बैंकिंग मानदंडों के सभी मानदंडों को पूरा करते हुए रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने अपनी देखभाल करने वाली शासन कला में गरीबों, महिलाओं और बड़े पैमाने पर लोगों के लिए सहानुभूति लाई। उन्होंने उन क्षेत्रों पर नीतिगत ध्यान आकर्षित किया जिन पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। उनके पहले कार्यकाल ने देश में महिलाओं की गरिमा को संबोधित किया, जो युगों से शौचालय की जरूरतों के लिए अंधेरे में जा रही थीं। भारत को शौच मुक्त देश बनाने की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुसार देश में 11 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी देकर मोदी सरकार ने लोगों के जीवन में बेहतरी के लिए अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं। आश्रय और स्वच्छता समाज के कमजोर वर्गों के लिए सहानुभूति के साथ शासन कला के मोदी मॉडल की पहचान रही है। इसकी जांच की जानी चाहिए कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने ग्रामीण और गरीब लोगों की भलाई से जुड़े बुनियादी मुद्दों को संबोधित करने के बारे में कभी क्यों नहीं सोचा।

एक रुपये में सैनिटरी नैपकिन सुनिश्चित करके मोदी के शासन कौशल ने दिखाया कि लोगों की भलाई शासन के मूल में है। यह फिर से देखा गया जब सदी में एक बार महामारी ने देश पर हमला किया। पीएम मोदी ने सबसे पहले यह सुनिश्चित किया कि देश में कोई भूखा न सोए। लोगों को भूख से बचाने के लिए उनके हस्तक्षेप से 80 करोड़ लोगों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत हुई और 1121 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न आबादी को उपलब्ध कराया गया ताकि वे कोविड-19 के कारण होने वाली कठिनाइयों को पूरा कर सकें। प्रकोप। लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने और उन्हें जल जनित रोगों से बचाने के लिए पीने योग्य पानी तक पहुंच की आवश्यकता है। घरों में नल के पानी के कवरेज के विस्तार के कारण अर्थशास्त्रियों के लिए यह एक कार्य होगा कि वे अपने जेब खर्च पर लोगों की बचत को मापें।

हर घर जल (जल जीवन मिशन) लोगों की भलाई के बारे में मोदी सरकार की सोच का एक और उदाहरण है, क्योंकि 40 करोड़ से अधिक लोगों वाले आठ करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को इस कार्यक्रम के तहत लाभ मिला है। हर घर बिजली (सौभाग्य योजना) ने भी इस योजना के तहत करीब तीन करोड़ घरों का विद्युतीकरण किया, जो देश के कुल घरों के 99.9 प्रतिशत से अधिक को कवर करता है। मार्च 2023 तक, हर घर गैस सिलेंडर के वादे को पूरा करते हुए, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नौ करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए गए। यह फिर से अर्थव्यवस्था की चिंताओं के मोदी मॉडल को सहन करता है कि नीतियों को लोगों की भलाई के बारे में सोचना चाहिए, क्योंकि इसने महिलाओं को रसोई के धुएं से बचाने का काम किया। मोदी सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप के कारण एक बार फिर देश में महिलाओं को रसोई के धुएं के संपर्क में आने से होने वाली बीमारियों से बचाया गया।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत, योजना के लॉन्च के बाद से करीब 41 करोड़ ऋण स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही, 2018-19 से पिछले चार वर्षों के दौरान डिजिटल भुगतान की मात्रा में 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। अकेले यूपीआई लेनदेन पिछले तीन वर्षों में आठ गुना बढ़ गया है, जो कि पिछले चार वर्षों में 50 गुना है। मोदी सरकार के प्रतिबद्ध प्रयासों के कारण 2005-06 और 2019-20 के बीच भारत में 41 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले, आज हम 2024 तक अत्यधिक गरीबी को खत्म करने के रास्ते पर हैं। यदि शासन के मोदी मॉडल के देखभाल स्पर्श से सामाजिक क्षेत्र को लाभ होता है, तो अर्थव्यवस्था को अगले कुछ वर्षों में पांच ट्रिलियन टैग प्राप्त करने के लिए जमीन को पूरी तरह से चलाने के लिए मजबूती से खड़ा होना होगा और चौथी सबसे बड़ी स्थिति का दावा भी करना होगा। अर्थव्यवस्था। अर्थव्यवस्था बुनियादी ढांचे के असाधारण विस्तार, सड़कों, बंदरगाहों, जलमार्गों और हवाई अड्डों के असाधारण विस्तार का अच्छा उपयोग कर रही है, जिसने सामानों की तेज आवाजाही के साथ एक अच्छी तरह से बुनी हुई भारतीय अर्थव्यवस्था बनाने में तेजी लाई।

सुरक्षा के मोर्चे पर, मोदी सरकार का लगभग आतंकवाद मुक्त ट्रैक रिकॉर्ड का अद्वितीय ट्रैक रिकॉर्ड है। साथ ही, भारत ने लंबी सीमा वाले क्षेत्रों वाले राज्यों में त्वरित विकास के साथ अपनी सीमा अवसंरचना को मजबूत बनाया है। उत्तर-पूर्वी राज्य भारत के सभी हिस्सों से अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं। अब देश में ऐसा कोई कारण नहीं है, जो देश के प्रमुख शहरों से जुड़े बिना हो। यह उन प्रतिनिधियों को दिखाया गया है जो पूरे देश में जी-20 की कई बैठकों में भाग ले रहे हैं। रेलवे के बुनियादी ढांचे के लिए 2.50 लाख करोड़ रुपये का वादा करके, मोदी सरकार ने राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर के लिए बहुत आवश्यक ऊर्जा और क्षमता लाई है, जो प्रतिदिन ऑस्ट्रेलिया की आबादी के आकार को वहन करती है। यह रेखांकित किया जाना चाहिए कि मोदी युग ने भारत के लिए अमृत काल की नींव रखी है।

# शिक्षा में डिजिटल तकनीक की भूमिका

"डिजिटल इकोसिस्टम और बेहतर संसाधन आवंटन से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सकती है"

**राजेश कुमार सिंह**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



शिक्षा में डिजिटल तकनीक की भूमिका विश्व स्तर पर तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है, क्योंकि यह छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और सीखने की प्रक्रिया को अधिक व्यापक रूप से समर्थन के नए और नए रूप प्रदान करती है। कोविड महामारी ने इस प्रक्रिया को बहुत तेज, प्रासंगिक और मजबूत बना दिया है। टीवी, रेडियो, ऑनलाइन और मोबाइल प्लेटफॉर्म के संयोजन के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा तकनीकों को लागू करके बड़ी संख्या में संस्थान अपने छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम थे। शिक्षा में डिजिटल तकनीकों की भूमिका पर जी-20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की बैठक इस संबंध में एक महत्वपूर्ण विकास के रूप में सामने आई है, जिसमें वर्तमान और भावी तकनीकी उपायों पर प्रकाश डाला गया है। जी-20 सदस्य देशों में शैक्षिक संस्थानों के बीच संभावित अनुसंधान और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मुख्य क्षेत्रों और विषयों की पहचान एक बहुत बड़ा विकास है, क्योंकि समूह में दुनिया के कुछ सबसे विकसित देश शामिल हैं, जो विश्व स्तरीय अनुसंधान, नवाचार और कटिंग का उपयोग करते हैं। इस डोमेन में एज प्रौद्योगिकियां।

विचार-विमर्श के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का चयन जैसे आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, तकनीक-सक्षम शिक्षा, कार्य का भविष्य और अनुसंधान और नवाचार सहयोग-क्षेत्रीय विशेषज्ञों से समृद्ध इनपुट के साथ व्यापक-आधारित चर्चा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान, जी-20 देशों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में सुधार के लिए डिजिटल तकनीकों के उपयोग का विस्तार करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, हालांकि, अधिक मूर्त और



प्रभावी शैक्षिक प्रथाओं और अनुभवों को साझा करने से यह पहचानने में मदद मिली कि भाग लेने वाले देश कहां हैं हैं और उनमें क्या सुधार करने की आवश्यकता है। यहां, हम कुछ सामान्य शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आगे प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए सहयोग कर सकते हैं, क्योंकि हम अभी भी प्रक्रिया में बहुत सारी चुनौतियों का सामना करते हैं, खासकर जब सीखने के परिणामों में सुधार के साथ-साथ सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण सीखने के अवसर सुनिश्चित करने की बात आती है। कुछ जी-20 देशों सहित दुनिया को सुलभ, समावेशी और न्यायसंगत स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल विकास की आवश्यकता है। यह डिजिटल प्रौद्योगिकियां हैं जो सभी स्तरों पर शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में समानता ला सकती हैं। उदाहरण के लिए, भारत में लगभग 1.48 मिलियन स्कूल, 265 मिलियन स्कूली छात्र और लगभग 9.5 मिलियन शिक्षक हैं, जिनमें 20 से अधिक क्षेत्रीय भाषाएं शिक्षा के माध्यम के साथ-साथ देश भर में 62 शिक्षा बोर्ड हैं। इसके अलावा, लाखों छात्रों ने विभिन्न भाषाओं में अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की। ऐसे में केवल डिजिटल तकनीक से ही समान और समावेशी शिक्षा प्रदान करने की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि क्षेत्रीय भाषाओं में बहुत सारी सामग्री और विशेषज्ञ शिक्षक अभी भी उपलब्ध नहीं हैं।

इसलिए केंद्रीय बजट 2023 शिक्षा के डिजिटलीकरण पर ज्यादा जोर देता है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को 4,795.24 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं और डिजिटल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने डिजिटल पुस्तकालयों और डिजिटल विश्वविद्यालयों जैसी पहलों का प्रस्ताव दिया है। राज्यों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय संसाधनों तक पहुंचने के लिए बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए पंचायत स्तर पर भौतिक पुस्तकालय स्थापित करें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ध्यान देने वाली डिजिटल पहलों को डिजिटल क्रांति की ओर एक कदम बताते हुए सभी ने इसकी सराहना की है। एआई के लिए उत्कृष्टता के तीन केंद्र और इंजीनियरिंग संस्थानों में 5जी सेवाओं का उपयोग करने वाले अनुप्रयोगों को विकसित करने के लिए 100 प्रयोगशालाएं, डिजिटल क्रांति की इस प्रक्रिया में और इजाफा करेंगी।

डिजिटल विश्वविद्यालयों का उद्देश्य गुणवत्ता, कौशल-आधारित और नौकरी-उन्मुख पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण के साथ देश के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचना है। पहुंच बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार, क्षमता निर्माण और डिजिटल शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर बजट का ध्यान होने के साथ, अब हम एक विश्व स्तरीय स्कूल और उच्च शिक्षा प्रणाली की उम्मीद कर सकते हैं, जो सभी के लिए सुलभ होगी।

## आप की बात

### श्रेष्ठ उदाहरण

**शायद** ही यह देखने को मिला हो कि बिल्डिंग निर्माण के श्रमिकों को बिल्डिंग के उद्घाटन के अवसर पर सम्मानित किया जाए. लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने यह अच्छा उदाहरण पेश किया है निःसंदेह मन से किया गया एक सराहनीय कार्य है. देश के प्रधानमंत्री के द्वारा भारत के नई संसद भवन परिसर उद्घाटन आज जिस भव्यता से,गरिमापूर्ण ,सद्भावना के साथ एवम समन्वय स्थापित करते हुए किया गया, यह ऐतिहासिक है हम सभी भारतीयों के लिए यह गौरवशाली क्षण है। नई संसद भवन परिसर में उद्घाटन के समय सर्वदलीय प्रार्थना सभा का आयोजन कर केंद्रीय सरकार ने सभी संप्रदायों को, धर्मों को एवम वैचारिक ग्रुप समूह को एक संदेश दिया है यह देश सभी का है इस देश में रहने वाले सभी बराबर हैं। और सब को न्याय मिलेगा। हालांकि विपक्षी दलों के द्वारा आलोचना अपनी जगह है। लेकिन अब संसद भवन का उद्घाटन हो चुका है एवम आने वाले दिनों में एक संयुक्त संसद का सत्र भी आहूत किया जाएगा जिसकी अध्यक्षता देश के प्रथम नागरिक और महामहिम राष्ट्रपति जी करेंगे। हम अपेक्षा करते हैं कि विपक्ष और पक्ष सभी मिलकर नई संसद में ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लेंगे जिसमें सभी के लिए प्रगति के अवसर हों।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### पर्यावरण संरक्षण

**धरती** को बढ़ते तापमान से बचाने के लिए एवं ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम हेतु पर्यावरण के प्रति चेतना का भाव मानव मात्र में होना चाहिए। लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के अभाव के कारण मानव जाति एवं इस धरा के समस्त जीवधारी अनेक दुष्परिणाम भोग रहे हैं। आने वाला समय हमारी भावी पीढ़ी के लिए और चुनौतीपूर्ण होगा। अगर हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति यूं ही उदासीन बने रहे तो इस धरती पर मानव जीवन दूभर हो जाएगा। भविष्य में शुद्ध पेयजल, प्राणवायु एवं खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जनसामान्य को विचार करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति छोटे से छोटा प्रयास भी माने रखता है। बिजली एवं पानी बचाने, एसी के ज्यादा उपयोग को हतोत्साहित करने, सार्वजनिक वाहनों से परिवहन करने एवं पानी की उपलब्धता के अनुसार बागवानी में सिंचन करने, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम घर में लगवाने जैसे अनेकों उपाय अपनाकर हम बिना किसी विशेष परिश्रम एवं प्रयास के ही अपने घर से निसर्ग के प्रति अपने आत्मीय भाव का प्रदर्शन कर सकते हैं। अगर हम इसकी पहल करते हैं तो वह भी सर्वशक्तिमान प्रभु की आराधना का ही एक स्वरूप होगा।

– **ललित महालकारी**, इंदौर

### शिक्षा का ढांचा

**हमारे** देश में आजादी के बाद से ही शिक्षा का ढांचा डिग्री अर्जित करने वाला रहा है। जब देश में कम आबादी थी तब तक तो डिग्री धारी की बड़ी वैल्यू थी। मगर अब जबकि भारत विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है। और उसमें भी शिक्षा और नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण है! ऐसे में अब बड़ी-बड़ी डिग्रियां सिर्फ शहद लगाकर चाटने के काम में आती है। उद्यमियों का व्यवसाय पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित होता रहता है। फलतः और समय के अनुसार सुधार भी होते रहते हैं! उनके साथ पीडियो तक रोजगार की कमी सामने नहीं आती है। मगर सामान्य युवा जिनका सर्वाधिक आकर्षण सरकारी नौकरी की ओर होता है। कभी खुद का रोजगार करने या तकनीकी ज्ञान प्राप्त करके उसे कमाई का जरिया बनाने के बारे में सोचते भी नहीं है? 400 रोज पाने वाला मजदूर हाड तोड़ मेहनत करता है। यदि यही युवा मजदूर तकनीकी कौशल प्राप्त कर ले। बिजली वाहन आदि का मैकेनिक बन जाए। राजमिस्त्री बन जाए फैशन डिजाइनर बन के कपड़े सीलने, स्ट्रीट फूड का काम करें। ऐसे अनेक अनेक रोजगार हैं जो युवाओं को अच्छी कमाई दे सकते हैं।

– **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद, मप्र

### राहुल के मन की बात

**आजकल** राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह ही अपने भी मन की बात कहना एवं सुनाना चाहते हैं इसके अंतर्गत अभी उन्होंने दिल्ली से चंडीगढ़ तक की यात्रा ट्रक में की है एवं ट्रक चालकों के मन की बात को सुनने का प्रयास किया है एवं उन्हें अपने मन की बात भी कही है। आज इस विषय में कांग्रेस पार्टी का कहना है कि जननायक राहुल गांधी ट्रक चालकों की समस्याओं को जानने के लिए चालकों के बीच जाकर आधी रात तक उन्होंने ट्रक चालकों के मन की बात को समझने का प्रयास किया और उन्हें अपने मन की बात भी पहुंचाई, आज देश भर में 90लाख ट्रक ड्राइवर हें। इनकी अपनी अनेकों समस्याएं हैं एवं ऐसा कहा जा रहा है कि राहुल गांधी ने इन सब के मन की बात को लेकर हि अपने मन की बात को कहने एवं सुनने का प्रयास किया है। अच्छी बात है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि आज वे विश्वविद्यालय के छात्रों से, किसानों से, आम नागरिकों से सभी से अपने मन की बात करना चाहते हैं। तब कांग्रेस कहती है कि इसी कारण ही उन्होंने पिछले समय अपनी पदयात्रा भी की थी।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# हिमाचल आईकान प्रेम रैना को गवर्नर ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र/शिमला


हिमाचल आईकॉन प्रेम रैना को सम्मानित करते हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला व अन्य।

**भारतीय** पत्रकार कल्याण मंच द्वारा शिमला के गेयटी थिएटर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी आजादी के 75 वर्षों के विकास में पत्रकारों का योगदान सेमिनार में हिमाचल आईकॉन प्रेम रैना विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। प्रेम रैना को हिमाचल टूरिज्म में महत्वपूर्ण योगदान और नेचुरल रिसोर्सेज की खोज करने के लिए हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, मुख्य वक्ता डॉ इंदु शर्मा व प्रोफेसर आशुतोष शर्मा भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा कि प्रेम रैना हिमाचल की पहचान है। इन्होंने हिमाचल टूरिज्म में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके लिए पूरे हिमाचल को प्रेम रैना पर गर्व है।

गौरतलब है कि प्रेम रैना का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। हिमाचल का प्रत्येक व्यक्ति प्रेम रैना की उपलब्धि के बारे बाखूबी जानता है। इन्होंने तत्तापानी में सतलुज नदी के किनारे लुप्त होते नेचुरल रिसोर्सेज को खोज कर पूरे हिमाचल को सौगात दी है। हालांकि सतलुज नदी पर कोलडैम बनने की वजह से सभी रिसोर्सेज पानी में डूब गए थे। तत्तापानी स्थित गर्म पानी के रिसर्च को बचाने के लिए सरकार द्वारा भी प्रयास किए जा रहे थे। तभी प्रेम रैना भी गरम पानी को बचाने में प्रयासरत थे। प्रेम रैना की मेहनत रंग लाई और उन्होंने गरम पानी के सोर्स को बचाने में सफलता प्राप्त की। तत्तापानी सतलुज नदी के किनारे उन्होंने एक होटल का निर्माण करवाया, जहां पर उन्होंने नदी के गर्म पानी के रिसोर्ट स्कोर अपने होटल में आधुनिक रूप देकर हॉट बाथ पर्यटकों के लिए खोल दिया। उन्होंने तत्तापानी में नदी के किनारे हॉट स्प्रिंग होटल में न केवल हॉट बाथ बनाया, अपितु उन्होंने आयुर्वेदिक पद्धति पर आधारित नेचुरल तरीके से ट्रीटमेंट की सुविधा भी उपलब्ध करवाई। इनके होटल हॉट स्प्रिंग में देश के साथ-साथ विदेशों से भी पर्यटक आते हैं, जो कि गर्म स्नान के साथ-साथ नेचुरल थेरेपी और स्पा का आनंद उठाते हैं। प्रेम रैना के जीवन सफर की कहानी भी बड़ी दिलचस्प है। पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रेम रैना इटली में बस गए थे और वहीं पर उन्होंने एंजलीना से शादी कर ली। उनकी दो बेटियां व एक बेटा है। इटली में रहते हुए उन्हें सपने में अपने गांव की मिट्टी वापस बुला रही थी। शायद नेचर ने उन्हें एक विशेष काम के लिए चुना था, जो उनके हाथों संपन्न होना था। तभी तो उनके हाथों से गरम पानी के नेचुरल रिसोर्सेज को बचाया जा सका। आज पूरा हिमाचल प्रेम रैना की उपलब्धि पर उन्हें सलाम करता है। प्रेम रैना का कहना है कि जो प्यार और सम्मान उनके गांव की मिट्टी की वजह से उन्हें मिला है, उसके वे ऋणी है। अब वे हिमाचल में अपने गांव तत्तापानी में रह कर ही इस स्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्यटन हब बनाने में जी जान फूंक देंगे, ताकि तत्तापानी की पहचान सात समंदर पार बैठे लोगों को भी यहां पर खींच कर ले आए। इसी प्रयास में वे दिन रात लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे भारतीय पत्रकार कल्याण मंच का भी दिल से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने उनकी छोटी सी उपलब्धि के लिए इतना बड़ा सम्मान उन्हें प्रदान किया है। इस आयोजन में उन्होंने भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, महासचिव मेवा सिंह राणा, सचिव जसबीर सिंह दुग्गल, अनिल हेडली उज्जवल शर्मा, पराक्रम चंद का आभार प्रकट किया।

**भारतीय पत्रकार कल्याण मंच की राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के तौर पर रैना ने की शिरकत**

## दस दिवसीय ड्रॉइंग कार्यशाला एक जून से प्रारंभ होगी

**सोनीपत।** कलाश्री अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश आकाश के मार्गदर्शन में कला संस्कृति भवन 1713 सेक्टर-23 में एक जून से 10 जून तक नि:शुल्क ड्राइंग कार्यशाला का आयोजन प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कला विशेषज्ञ एवम् कलाश्री अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश आकाश का नाम कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ अवार्ड में भी दर्ज किया जा चुका है, जो पिछले 38 वर्षों से निशुल्क ड्राइंग कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को, प्राकृतिक चित्रण, पोर्ट्रेट आदि बनाने की विभिन्न कलाओं की विधाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ वाटर कलर, आयल कलर, पेस्टल कलर करने प्रक्रिया से अवगत कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ-साथ जो विद्यार्थी 12वीं कक्षा के बाद फाईन आर्ट के क्षेत्र में अपना उज्ज्वल भविष्य बनाना चाहतें हैं, उन्हें भी इसके लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। नरेश आकाश का कहना है कि अब तक नि:शुल्क ड्राइंग कार्यशाला से मार्गदर्शन पाकर अब तक हजारों छात्र-छात्राएं सोनीपत से कला की उच्च शिक्षा पाने के लिए देश के विभिन्न फाईन आर्ट कालेजों में प्रवेश पाकर कला के क्षेत्र में अपना उज्जवल भविष्य बना चुके हैं।

# कर्मचारी विरोधी नीति को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



**नगर** पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर नगर के सभी सफाई कर्मचारी व अन्य पदों के कर्मचारियों की नगर निगम के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संजय बिडलान ने की।

बैठक में संजय बिड़लान ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 29-10-2022 को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा तथा हरियाणा सरकार के बीच समझौता हुआ था। जिसमे कर्मचारियों की सभी मांगो पर दोनों पक्षों में सहमति हुई। जिसमें कर्मचारियों की जायज मांगों को जल्द पूरी करने के बारे में निर्णय हुआ।

परन्तु आज तक हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया गया है। इसी के विरोध स्वरूप हरियाणा सरकार की हठधर्मिता तथा कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध मे पूरे हरियाणा के पालिका कर्मचारियों द्वारा सरकार की पोल खोल कार्यकर्म किया गया। जिसमे पालिका कर्मचारियों द्वारा शहरवासियों को सरकार की गलत नीतियों के पर्चे बाटे गए। हरियाणा सरकार की गलत नीतियों के विरोध में कर्मचारियों ने बुधवार को झाड़ू लेकर शहर के विभिन्न बाजारों में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष द्वारा मंच के माध्यम से रोहतक प्रशासन को स्थानीय समस्याओं को भी निपटाने के बारे में आग्रह किया गया। जिसमें 31 मार्च 2023 से ठेके के 550 कर्मचारियों को ठेका खत्म होने का हवाला देकर भार मुक्त कर दिया। जिनको आज रोजगार न होने से भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है। इसी कारण ठेके के कर्मचारी भार मुक्त होने से वर्तमान में लगे निगम कर्मचारियों के ऊपर सारा काम का बोझ पड़ गया। कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण एक कर्मचारी दो-दो कर्मचारियों का कार्य कर रहा है। इसलिए संघ निगम प्रशासन से मांग करता है कि पुराने हटाए गए सफाई कर्मचारियों को रोजगार दिलाने का काम करे, ताकि कर्मचारियों का बोझ कम हो सके। इसके अलावा हरियाणा सरकार के आदेश की अनुपालन पेरोल के कर्मचारियों को पक्का किया जाए, तथा लगभग 6 महीने से विलम्ब पड़े साबुन व तेल कर्मचारियों को जल्द से जल्द दिलवाया जाए। बरसात के मौसम को देखते हुए सभी कर्मचारियों को बरसाती उपलब्ध करवाई जाए।

प्रदर्शन के दौरान महासचिव श्रवण बोहत, कोषाध्यक्ष विक्की बिडलान, जिला प्रधान अनिल कांगडा, राजेश बागड़ी, जतिन गहचैंड, अंकित आदिवाल, अरुण बिडलान, जितेंद्र शर्मा, रवि चड्डा, मुन्नू चांवरिया, सतपाल बिडलान, सौरव बागड़ी, संजय भोला , कंवल राणा, योगेश बिडलान, वीरेंद्र, पवन राणा, शिंटू कांगड़ा, दीनदयाल, राज कुमार ढिलोड, सोमी बोहत, राधे श्याम आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा स्कूल बोर्ड का स्विटजरलैंड के बोर्ड से समझौता

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**स्विट्जरलैंड समेत कई देशों में मान्य होगा हरियाणा बोर्ड का शैक्षिक प्रमाणपत्र**

**हरियाणा** के स्कूल बोर्ड के शैक्षिक प्रमाणपत्र अब विदेश में भी मान्य होंगे। स्विट्जरलैंड के स्कूल बोर्ड के साथ हुए समझौते के तहत यह संभव होगा। अब 10वीं,12वीं की मार्कशीट हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड के साथ स्विट्जरलैंड बोर्ड से भी प्रमाणित होंगी। हरियाणा स्कूल बोर्ड के साथ समझौते के बाद अब मार्क शीट पर स्विट्जरलैंड बोर्ड के भी हस्ताक्षर और मोहर होगी। एमओयू में गवर्नमेंट स्कूलों के टीचरों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के हिसाब से ट्रेनिंग दी जाएगी।

हरियाणा के शिक्षामंत्री कंवर पाल गुर्जर ने स्विट्जरलैंड बोर्ड आईबी के महानिदेशक ओली-पेक्का हेनोनेन के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हरियाणा बोर्ड के इस फैसले से हरियाणा बोर्ड परीक्षार्थियों को पांच फायदे होंगे। पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्कूलों और कॉलेजों तक स्विट्जरलैंड बोर्ड की आसान पहुंच है। इसके साथ ही तीसरा फायदा स्टूडेंट्स को स्लेबस को लेकर होगा। इसका स्लेबस इंडीविजुअल रिसर्च और एप्लिकेशन पर आधारित है। आईबी उन छात्रों के लिए सबसे उपयुक्त है, जो पश्चिमी देश में रहना चाहते हैं। आईबी को लगभग सभी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षा परिषदों और अन्य संगठनों द्वारा मान्यता प्राप्त है।

आईबी बोर्ड के कुछ फायदे हैं तो कुछ नुकसान भी हैं। पहला नुकसान आईबी स्कूलों में शिक्षा की लागत अन्य बोर्डों की अपेक्षाकृत अधिक है। इसके साथ ही देश में आईबी से संबद्ध स्कूलों की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम है। सबसे बड़ा नुकसान यह भी है कि भारत में प्रशिक्षण और किताबें मिलना लगभग असंभव है। 1968 में स्विट्जरलैंड में स्थापित, आईबी को दुनिया के सबसे महंगे और प्रतिष्ठित शिक्षा संगठनों में से एक माना जाता है। आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, आईबी शिक्षा परिषद 150 से अधिक विभिन्न देशों में काम करती है।

## इग्नू की परीक्षाएं आज से शुरू 65038 विद्यार्थी देंगे परीक्षा : डॉ. धर्मपाल

**यमुनानगर।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, करनाल के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू की परीक्षाएं पूरे भारत वर्ष में 01 जून 2023 से शुरू होने जा रही है। जो की 07 जुलाई 2023 को समाप्त होंगी। इग्नू द्वारा पात्र विद्यार्थियों को हॉल टिकट जारी किये जा चुके हैं। हॉल टिकट इग्नू की वेबसाइट www.ignàæu.ac.in पर अपलोड किये जा चुके हैं।

डॉ धर्म पाल ने बताया की हरियाणा के भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर जिलों में इग्नू द्वारा कुल 36 परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए है, जिनमे से 08 परीक्षा केंद्र हरियाणा की विभिन्न जेलों में स्थापित किये गए है। जून माह में होने वाली परीक्षाओं में कुल 65038 परीक्षार्थी इस बार परीक्षा दे रहे हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं बहुत व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित करवाने के लिए सभी इंतज़ाम कर लिए गए हैं। इसके लिए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल की तरफ से सभी परीक्षा नियंत्रकों के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम भी आयोजित किया गया है।

## जेजेपी के हाथों राजस्थान में हनुमान बेनीवाल को चारों खाने चित करना चाहती है भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़,

**भाजपा और जेजेपी गठबंधन पर छाए संदेह के बादल भी छटते आ रहे नजर**

**हरियाणा** में सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी गठबंधन सहयोगी पार्टी के साथ रिश्तों को लेकर जो कुछ भी कहा हो लेकिन अब दोनो दल राजस्थान में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता हनुमान बेनीवाल को चारो खाने चित करने की रणनीति पर आगे बढ़ रहे है। इसके साथ ही हरियाणा में भाजपा और जेजेपी गठबंधन के भविष्य को लेकर छाए संदेह के बादल भी छट गए हैं। इस बात की संभावना बढ़ रही है कि दोनों दल हरियाणा में 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे।

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता हनुमान बेनीवाल अभी राजस्थान की नागौर लोकसभा सीट से सांसद है। भाजपा की रणनीति राजस्थान में एक भी लोकसभा सीट नही गवाने की है। मिशन 2024 में भाजपा हनुमान बेनीवाल से यह सीट छीन लेना चाहती है और इसी रणनीति के तहत जेजेपी ने राजस्थान में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। हाल में जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने जयपुर मे पत्रकार वार्ता कर ऐलान किया था कि जेजेपी राजस्थान में चुनाव लड़ेगी।

नागौर लोकसभा और इसके तहत आने वाली विधानसभा की पांच सीट भाजपा अपने गठबंधन सहयोगी के जरिए बेनीवाल से छीनने का इरादा रखती है। राजस्थान में जब इस रणनीति पर अमल किया जाएगा तो हरियाणा में भी भाजपा और जेजेपी का गठबंधन बना रहेगा। हाल में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार ने क्षेत्रीय दलों को नकारने की रणनीति त्यागने के लिए उसको मजबूर कर दिया है। बदले हुए राजनीतिक हालात में हरियाणा में भी जेजेपी भाजपा की जरूरत बन गई है।

हरियाणा में वर्ष 2019का विधानसभा चुनाव भाजपा और जेजेपी ने एक दूसरे के खिलाफ लड़ा था । भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले हुए लोकसभा चुनाव में हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीट जीत ली थी और इस क्लीन स्वीप से बुलंद होसले के साथ भाजपा ने हरियाणा विधानसभा की कुल नब्बे सीट में से 75 सीट जीत लेने का दावा किया था और नारा दिया था कि अबकी बार पचहत्तर पार। उधर नई गठित जेजेपी ने नारा दिया था कि भाजपा इस बार यमुना पार। यानी भाजपा की सत्ता से विदाई। उस वक्त भाजपा सत्ता में थी। भाजपा को 2014 के चुनाव में पूर्ण बहुमत मिला था। वर्ष 2019के विधानसभा चुनाव के नतीजे त्रिशंकु विधानसभा लेकर आए। भाजपा बहुमत के लिए 46 सीट भी हासिल नहीं कर पाई। भाजपा कुल चालीस सीट पर सिमट गई। भाजपा को यमुना पार भेजने वाली जेजेपी भी मात्र दस सीटों पर सिमट गई। लाचार भाजपा और जेजेपी ने मिलकर सरकार बना ली। कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने के लिए भी गठबंधन कर सरकार बनाना जरूरी था। कांग्रेस को 31सीट हासिल हुई थी और वह सात निर्दलीयों के समर्थन के साथ जोड़ तोड़ करके सरकार बनाने का प्रयास कर सकती थी। जेजेपी ने अपने दूरगामी राजनीतिक लक्ष्य के मद्देनजर भाजपा के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखते हुए सरकार में साथ निभाया है।

## गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में तंबाकू निषेध दिवस पर हुआ कार्यक्रम


तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हस्ताक्षर करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा। साथ में शिक्षक एवम् विद्यार्थी।

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**गोकर्ण** रोड स्थित गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में बुधवार को तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा ने शिरकत की। यह जानकारी कार्यक्रम मंच संचालक एवं यूथ रेडक्रॉस काउंसलर डॉ कपिल कौशिक ने दी ।

उन्होंने बताया कि स्कूल विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा ने कहा कि इस वर्ष की थीम है हमें भोजन की आवश्यकता है, तंबाकू की नहीं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आ चुकी है और सिगरेट के धुएं में उड़ रहा है। आज का यौवन, हमें तंबाकू, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से कमजोर कर रहा है है। आज देश विदेश में हजारों नौजवान युवा एवं युवतियां द्वारा विभिन्न तरह के तंबाकू के सेवन करने से उनमें विभिन्न प्रकार की जानलेवा बीमारियां पनप रही हैं, उन्होंने बताया कि किसी भी तरह के तंबाकू का सेवन करने से फेफड़ों की क्षमता कम हो जाती है और सांस की बीमारियों की गंभीरता बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि धूम्रपान या किसी अन्य तंबाकू को किसी भी हालत में सही नहीं कहा जा सकता है। इसकी लत से बचने में ही भलाई है।

## आयुष विभाग का तीन दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन : डॉ. विनोद पुंडीर

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. विनोद पुंडीर ने बताया कि उपायुक्त राहुल हुड्डा के निर्देशानुसार जिला स्तर पर होने वाले 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-21 जून 2023 के उपलक्ष्य में 29 से 31 मई सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक तेजली खेल परिसर यमुनानगर में आयोजित हुआ।

शिक्षा विभाग के सभी प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा एवं पीटीआई व डीपीआई को प्रशिक्षण (सरकारी एवं प्राईवेट स्कूलों के प्रवक्ता शारीरिक शिक्षकों, पीटीआई व डीपीई सभी) आयुष विभाग के आयुष चिकित्सा अधिकारी, आयुष फार्मासिस्ट, आयुष योग सहायकों, पंतजलि योग समिति के जिला प्रभारी जय कुमार, योगी मनोज तथा आयुष विभाग के सभी योग सहायकों द्वारा दिये जा रहे तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन करवाया गया। उन्होंने बताया कि इस समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा सम्मानित संदीप आर्य मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। जिन्होंने 36 घंटे 21 मिनट लगातार 20,000 सूर्या नमस्कार करने का विश्व रिकार्ड बनाया इसके साथ ही जिला यमुनानगर के मेयर मदन चौहान ने भी शिरकत की और इस प्रशिक्षण में सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि जिला के सभी विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को 21 जून के मुख्य कार्यक्रम से पहले सभी को योग का अभ्यास करवाया जा रहा है ताकि 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-21 जून तक सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी योग के अभ्यस्त हो सके।

## निर्जला एकादशी के पर्व पर लगाई मीठी लस्सी की छबील और बांटा आलू का प्रसाद

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



सर्व जन सहयोग ग्रुप द्वारा शोरी क्लॉथ मार्केट बुधवार को निर्जला एकादशी के पर्व पर ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा मीठी लस्सी की छबील और आलू के प्रसाद का राहगीरों को वितरण कराया गया।

ग्रुप के प्रधान अमन मुंजाल एडवोकेट एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य (विधि प्रोकोष्ठ भाजपा) ने निर्जला एकादशी का महत्व बताया कि इस एकादशी को भीमसेनी या पांडव एकादशी भी कहते हैं। जो मनुष्य इस व्रत को करते हैं, उनको करोड़ पल सोने के दान का फल मिलता है और जो इस दिन यज्ञ करते हैं, उनका फल तो वर्णन ही नहीं किया जा सकता। उन्होंने ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार एकादशी का पुण्य समस्त तीर्थों और दानों से अधिक है।

## सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित, 15 सितंबर अंतिम तिथि : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

**आजादी** अमृत काल में गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामत: पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2023 है।

नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अनन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किये जाये, जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में सम्मान की हकदार हैं।


## आईआईएमबी का वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 स्कूलों में स्थान बनाना जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**फाइनेंशियल** टाइम्स एग्जीक्यूटिव एजुकेशन रैंकिंग 2023 ने एग्जीक्यूटिव एजुकेशन के शीर्ष 50 वैश्विक प्रदाताओं की सूची प्रकाशित की है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बैंगलोर को लगातार चौथे वर्ष शीर्ष 50 वैश्विक स्कूलों में स्थान दिया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में भारत के सभी B-स्कूलों में सबसे अच्छी वृद्धि का प्रतिनिधित्व करते हुए, आईआईएमबी ने 2023 के लिए अपनी समग्र ग्लोबल फाइनेंशियल टाइम्स एग्जीक्यूटिव एजुकेशन रैंकिंग में सुधार करके #42 कर लिया और ओपन एग्जीक्यूटिव एजुकेशन रैन्किंग्स के लिए 13 रैंक बढ़ते हुए रैंकिंग #47 हो गई है।

ओपन एग्जीक्यूटिव एजुकेशन कार्यक्रमों के लिए प्रतिभागियों के सर्वेक्षण के भाग के रूप में आईआईएमबी संकाय को भारत के सभी B-स्कूलों में #1 का दर्जा दिया गया है। एग्जीक्यूटिव एजुकेशन कार्यक्रमों ने लगभग 5500 प्रतिभागियों को प्रभावित किया जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 70 फीसद की वृद्धि हुई। आईआईएमबी ने वित्त वर्ष 2022-23 में विभिन्न क्षेत्रों, स्तरों और प्रबंधन विषयों को चलाने वाले विभिन्न स्वरूपों में 150 से अधिक एग्जीक्यूटिव एजुकेशन कार्यक्रमों की पेशकश की। भारत में कामकाजी पेशेवरों के लिए सबसे लोकप्रिय लंबी अवधि के एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम ने 64 से अधिक बैचों को इस कार्यक्रम में शामिल होते देखा है और यह लगातार मजबूत होता जा रहा है। आईआईएमबी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 94 कस्टम कार्यक्रमों की पेशकश की जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों, सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों, गैर सरकारी संगठनों, और विकासात्मक संस्थानों की आवश्यकताओं के अनुरूप थे। आईआईएमबी अपने स्वयं के MOOCs प्लेटफॉर्म पर 60 ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का एक पोर्टफोलियो प्रदान करता है जो भारत में अपनी तरह का सबसे बड़ा है। आईआईएमबी ईईपी पोर्टफोलियो की वृद्धि पर विचार करते हुए, ईईपी की अध्यक्षा प्रोफेसर पद्मिनी श्रीनिवासन ने कहा, महामारी के बाद हम अपने कार्यक्रमों की बढ़ती मांग देख रहे हैं। ये रोमांचक क्षण हैं, और हम उद्योग की आवश्यकताओं के लिए मैप की गई अनूठी पेशकश बनाकर और भी अधिक आक्रामक रूप से बढ़ने की तैयारी कर रहे हैं। पार्थसारथी, एग्जीक्यूटिव एजुकेशन के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी, ने नवीनतम फाइनेंशियल टाइम्स रैंकिंग पर टिप्पणी करते हुए कहा, ये रैन्किंग्स वर्षों से हमारी निरंतर विकास की कहानी को दर्शाती हैं।

## बच्चों ने स्लोगन से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने को किया आह्वान


नशे से दूर रहने का आह्वान करते बच्चे।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**सत्य** भारती स्कूल अढोन के बच्चों ने ग्रामीणों को धूम्रपान न करने के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने स्लोगन के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। बच्चों ने तंबाकू व नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में आमजन को बताया।

बच्चों ने विश्व तंबाकू निषेध पर पेंटिंग बनाई। मुख्याध्यापिका कविता शर्मा ने कहा कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का एक बड़ा कारण तंबाकू का सेवन भी है। विशेषज्ञों के मुताबिक एक सिगरेट पीने से हमारी जिंदगी के करीब 10 मिनट तक कम हो सकते हैं। शर्मा ने कहा कि तंबाकू के सेवन से मुंह, गले और फेफड़े में रोग पैदा होते हैं। सभी बच्चों और अध्यापकों ने शपथ ली कि तंबाकू के उपयोग से बचना चाहिए। इसका उपयोग करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी भी सिगरेट का ज्यादा सेवन करने लगी है, जोकि देश के लिए काफी नुकसान दायक है। इस मौके पर जरनैल सिंह, पूजा रानी, किरण वर्मा, प्रीति रानी, गीता बठला मौजूद रही।

## हायर इंडिया किनौची 5-स्टार एयर कंडीशनर्स 'बेस्ट इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफ द ईयर'

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक/हिसार




**होम** अप्लायन्सेज के ग्लोबल लीडर और लगातार 14 सालों से प्रमुख अप्लायन्सेज के लिए दुनिया के नंबर 1 ब्राण्ड हायर अप्लायन्सेज इंडिया (हायर इंडिया) ने अपने 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स हायर किनौची के शानदार परफोर्मेन्स एवं उपलब्धियों की घोषणा की है। 'बेस्ट इनोवेटिव ऑफ द ईयर' के रूप में सम्मानित ये एयर कंडीशनर्स कमरे को 20 गुना तेजी से ठण्डा करते हैं, और 60 डिग्री तक के चरम तापमान में भी बेहतरीन कूलिंग देते हैं।

इस उपलब्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सतीश एनएस, प्रेजीडेंट, हायर इंडिया ने कहा, "हायर में हम आधुनिक अनुसंधान, नई तकनीकों और प्रभावी निर्माण क्षमताओं के साथ सेगमेन्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लेकर आते हैं। पिछले दो दशकों में हमने भारतीय बाज़ार में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर लिया है। हमें गर्व है कि हमारे किनौची 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स को 'बेस्ट इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफ द ईयर' का खिताब मिला है। इस तरह की उपलब्धियां सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लाने की हायर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो देश के उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तत्पर है। 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर इंडिया' के दृष्टिकोण के साथ हायर आधुनिक, उर्जा प्रभावी, टिकाउ एवं सहज प्रोडक्ट्स के साथ भारत में अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार कर रहा है। उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को देखते हुए ब्राण्ड ने गर्मियों के इस सीज़न 1 मिलियन से अधिक फ्रॉस्ट सेल्फ-क्लीन एयर कंडीशनर्स बनाए हैं, जो उर्जा की बचत के साथ-साथ सेल्फ-क्लीनिंग की सुविधा भी देते हैं। ये एयर कंडीशनर इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि ये सेल्फ-क्लीनिंग, एंटी-बैक्टीरियल फिल्टर 10 सैकण्ड सुपरसोनिक कूलिंग और इंटेली कन्वर्टिबल 7 इन 1 जैसे फीचर्स के साथ ताजा एवं साफ हवा का अनुभव प्रदान करते हैं। ट्रिपल इन्वर्टर प्लस टेक्नोलॉजी से लैस ये एयर कंडीशनर्स 65 फीसदी तक उर्जा की बचत भी करते हैं।

# हरियाणा में रैलियों के लिए टीमें गठित, केंद्रीय नेताओं को भी मिली जिम्मेदारी : ओपी धनखड़

## सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में धनखड़ ने रैलियों के बारे में प्रेसवार्ता कर दी जानकारी



**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मोदी** सरकार के 9 साल पूरे होने पर हरियाणा में लोकसभा स्तर पर होने वाली सभी रैलियों की योजनाएं बना ली गई है। उनके लिए टीमें भी गठित कर दी गई हैं। हरियाणा में आठ रैलियां लोकसभा क्षेत्र स्तर की होंगी जबकि दो लोकसभा क्षेत्रों में प्रदेश स्तर की दो रैलियां होंगी। इनको लेकर केंद्रीय नेताओं की ड्यूटी भी लगाई है और प्रदेश स्तर पर इनके संयोजक नियुक्त किए गए हैं।

प्रदेश भर में 10 लोकसभाओं के तीन कलस्टर बनाए गए हैं और इसी हिसाब से जनसंपर्क अभियान के तहत होने वाली रैलियों के लिए नेताओं की ड्यूटी लगाई गई हैं। ये रैलियां जनसंपर्क अभियान के दौरान जून माह में ही होना तय हुई है। बुधवार को गुरुग्राम के भाजपा कार्यालय 'गुरुकमल' में बुलाई गई पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने रैलियों से संबंधित जानकारियां देते हुए बताया कि दस की दस लोकसभा क्षेत्रों में होने वाली रैलियों में केंद्रीय नेताओं का प्रवास रहेगा। धनखड़ ने बताया कि हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का प्रवास, अंबाला, करनाल कुरूक्षेत्र लोकसभा में रहेगा। डा. संजीव बाल्यान सोनीपत और रोहतक लोकसभा रैली में रहेंगे और डा. गजेंद्र शेखावत सिरसा लोकसभा रैली में मौजूद रहेंगे। हरियाणा के प्रभारी बिप्लब देब गुरुग्राम, फरीदाबाद, महेंद्रगढ़-भिवानी और हिसार लोकसभा क्षेत्र की रैलियों में शामिल होंगे। श्री धनखड़ ने बताया कि प्रदेश के महामंत्रियों की ड्यूटी भी इन लोकसभा में केंद्रीय नेताओं के साथ लगाई है। जिसमें जयराम ठाकुर के साथ प्रदेश महामंत्री वेदपाल एडवोकेट, बिप्लब देब के साथ प्रदेश महामंत्री मोहन लाल कौशिक और संजीव बाल्यान तथा गजेंद्र शेखावत के साथ प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी को जोड़ा गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हर लोकसभा की टीम भी बनाई गई है जिसमें उस क्षेत्र के सांसद के अलावा भी पार्टी पदाधिकारियों को रखा गया है। फरीदाबाद लोकसभा में कृष्णपाल गुर्जर के साथ सोहन पाल छोकर, दिनेश किलोड़ की ड्यूटी लगाई गई है। गुरुग्राम में राव इंद्रजीत सिंह के साथ पूर्व मंत्री विपुल गोयल और प्रदेश मंत्री समय सिंह भाटी को जोड़ा है। भिवानी में सांसद धर्मबीर सिंह के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष शिव कुमार मेहता और अजीत कलवाड़ी, हिसार में सांसद बृजेंद्र सिंह के साथ मेयर गौतम सरदाना, तेजेंद्र ढुल को जोड़ा है। सिरसा में सांसद सुनीता दुग्गल के साथ व्यापार बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन श्रीनिवास गोयल, प्रवीन, अंबाला में सांसद रतनलाल कटारिया के निधन के कारण रैली से संबंधी इस लोकसभा की जिम्मेदारी राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा को सौंपी गई है, उनके साथ डा. संजय शर्मा, विरेंद्र गर्ग की ड्यूटी लगाई है। धनखड़ ने बताया कि कुरुक्षेत्र में सांसद नायब सिंह के साथ कुरुक्षेत्र के प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, धूमन सिंह किरमिच की ड्यूटी लगाई है। करनाल में सांसद संजय भाटिया के साथ भगवानदास कबीरपंथी और गजेंद्र सलूजा की ड्यूटी लगाई गई है। सोनीपत में सांसद रमेश कौशिक के साथ विधायक महिपाल ढांडा और जवाहर सैनी को तथा रोहतक में सांसद अरविंद शर्मा के साथ राजीव जैन और आनंद सागर की ड्यूटी लगाई गई है।

## 41वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत में 41वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिला बैडमिंटन एसोसियेशन द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें एंट्री फीस है। इस प्रतियोगिता की एंट्री फीस 4 जून शाम 4 बजे तक लिटल एंजल्स स्कूल के बैडमिंटन हॉल में ली जाएगी।

इच्छुक खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने या किसी भी जानकारी के लिए बैडमिंटन कोच हरदीप कुमार सिंह से संपर्क कर सकते हैं। बैडमिंटन सैक्रेटरी जगबीर सिंह छिक्कारा और प्रधानाचार्या श्रीमती आशा गोयल ने बताया कि सभी रेफ़री बीएआई द्वारा मान्यता प्राप्त होंगे और रेफ़री का फैसला सर्वमान्य होगा। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग व सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# पानी की किल्लत को लेकर परेशान महिलाओं ने लगाया जाम

## अधिकारियों के आश्वासन के बाद महिलाओं ने खोला जाम



**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**शहर** की सूरी पेट्रोल पंप वाली गली के लोग पानी की किल्लत से काफी समय से परेशान है। लोगों ने बताया कि नहाने का पानी तो छोड़ो पीने का पानी भी घरों में नहीं है। इसी के चलते सूरी पेट्रोल पंप वाली गली के लोगों ने जाम कर दिया।

इसके बाद सिटी थाना के एसएचओ मौके पर पहुंचे और जल विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और आम जनता को आश्वासन दिया कि 4 घंटे में पानी उनके घरों में पहुंच जाएगा। लोगों ने आश्वासन के बाद कहा यदि अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह जाम दोबारा लगा दिया जाएगा और इसके लिए जल विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। शहर की सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में आसपास के कॉलोनी वासियों ने एकत्रित होकर पानी की किल्लत को लेकर जाम लगाया। कॉलोनी वासियों का कहना है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मियों में लगातार पानी की किल्लत जारी है।

उन्होंने बताया कि पूरे दिन में कुछ मिनटों के लिए या फिर कई-कई दिनों में एक बार पानी आता है। जिससे उन्हें नहाने धोने की तो बात ही दूर पीने के लिए भी पानी नसीब नहीं होता।

## राजकीय उच्च विद्यालय में मनाया पांच बेटियों का सामूहिक जन्मदिन

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिला के गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में मई माह में जन्मी बेटियों का सामूहिक जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर पांच बेटियों कविता, सुषमा, नेहा, रक्षा, हर्ष का सामूहिक जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही बच्चों ने केक काटकर एवं स्कूल में टॉफी भी वितरित कर जन्मदिन की खुशियां मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश सांगवान ने की एवं मंच का संचालन शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू एवं कृष्णा सिवाच ने किया। इस मौके पर मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने कहा कि उनके विद्यालय में हर माह बेटियों का सामूहिक जन्मदिन मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य बेटियों को भी बेटों के बराबर हक व सम्मान देने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। पिंकू ने कहा कि आज बेटियां घर की चारदीवारी से लेकर देश की सीमाओं तक उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने अभिभावक व देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। यही नहीं देश सेवा के साथ-साथ अपने माता-पिता की सेवा करने में भी बेटियां सदैव आगे रही हैं। बस उन्हे प्रोत्साहन की जरूरत है।

# भारतीय सनातन संस्कृति में निर्जला एकादशी का बड़ा महत्व: मेयर

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

## सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसो. एवं कृष्णा चैरिटेबल सोसायटी ने संयुक्त रूप से निर्जला एकादशी पर लगाई मीठे पानी की छबील

**बुधवार** को कृष्णा चेरिटेबल कार्यालय के सामने मेयर निखिल मदान एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने छबील लगाकर मीठा पानी एवं आईस क्रीम का प्रसाद वितरित किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में निर्जला एकादशी का बड़ा महत्व है, भगवान हरि विष्णु जी की उपासना के प्रतीक निर्जला एकादशी पर लोगों को मीठा जल पिलाना पुण्य का काम माना जाता है।

इसलिए आज सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर कृष्णा चैरिटेबल सोसायटी द्वारा लोगों को मीठा जल एवं आइसक्रीम प्रसाद के रूप में वितरित की जा रही है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि वह भगवान विष्णुजी से कामना करते हैं कि सभी लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण हो और उनके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का वास हो। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा नेता तरुण देवीदास भी मौजूद रहे और उन्होंने भी लोगों को मीठा जल वितरित किया। कार्यक्रम में प्रधान लाजपत डूडेजा, पवन शर्मा, केसी बत्रा, मदन अरोड़ा, बीआर आहूजा, प्रेम रेलन, राजकुमार मदान, रोहित आहूजा, कृष्ण चांदना, सौरभ सचदेवा, पंकज चावला, सुरेश खुराना, किशन चंद्र डूडेजा, सतीश विरमानी, जय दयाल, जितेंद्र, संजीव, विशाल रमेश कपूर, हंसराज, प्रेम प्रकाश, अमित, जुगल ज्योति आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत तिब्बत समन्वय संघ की राष्ट्रीय बैठक चिंतन-2023 का मेजबान बनेगा हरियाणा



**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**भारत** तिब्बत समन्वय संघ की महत्वपूर्ण बैठक कुरुक्षेत्र में डॉ शकुंतला शर्मा, प्रांत संरक्षक हरियाणा के निवास पर डा. देवेंद्र प्रताप असीजा अंबाला के निर्देशन तथा हरियाणा प्रांत अध्यक्ष मूल इकाई नरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में मुरथल, सोनीपत में होने वाले 24-25 जून को, राष्ट्रीय स्तर की बैठक को लेकर संपन्न हुई। जिसमें अनेक जिलों से कार्यकताओं ने भाग लिया।

बैठक की शुरूआत में डॉ शकुंतला शर्मा व कुरुक्षेत्र की टीम के द्वारा दूसरे जिलों से आए हुए अतिथियों का अंगवस्त्र व औषधीय तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया गया। बैठक में राष्ट्रीय स्तर की बैठक को लेकर मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर डॉ रुकमेश चौहान राष्ट्रीय महामंत्री, रेनू खुग्गर प्रांत अध्यक्ष हरियाणा प्रांत, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ ममता सूद, डॉ अर्चना शर्मा, प्रांत महामंत्री सुमन सांगवान, कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, गो संरक्षण प्रभारी राधा अग्रवाल, मानवाधिकार संरक्षण प्रभारी अनीता रामपाल, रिसर्च व शोध प्रभारी सुमन बत्रा, जिला अध्यक्ष महिला विभाग डॉ अन्नपूर्णा शर्मा, प्रांत मंत्री महिला विभाग डॉ ममता राणा, विश्वविद्यालय संयोजक डॉ सुरेंद्र कुमार व अशोक कुमार सोलंकी मौजूद रहे।

# ठंडा मीठा पानी पिला कर यात्रियों की बुझाई प्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**भारत** विकास परिषद की कुरुक्षेत्र जिला इकाई द्वारा निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर ठंडा मीठा पानी पिलाकर यात्रियों की प्यास बुझाई गई। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन मास्टर विनोद कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न सामाजिक संस्थाएं कार्य करती रहती है। भारत विकास परिषद उनमें एक अग्रणी संस्था है। जो समाज में जन-जागरण और सेवा के कार्य लगातार करती रहती है।

दरअसल भारत विकास परिषद् की स्थापना देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण, शिक्षा, अध्यात्म और देशवासियों में राष्ट्रप्रेम जागरण के लिए की गई थी। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु यह संस्था बखूबी काम कर रही है। परिषद के अध्यक्ष डॉ. पवन गुप्ता ने कहा कि निर्जला एकादशी पर यात्रियों को पानी पिलाने के साथ ही विश्व धूम्रपान दिवस पर यात्रियों को नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया गया। जिसके तहत रेलवे स्टेशन मास्टर विनोद कुमार को ज्ञापन भी सौंपा गया। ताकि ट्रेनों के अन्दर धूम्रपान पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में निर्जला एकादशी के दिन जल दान का विशेष महत्व बताया गया है।

इसलिए इस दिन अधिक से अधिक जल दान करना चाहिए। इस अवसर पर परिषद् के सचिव अतुल गोयल, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश, मीडिया प्रभारी डॉ संजय शर्मा, सुरेश अरोड़ा, रमेश गुलाटी, रजनीश गुप्ता, हरविंदर बंसल, दिनेश सिंगल, नीना, संगीता, मोनिका, डॉ वीणा गुप्ता, शारदा गुलाटी, डॉ सुनील बाला, प्रमेश वर्मा, मधु, राजेंदर, रमेश डांडा आदि मौजूद रहे।

## भारत स्काउंटस एंड गाइड चंद्र शेखर आजाद ओपन ग्रुप को दिखाई हरी झंडी

**भिवानी।** उपायुक्त नरेश नरवाल ने लघु सचिवालय परिसर से दा भारत स्काउंटस एंड गाइड चंद्र शेखर आजाद ओपन ग्रुप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डीसी ने ग्रुप की लोगो-टीशर्ट का भी विमोचन किया। ये ग्रुप शहर में रैली के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण आदि बारे नागरिकों को जागरूक करेगा।

इस दौरान डीसी नरवाल ने कहा कि समाज में किसी भी तरह की जागरूकता के लिए सामाजिक संगठनों का अहम योगदान होता है। सरकार द्वारा आमजन को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नशे से दूर रहने के अलावा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं बारे भी जागरूकता अभियान चलाकर समाज को जागरूक किया जाता है। दा भारत स्काउंटस एंड गाइड चंद्र शेखर आजाद ओपन ग्रुप के संचालक लक्ष्मण गौड़ ने कहा, ग्रुप लीडर सागर की अगुवाई में रैली के माध्यम से शहर में विभिन्न स्थानों पर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

# सुमित हिन्दुस्तानी और जगबीर जोगनाखेड़ा का किया अभिनंदन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सुमित हिन्दुस्तानी व जगबीर जोगनाखेड़ा।

**किसान** रेस्ट हाऊस नई अनाज मंडी शाहाबाद में आम आदमी पार्टी शाहबाद विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग का संचालन करते हुए डॉ रोहताश रंगा नलवी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का मंच के माध्यम से स्वागत किया।

शाहबाद के सभी कार्यकर्ताओं ने लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुमित हिन्दुस्तानी और जिला अध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर निष्ठा व ईमानदारी से काम करने को कहा, ताकि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी बहुत मजबूत होकर आगे बढ़े। लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुमित हिन्दुस्तानी ने साथियों को आह्वान करते हुए कहा कि हर वर्कर पार्टी की जनहितैषी नीतियों को घर घर जाकर लोगों से संपर्क करें, ताकि लोगों का विश्वास पार्टी की ओर बढ़े। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी ज्यादा से ज्यादा साथियों के साथ 8 जून को जींद में होने वाली तिरंगा यात्रा में भाग ले क्योंकि इस तिरंगा यात्रा का शुभारंभ और संचालन राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान संयुक्त रूप से करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बंता राम बाल्मीकि ने भी संबोधित करते हुए कहा कि हर वर्कर पार्टी में निष्ठा से काम करें। आज की इस मीटिंग मे लोकसभा क्षेत्र सचिव सरबजीत सिंह मुलतानी, महिला विंग की जिलाध्यक्षा आशा पठानिया, जिला सचिव जोगा सिंह, समय सिंह, निर्मल सिंह, कमल बाबू रंगा, मान सिंह रतनगढ़, दीदार सिंह सरपंच, हरवंस लाल कश्यप, एडवोकेट जयभगवान चिब्बा, ललित अग्रवाल, जोगिंद्र कश्यप मौजूद रहे।

# कबूतरबाजी रोकने को सरकार ने जारी किया टोल फ्री नंबर

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**शिक्षा,** रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहने की जरूरत है। लोगों को चाहिए कि वे सरकार की ओर से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। हरियाणा सरकार कबूतरबाजी को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की ओर से कबूतरबाजों से बचने के लिए जनहित में टोल फ्री नंबर 8053003400 जारी किया गया है।

उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। प्राय: देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं, जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई, अन्य संपत्ति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं।

उन्होंने कहा कि अनाधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं। ऐसे अनेक मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को भी खतरा हो जाता है। इसलिए ऐसे कबूतरबाज ट्रैवल एजेंट व एजेंसियों से सावधान रहें और सरकार की ओर से अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश जाने का प्लान बनाएं। उन्होंने बताया कि सरकार की और से अधिकृत ट्रेवल एजेंट एवं एजेंसियों की सूची जारी की हुई है।

# मोबाइल और चाय भी है एक नशा : बीके विद्या

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



विद्यार्थियों को संबोधित करतीं ब्रह्माकुमारी बहन।

**नशा** मुक्त भारत अभियान के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान कुरुक्षेत्र की बहनें विभिन्न स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूक कर रही हैं। इसी दौरान राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ज्योतिसर में बीके विद्या ने अपने वक्तव्य में बताया कि हमने सरकार के साथ हाथ मिलाया। सरकार को भी विश्वास था कि हमारी संस्था यह काम कर सकती है।

हम अकेले आपके सहयोग के बिना कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने बताया कि हम जिस चीज पर आधारित हो जाते हैं, वही नशा है। सिगरेट बीड़ी, तंबाकू, शराब, गुटका, अफीम आदि अनेक नशीले पदार्थों को तो हम सब जानते हैं, पर मोबाइल और चाय भी एक नशा है। इससे होने वाले दुष्प्रभावों का पता नहीं। मनुष्य आज चारों ओर का वातावरण, संगति का प्रभाव और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण मनमर्जी शुरू कर देता है और वही मनमर्जी हमें किसी भी रास्ते पर ले जा सकती है। भारत की प्राचीन सभ्यता के बारे में बताते हुए कहा कि हम बिना स्नान किए मंदिर में भी नहीं जाते थे और कोई भी नशीली चीज देवी देवताओं को नहीं चढ़ाते थे, फिर हम इसका सेवन क्यों करते हैं।

तंबाकू के बारे में बताया कि उसे हाथ पर रगड़ कर खाते हैं और वही हाथ हमारी जीवन की रेखाओं को बनाता है, जिससे जीवन की रेखाएं समाप्त होती जा रही हैं। बीड़ी, सिगरेट पीने वाले अपने अंदर काला धुआं जमा करते रहते हैं, जो धीरे-धीरे शरीर को खत्म कर देता है। राजयोग मेडिटेशन का महत्व बताते हुए कहा कि इस से नशे से मुक्ति पा सकते हैं। 1072 लोगों पर योग का प्रयोग किया गया, तो 65 फीसद लोग ठीक हो गए।

बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप लोग नशा नहीं करते, परंतु आप अपने आसपास, परिवार, रिश्तेदार और समाज के लोगों को जागरूक करके सरकार की मदद कर सकते हो। युवा वर्ग मन में ठान ले कि न हम नशा लेंगे और न लेने देंगे तो भारत व्यसन मुक्त हो जाएगा। बी.के सुनीता मित्तल ने छात्र-छात्राओं को प्रतिज्ञा करवा कर सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

# मणिपाल की ओर से यूएसए में डॉक्टर बनाने वाले, सितंबर-23 के बैच के लिये भर्तियां शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मणिपाल** की अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ एंटिग्वा कॉलेज ऑफ मेडिसिन एक मेडिकल प्रोग्राम की पेशकश करती है, जिसमें विद्यार्थी एमएएचई, मणिपाल भारत में अपनी चिकित्सा शिक्षा की यात्रा शुरू करते हैं, इसके एंटिग्वा कैम्पस में प्री-क्लिनिकल साइंसेज की पढ़ाई जारी रखते हैं और फिर यूएस/यूके/कनाडा के संबद्ध शिक्षा अस्पतालों में क्लिनिकल रोटेशंस से गुजरते हैं।

लाइसेंसिंग परीक्षाओं में सफल होने के बाद, विद्यार्थी अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ एंटिग्वा द्वारा दी जाने वाली डॉक्टर ऑफ मेडिसिन डिग्री से ग्रेजुएट होते हैं। मौजूदा समय में एयूए के ग्रेजुएट्स अमेरिका में 700 से ज्यादा रेजिडेंसी प्रोग्राम्स में एनरोल्ड हैं। प्री-मेड से लेकर एमडी तक का प्रोग्राम 6.5 साल का होता है, जोकि उन हाई स्कूल के ग्रेजुएट्स और अपारंपरिक विद्यार्थियों के लिये तैयार किया गया है, जो मेडिसिन में अंतरराष्ट्रीय कॅरियर बनाना चाहते हैं। मेडिकल की पढ़ाई करने के इच्छुक वे विद्यार्थी, जिनके पास एक मान्यता-प्राप्त यूनिवर्सिटी की बैचलर्स डिग्री इन साइंस है। जो कोर्स से पहले की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, वे एयूए के प्रतिष्ठित 4.5 साल के एमडी प्रोग्राम में सीधे एनरोल होने के लिये आवेदन करने के योग्य हैं। बैचलर डिग्रीधारकों के लिये एयूए के डॉक्टर ऑफ मेडिसिन प्रोग्राम में एंटिग्वा की एयूए में 2.5 साल का प्री-मेडिकल साइंसेस होता है, जिसके बाद यूएसए या यूके/कनाडा के संबद्ध अस्पतालों में दो साल के क्लिनिकल रोटेशंस होते हैं। मणिपाल की एयूए अब मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एज्युकेशन, मणिपाल, कर्नाटक, भारत में प्री-मेड से लेकर एमडी प्रोग्राम के सितंबर 2023 बैच के लिये आवेदन स्वीकार कर रही है। अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ एंटिग्वा यह मणिपाल एज्युकेशन एण्ड मेडिकल ग्रुप का हिस्सा है। चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्यरक्षा में मणिपाल की विरासत से समर्थित एयूए अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के एक केन्द्र के रूप में विकसित हुई है अमेरिका, यूके और कनाडा में संबद्ध शिक्षा अस्पतालों में क्लिनिकल रोटेशंस और अभी दुनिया में 700 से ज्यादा रेजिडेंसी प्रोग्राम्स में प्रैक्टिस कर रहे सफल भूतपूर्व विद्यार्थियों के एक व्यापक नेटवर्क के साथ, एयूए विद्यार्थियों को चिकित्सकीय विशेषज्ञता विकसित करने के लिये प्रोत्साहक वातावरण देती है।

# बेटियों का शोषण करने वाले को संरक्षण दे रही बीजेपी: शैलजा

## कांग्रेस नेत्री प्रवेश राणा के ससुर के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंची कुमारी शैलजा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

### कहा, देश में है भय, भ्रष्टाचार, भुखमरी, बेरोजगारी का आलम

**कांग्रेस** पार्टी वरिष्ठ नेत्री कुमारी शैलजा कांग्रेस नेत्री प्रवेश राणा के ससुर के निधन पर उनके निवास ज्योति नगर में शोक व्यक्त करने पहुंची। उनके साथ पूर्व प्रदेश सचिव सुरेश यूनिसपुर व अन्य कांग्रेसी भी मौजूद रहे। प्रवेश राणा की परिजनों के साथ अशोक सांझा करने के बाद वह पत्रकारों से भी रूबरू हुई।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा शोषण करने वालों को संरक्षण दे रही है। देश को मेडल दिलाकर नाम रोशन करने वाली बेटियां आज न्याय के लिए भाजपा सरकार से न्याय की गुहार लगा रही हैं लेकिन भाजपा का बेटी बचाओ के स्थान पर बेटियों का शोषण करने वालों का साथ देकर उन्हें भरपूर संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी कोई शर्मनाक बात भाजपा के लिए नहीं हो सकती कि देश का मान बढ़ाने वाले उन बेटियों को ही न्याय नहीं दिया जा रहा जिन बेटियों ने अपना पसीना बहाकर देश का गौरव बढ़ाया था। शैलजा ने कहा कि भाजपा दो चेहरे वाले लोगों की पार्टी है। भाजपा की दोगली नीतियों के कारण ही आज प्रदेश ही नहीं पूरा देश भी अंधकार की ओर जा रहा है। भाजपा की आम जन विरोधी नीतियों के चलते देश आज उसी दौर में पहुंच चुका है जहां से कांग्रेस आजादी के बाद भारत देश को विकास के मार्ग पर लेकर चली थी।

पूरे देश में आज भय, भ्रष्टाचार, भुखमरी, बेरोजगारी का आलम है। देश के युवाओं के सामने बेरोजगारी के इस कदर हालात बन गए हैं कि उन्हें देश छोड़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। युवा प्रतिभाओं का भारी संख्या में पलायन आने वाले समय में देश के लिए बहुत भारी पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा से हर वर्ग का व्यक्ति अजीज हो चुका है। आने वाले समय में प्रदेश की जनता इसका हिसाब जरूर चुकता करेगी।



कांग्रेस नेत्री प्रवेश राणा के निवास पर पत्रकारों से बातचीत करतीं कुमारी शैलजा।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने केन्द्र से कहा


# शवों से दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में लाने के लिए कानून में संशोधन हो

एजेंसी। बेंगलुरु

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय ने शवों से शारीरिक संबंध बनाने को अपराध की श्रेणी में लाने और दंडित करने के वास्ते भारतीय दंड संहिता के संबंधित प्रावधानों में केन्द्र से संशोधन करने को कहा है। उच्च न्यायालय ने ये अनुशंसा एक व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत बरी करते हुए कीं क्योंकि दुष्कर्म के प्रावधानों में ऐसा कोई उपनियम नहीं है जिसके तहत शव के साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी को दोषी ठहराया जा सके।

आरोपी ने एक महिला की हत्या कर दी थी और फिर उसके शव के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। अदालत ने हालांकि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत उसे कठोर उम्रकैद की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। न्यायमूर्ति बी वीरप्पा और न्यायमूर्ति वेंकटेश नाइक टी की पीठ ने 30 मई के अपने आदेश में कहा, आरोपी ने शव के साथ शारीरिक संबंध बनाए। क्या यह भारतीय दंड संहिता की धारा 375 अथवा 377 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है? धारा 375 तथा 377 का सावधानीपूर्वक अध्ययन यह स्पष्ट करता है कि पार्थिव शरीर को मानव अथवा व्यक्ति नहीं माना जा सकता। पीठ ने आदेश में कहा, इसलिए भारतीय दंड संहिता की धारा 375 अथवा धारा 377 के प्रावधान लागू नहीं होंगे। उच्च न्यायालय ने ब्रिटेन और कनाडा सहित कई देशों का उदाहरण दिया, जहां पार्थिव शरीर के साथ शारीरिक संबंध बनाना और शवों के साथ अपराध दंडनीय अपराध हैं और कहा कि ऐसे प्रावधान भारत में भी लाए जाएं।

आरोपी ने एक महिला की हत्या करने के बाद शव के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे



अदालत ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि शवों के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए छह महीने के भीतर सभी सरकारी और निजी अस्पतालों के मुर्दाघरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसने मुर्दाघरों के ठीक से नियमन और कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने की भी सिफारिश की।

हत्या और दुष्कर्म का यह मामला 25 जून 2015 का है और आरोपी तथा पीड़िता दोनों तुमकुर जिले के एक गांव से थे।

# सरकार का राष्ट्रीय संपत्तियों को बेचना सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य: खड़गे

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार राष्ट्रीय संपत्ति और सार्वजनिक उपक्रमों को अपने पूंजीपति मित्रों के हाथों बेच रही है जो सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ साल पूरे होने के संदर्भ में यह आरोप लगाया।

खड़गे ने ट्वीट किया, मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रीय संपत्तियों और सार्वजनिक उपक्रमों को अपने पूंजीपति मित्रों के हाथों में बेचना सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य है। उन्होंने आरोप लगाया, यह विध्वंसक लूट भारत के गरीब, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों के लिए नौकरी के अवसरों को छीन रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र में उनकी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को कहा था कि लोगों के जीवन को बेहतर करने की उनकी इच्छा उनके हर निर्णय का कारण रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया था, आज, हम राष्ट्र की सेवा में नौ वर्ष पूरे कर रहे हैं। मैं कृतज्ञ और आभारी हूं। (इस दौरान) किए गए हर निर्णय, उठाए गए हर कदम के पीछे लोगों का जीवन बेहतर बनाने की इच्छा रही है। हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए और भी मेहनत से काम करते रहेंगे।

# पीएम मोदी को लगता है कि वह भगवान से ज्यादा जानते हैं: राहुल

## राहुल ने कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में साधा पीएम पर निशाना

एजेंसी। सांता क्लारा (अमेरिका)

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत में ऐसे लोग हैं जो सोचते हैं कि वे भगवान से अधिक जानते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका एक उदाहरण हैं। अमेरिकी के कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस यूएसए द्वारा आयोजित मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम में गांधी ने कहा कि ये लोग पूरी तरह से इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि वे सब कुछ जानते हैं। ए लोग इतिहासकारों को इतिहास, वैज्ञानिकों को विज्ञान और सेना को युद्ध कैसे लड़ना है, यह बता सकते हैं। मुद्दे की बात यह है कि वे सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, दुनिया इतनी बड़ी तथा जटिल है कि कोई भी व्यक्ति सब कुछ नहीं जान सकता।



**राहुल अमेरिका के तीन शहरों की यात्रा पर हैं**

**अमेरिका** के तीन शहरों की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे। इस दौरान वह प्रवासी भारतीयों से बातचीत करेंगे और अमेरिकी सांसदों से मुलाकात करेंगे। पित्रोदा ने पिछले हफ्ते कहा था कि गांधी की यात्रा का मकसद वास्तविक लोकतंत्र के साझा मूल्यों और दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

यह एक बीमारी है भारत में लोगों का एक समूह है जो पूरी तरह से आश्वस्त है कि वे सब कुछ जानते हैं। उन्हें लगता है कि वे भगवान से भी अधिक जानते हैं। गांधी ने कहा, वे भगवान के साथ बैठकर उन्हें समझा सकते हैं कि क्या हो रहा है। और जाहिर सी बात है कि हमारे प्रधानमंत्री इसका एक उदाहरण हैं। यदि आप मोदी जी को भगवान के साथ बैठा दें तो वह भगवान को समझाएंगे कि ब्रह्मांड कैसे काम करता है और भगवान भी हैरान परेशान हो जाएंगे कि यह मैंने क्या बनाया है। राहुल गांधी की इस बात पर वहां मौजूद भारतीय- अमेरिकियों ने खूब ठहाके लगाए। गांधी के कार्यक्रम में न केवल सिलिकॉन वैली बल्कि लॉस एंजिलिस और कनाडा से भी समुदाय के सदस्यों ने हिस्सा लिया। गांधी ने भारतीय अमेरिकियों से कहा कि भारत के विचार पर हमला हो रहा है और इसे चुनौती दी जा रही है।

उन्होंने अमेरिका में भारत का झंडा बुलंद करने, अमेरिकी लोगों की संस्कृति का सम्मान करते हुए उन्हें यह बताने कि एक भारतीय होने का क्या अर्थ होता है, और साथ ही उनसे सीखने और उन्हें अपनी संस्कृति के बारे में बताने के लिए भारतीय अमेरिकियों की सराहना की।राहुल गांधी ने कहा, आपने हम सब का मान बढ़ाया है। जब हम अपने देश के बारे में सोचते हैं तो आप सभी हमारे राजदूत हैं जब अमेरिका कहता है कि भारत बहुत समझदार हैं। भारतीय लोग आईटी के उस्ताद हैं, ये सभी विचार केवल आपके कारण और आपके कार्यों तथा आपके व्यवहार का परिणाम हैं। गांधी ने कहा कि आज भारत में गरीब और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारतीय एक-दूसरे से नफरत करने में विश्वास नहीं करते। कुछ लोगों का एक छोटा समूह है जो व्यवस्था और मीडिया को नियंत्रित करता है, वह नफरत की आग भड़का रहा है।

महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस के रुख के बारे में उन्होंने कहा, ये एकदम स्पष्ट है। हम विधेयक को पारित कराने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हमें महिलाओं को राजनीतिक व्यवस्था, व्यवसाय और देश चलाने में उनका उचित स्थान देना होगा। कुछ खालिस्तान समर्थकों ने गांधी के भाषण को बाधित करने की कोशिश की लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बाहर निकाल दिया। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा भी गांधी के साथ कार्यक्रम में मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि भारत को देश का नेतृत्व करने के लिए गांधी जैसी युवा सोच की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें किसी खुले दिमाग वाले की जरूरत है। हमें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जिसके पास व्यापक एवं वैश्विक अनुभव हो। यही कारण है कि हम सभी यहां बड़ी संख्या में लोगों से मिल रहे हैं और बातचीत कर रहे हैं। पित्रोदा ने कहा, मुझे पता है कि आगे की राह मुश्किल है। यह उतना आसान नहीं है, भारत के बारे में हमारी सोच बहुत अलग है।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने वाईएसआर कांग्रेस के सांसद को अंतरिम जमानत दी



**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने एक पूर्व मंत्री की हत्या के मामले में वाईएसआर कांग्रेस के सांसद वाई एस अविनाश रेड्डी को बुधवार को अंतरिम जमानत दे दी। आरोपी मृतक के रिश्तेदार हैं।

अदालत ने अविनाश रेड्डी को जांच पूरी होने तक केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से अनुमति लिए बिना देश नहीं छोड़ने के भी निर्देश दिए। न्यायमूर्ति एम लक्ष्मण ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता को जांच में सहयोग करना चाहिए और जून 2023 के अंत तक प्रत्येक शनिवार को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे के बीच सीबीआई पुलिस के समक्ष पेश होना चाहिए, साथ ही जरूरत पड़ने पर नियमित रूप से पेश होना चाहिए। अविनाश रेड्डी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के रिश्ते के भाई हैं।

वह मार्च 2019 में हुई वाईएस विवेकानंद रेड्डी की हत्या के मामले में सीबीआई की जांच के घेरे में हैं। पूर्व मंत्री विवेकानंद रेड्डी आरोपी के चाचा थे। अविनाश रेड्डी को 19 मई को पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने पेश होने के लिए कहा गया था लेकिन वह अपनी मां की बीमारी और अस्पताल में इलाज का हवाला देते हुए पेश नहीं हुए थे। इसके बाद जांच एजेंसी ने उन्हें एक और नोटिस जारी कर 22 मई को पेश होने को कहा।

2000 के नोट को लेकर छिड़ा विवाद

# आरबीआई की शर्तों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

## दिल्ली हाईकोर्ट में हो चुकी है खारिज

एजेंसी। बाटम





**दिल्ली** हाईकोर्ट ने बिना आईडी के 2,000 रुपये के नोट बदलने की अनुमति देने वाली आरबीआई की अधिसूचना के खिलाफ दायर की गई जनहित याचिका को खारिज कर दिया था। यह याचिका अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने दायर की थी। अब दिल्ली हाईकोर्ट से निराशा हाथ लगने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

कोर्ट में दायर याचिका में आरबीआई के फैसले को चुनौती देते हुए कहा था कि सरकार का यह फैसला मनमाना है और यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। सारी दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सतीश चंदर शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की खंडपीठ ने इसे खारिज कर दिया था। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 19 मई को 2000 रुपये का नोट वापस लेने की घोषणा की थी। इसके साथ ही 23 मई 2023 से 30 सितंबर 2023 तक नोट को बैंकों में जमा करने या अन्य नोट से बदलने की सुविधा दी थी। साथ ही आरबीआई ने अधिसूचना में कहा था कि इस दौरान 2000 रुपये का नोट लेनदेन के लिए वैध रहेगा। वहीं, एसबीआई ने ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए बिना किसी पहचान प्रमाण, मांग पर्ची या फॉर्म भरे नोट बदलने की सुविधा देने की अनुमति बैंक शाखाओं को दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सतीश कुमार शर्मा व जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने सोमवार को बिना अर्जी व बिना पहचान पत्र के 2,000 रुपये के नोट बदलने की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी।

भाजपा नेता व वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने याचिका में भारतीय रिजर्व बैंक व भारतीय स्टेट बैंक की अधिसूचना को चुनौती देते हुए कहा था कि बड़ी संख्या में 2,000 रुपये के नोट या तो व्यक्तिगत लॉकर में पहुंच चुके हैं अथवा उन्हें अलगाववादियों, आतंकियों, नक्सलियों, ड्रग तस्करों, खनन माफिया व भ्रष्ट लोगों ने जमा कर लिया है।

## कनाडा के अटलांटिक तट पर जंगल में लगी आग

इलाके से 16000 लोगों को निकाला गया

**हालीफैक्स (कनाडा)।** कनाडा के अटलांटिक तट पर एक जंगल में लगी आग से करीब 200 मकान व अन्य संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे वहां से करीब 16,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। हालीफैक्स के दमकल विभाग के उप प्रमुख डेविड मेल्डम ने बताया कि हालीफैक्स इलाके में रविवार को लगी आग को दमकलकर्मी रात भर काबू करने की कोशिश करते रहे। क्षतिग्रस्त हुए मकानों का सटीक आंकड़ा बताना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन नगरपालिका सरकार ने करीब 200 मकानों के क्षतिग्रस्त होने की बात कही है। इस बीच स्थानीय निवासियों को अपने मकानों और पालतू जानवरों की चिंता सता रही है। स्थानीय निवासी डैन कैवानुआग ने कहा, हमारी हालत भी दूसरों जैसी है। हमें नहीं पता कि हमारे मकान बचे हैं कि नहीं या उन्हें कितना नुकसान पहुंचा है। हालांकि पुलिस अधिकारी निवासियों के नाम दर्ज कर उन्हें उनकी संपत्तियां देखने के लिए बुला रहे हैं।

# उ. कोरिया का जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने का पहला प्रयास रहा विफल

एजेंसी। सियोल

**उत्तर** कोरिया का जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने का पहला प्रयास विफल रहा। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच देश के नेता किम जोंग-उन की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को यह एक बड़ा धक्का है।



उत्तर कोरिया ने प्रक्षेपण के विफल रहने के तुरंत बाद ही दूसरा प्रक्षेपण करने का संकल्प जताया। इससे संकेत मिलता है कि किम अपने हथियारों के शस्त्रागार का विस्तार करने और अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया पर अधिक दबाव बनाने को प्रतिबद्ध हैं।

दोनों ही देशों के साथ उत्तर कोरिया के कूटनीतिक संबंध ठप हैं। दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी द्वीप इओचॉन्गदो के पश्चिम में समुद्र में उत्तर कोरियाई रॉकेट के दुर्घटनाग्रस्त होने का अनुमान है।

इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने एक सफेद, धातु के सिलेंडर की तस्वीरें जारी कीं, जिसे संदिग्ध रॉकेट का टुकड़ा बताया गया। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एडम होज ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, उत्तर कोरिया के इस प्रक्षेपण की कड़ी निंदा करता है क्योंकि उसने प्रतिबंधित बैलिस्टिक मिसाइल तकनीक का इस्तेमाल किया, तनाव बढ़ाया और क्षेत्र तथा उसके बाहर सुरक्षा को अस्थिर करने का जोखिम उठाया।

# बुनियादी ढांचे, अन्य सुविधाओं के कारण उद्योग महाराष्ट्र को प्राथमिकता देते हैं: शिंदे

एजेंसी। ठाणे (महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि बेहतर बुनियादी ढांचे, कुशल श्रमशक्ति और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के कारण विदेशी समेत कई उद्योगों से महाराष्ट्र को प्राथमिकता मिलती रही है। नेरुल में नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) द्वारा शुरू की गई कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद मंगलवार रात अपने संबोधन में शिंदे ने यह भी कहा कि मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे राज्य में किसानों की मदद में कारगर साबित होगा।



उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक परियोजना से यात्रा समय कम होने से राज्य की राजधानी नवी मुंबई और रायगढ़ के और करीब हो जाएगी। मुंबई की सड़कों को गड्ढामुक्त करने के उनकी सरकार के फैसले का जिक्र करते हुए शिंदे ने कहा कि यह काफी पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन अब हमने सड़कों को पक्का करने का फैसला किया है। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा, वे नई दिल्ली की तर्ज पर मोहल्ला क्लीनिक की बात करते हैं लेकिन हम वंदनीय बाला साहेब ठाकरे आपला दवाखाना काफी पहले ला चुके हैं जो यहां महाराष्ट्र के जरूरतमंदों की सेवा के लिए है। उन्होंने कहा, कुशल श्रमशक्ति समेत बेहतर बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं के कारण महाराष्ट्र को विदेशी समेत कई उद्योगों से प्राथमिकता मिलती रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे का निर्माण हो रहा था तब कई विरोधी इसकी जरूरत को लेकर सवाल करते थे, लेकिन आज कोई भी इसकी उपयोगिता को महसूस कर सकता है और इससे लोगों को अत्यंत लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि किसी शहर के विकास का मतलब यह नहीं है वहां सिर्फ ऊंची-ऊंची इमारतों का निर्माण हो, बल्कि वहां नागरिकों के लिए पार्क और पुस्तकालय भी होने चाहिए।

पंजाब मंत्रिमंडल का विस्तार

# गुरमीत सिंह खुडियां और बलकार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली

एजेंसी। चंडीगढ़

**पंजाब** में भगवंत मान सरकार ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया और आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गुरमीत सिंह खुडियां तथा बलकार सिंह ने नए मंत्रियों के रूप में शपथ ली। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने यहां राजभवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इस दौरान वहां मौजूद रहे।



गुरमीत सिंह खुडियां (60) मुक्तसर की लांबी सीट से विधायक हैं। 2022 में हुए पंजाब विधानसभा चुनाव में उन्होंने पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल को उनके गढ़ में 11,396 मतों के अंतर से मात दी थी। पहली बार विधायक बने खुडियां 2021 में कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए थे। बलकार सिंह (60) जालंधर में करतारपुर आरक्षित सीट से विधायक हैं। सिंह एक पूर्व पुलिस अधिकारी हैं। वह पंजाब पुलिस से सेवानिवृत्त होने के बाद 2021 में आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हुए थे। सिंह भी पहली बार विधायक बने हैं। पंजाब में 14 महीने पुरानी मान के नेतृत्व वाली सरकार का यह तीसरा मंत्रिमंडल विस्तार है। भगवंत मान सरकार ने जुलाई 2022 में अपना पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया था, जिसमें पार्टी के पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया था। इस साल जनवरी में आप के वरिष्ठ नेता एवं पटियाला ग्रामीण से विधायक डॉ. बलबीर सिंह को मंत्री बनाया गया। उन्हें फौजा सिंह सारारी के इस्तीफे के बाद मंत्री बनाया गया था।

## विदेश मंत्री एक से छह जून तक द. अफ्रीका और नामीबिया की यात्रा करेंगे

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर केपटाउन में पांच देशों के समूह ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार से द. अफ्रीका की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के बाद चार से छह जून तक वह नामीबिया की यात्रा पर जाएंगे।

मंत्रालय के अनुसार, विदेश मंत्री केपटाउन में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए एक से तीन जून तक दक्षिण अफ्रीका की यात्रा करेंगे। ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों को एक साथ लाता है। यह वैश्विक आबादी के 41 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 16 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। केपटाउन में ब्रिक्स बैठक में हिस्सा लेने के अलावा जयशंकर अपने दक्षिण अफ्रीकी समकक्ष नालेदी पांडोर के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

# प्रधानमंत्री ने पहलवानों से पदक न बहाने की अपील क्यों नहीं की: कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे पहलवानों द्वारा अपने पदक गंगा में प्रवाहित करने की घोषणा को लेकर बुधवार को कहा कि उसे इस बात का दुख है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन पहलवानों से यह कदम नहीं उठाने की अपील कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

पार्टी सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के किसी भी नेता की ओर से इस तरह की अपील नहीं किया जाना अहंकार है। हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा, अपने प्राण समान पदक को लेकर हमारी बेटियां और खिलाड़ी कल हरिद्वार पहुंचे थे। सोचिए उनके मन में कितना दुख और टीस रही होगी। इस असंवेदनशील, निर्दई और जुल्मी सरकार ने देश की बेटियों को ऐसा सोचने पर मजबूर किया। कांग्रेस नेता ने दावा किया, इनका नारा था कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। अब नारा बेटी भाजपा के नेताओं से बचाओ हो गया है। उन्होंने सवाल किया, भाजपा समान नागरिक संहिता की बात करती है। क्या देश में भाजपा के नेताओं के लिए अलग कानून है? क्या कारण है कि भाजपा सांसद के खिलाफ इतने गंभीर आरोप लगे हैं, फिर भी पूरी सरकार और भाजपा उसे बचाने में लगी है? हुड्डा ने कहा, आरोपी सांसद का कहना है कि पदक 15 रुपये में मिल जाते हैं। अगर ऐसा है तो देश और कांग्रेस पार्टी पैसे दे देगी, वह (बृजभूषण शरण सिंह) ओलंपिक पदक खरीदकर दिखाएं। उन्होंने कहा, देश के दिल में बहुत दर्द है कि प्रधानमंत्री ने यह अपील करना उचित नहीं समझा कि निष्पक्ष जांच होगी और न्याय मिलेगा, इसलिए आप लोग पदक गंगा में मत बहाइए, आप देश की बेटी हो। मगर इतने भी शब्द प्रधानमंत्री, खेल मंत्री या भाजपा के किसी भी नेता की तरफ से नहीं आए। यह अहंकार है। मुक्केबाज विजेंद्र ने कहा कि अगर आज कांग्रेस की सरकार होती तो आरोपी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होती और फिर महिला पहलवानों को बुलाकर उनसे बात की जाती, लेकिन इस सरकार में ऐसा नहीं हो रहा।



कल नाटकीय घटनाक्रम के तहत साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया सहित देश के शीर्ष पहलवान मंगलवार को गंगा नदी में अपने ओलंपिक और विश्व पदक विसर्जित करने सैकड़ों समर्थकों के साथ हरिद्वार पहुंचे लेकिन खाप और किसान नेताओं के समझाने बुझाने पर उन्होंने अपना फैसला टाल दिया। हालांकि अपनी मांगे मानने के लिए पांच दिन का समय दिया है।

## पहलवान ऐसा कोई कदम न उठाएं जिससे खेल की महत्ता कम हो : ठाकुर

**नई दिल्ली।** प्रदर्शनकारी पहलवानों द्वारा हरिद्वार में गंगा नदी में अपने पदक प्रवाहित करने की घोषणा के एक दिन बाद खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों से बुधवार को कहा कि वे ऐसा कोई भी कदम न उठाएं जिससे खेल की महत्ता कम हो। साथ ही उन्होंने कहा कि पहलवानों के आरोपों की जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) चुनाव कराएगा और एक नए निकाय का चुनाव जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने पद छोड़ दिया है और डब्ल्यूएफआई कोई निर्णय नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित प्रशासकों की समिति हर दिन के फैसले ले रही है। ठाकुर ने पहलवानों से धैर्य और उच्चतम न्यायालय, खेल मंत्रालय तथा दिल्ली पुलिस पर विश्वास रखने का अनुरोध किया जो डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोपों की जांच कर रहे हैं। खेल मंत्री ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा, मैं पहलवानों से आग्रह करता हूं कि वे जांच के नतीजे आने तक धैर्य रखें। मैं उनसे यह भी अपील करता हूं कि वे ऐसा कोई कदम न उठाएं जिससे खेल की महत्ता कम हो। उन्होंने कहा कि खेल मंत्रालय ने पहलवानों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की थी और जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## ओडिशा : बारहवीं कक्षा के विज्ञान और वाणिज्य संकाय के नतीजे घोषित

**बीते साल इस संकाय में 89.20 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए थे**

एजेंसी। भुवनेश्वर

**ओडिशा** में उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीएचएसई) ने बुधवार को ओडिशा बोर्ड के 12वीं कक्षा के विज्ञान और वाणिज्य संकाय के नतीजे घोषित कर दिए हैं। ओडिशा के स्कूल और जन शिक्षा मंत्री सुदाम मरांडी ने विभाग सचिव और उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीएचएसई), ओडिशा के अधिकारियों की उपस्थिति में परिणाम की घोषणा की। उनके मुताबिक, इस वर्ष विज्ञान संकाय में 84.93 फीसदी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की। हालांकि, इस वर्ष के नतीजे पिछले वर्ष की तुलना में 9.19 फीसदी कम हैं। पिछली बार विज्ञान संकाय में 94.12 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए थे। वहीं, वाणिज्य संकाय में 81.12 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए जो पिछले वर्ष की तुलना में कम था। पिछले साल इस संकाय में 89.20 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए थे।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस वर्ष घोषित नतीजों में लड़कियों ने दोनों संकायों में लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि कला और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। इस वर्ष लगभग साढ़े तीन लाख छात्र-छात्राएं विभिन्न संकायों के तहत परीक्षा में शामिल हुए थे।

## नौ निरीक्षक और एसआई का हुआ तबादला

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

**एडिशनल** सीपी दिनेश कुमार पी ने 9 निरीक्षक-उपनिरीक्षक के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। इस क्रम में अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक वीरेंद्र कुमार शर्मा को वाचक पुलिस आयुक्त-प्रभारी, वीआईपी सेल अमित कुमार खारी को पीआरओ सीपी, लाइन में तैनात इंस्पेक्टर मयंक अरोड़ा को प्रभारी वीआईपी सेल व मुरादनगर थाने में तैनात एसआई दिपेश कुमार को नगर जोन अलॉट किया है।

इसके अलावा विजयनगर थाने में तैनात महेश सिंह, मोदीनगर थाने में तैनात कन्हईलाल व वेव सिटी थाने में तैनात कोमल प्रसाद को लाइन रवाना कर दिया। इसके अलावा एसआई राजकुमार जादौन व रमेशचंद शर्मा का पुलिस लाइन से ग्रामीण जोन किया गया स्थानांतरण रद्द कर दिया गया है। ये दोनों लाइन में ही बने रहेंगे।



सीपी ने बदला कई एसीपी का कार्यक्षेत्र

पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने कई सहायक पुलिस आयुक्तों का कार्यक्षेत्र बदला है। एसीपी कोतवाली सुजीत कुमार राय को सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी व एसीपी महिला अपराध सलोनी अग्रवाल को सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली बनाया है। इनके पास एसीपी महिला अपराध का भी चार्ज रहेगा।

सूत्रों की माने तो अभी तक एसीपी मसूरी रहे आईपीएस निमीष पाटिल किन्हीं कारणों के चलते एक सप्ताह से अधिक की छुट्टी पर जा रहे हैं।

## 150 करोड़ की ड्रग्स बरामद, तीन नाइजीरियन गिरफ्तार

- छापेमारी के दौरान 30 किलो 900 ग्राम मादक पदार्थ मिला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**थाना** बीटा-दो पुलिस और कासना पुलिस ने एक संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तीन नाइजीरियन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 30 किलो 900 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 150 करोड़ है। इस गैंग के 9 लोगों को पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किया था। उनके एक साथी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई, उसके बाद यह बरामदगी हुई है।



छापेमारी के दौरान गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने एक प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि 16 मई को ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने एमडीएमए ड्रग्स बनाने वाले गैंग के 9 लोगों अनुदुम, अजोकु उबाक, डॉमियाल, ड्रामेमोड, लेवि, जैकब, कोफी, छिड़ी, अजोकु को गिरफ्तार कर, उनके पास से करीब 300 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद की।

एक आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया। उसने बताया कि ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में स्थित मित्रा सोसाइटी के एक मकान में उनके अन्य साथी भी अवैध रूप से ड्रग्स बना रहे हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि सूचना के आधार पर एक टीम बनाकर बताए गए स्थान पर छापेमारी की गई। वहां से पुलिस ने सोलोमन, सीमोन तथा रेमी नामक तीन नाइजीरियन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनकी निशानदेही पर वहां से 30 किलो 900 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इसकी बाजार में कीमत करीब 150 करोड़ रुपए है। अवैध ड्रग्स बनाने वाले और लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इनसे मिली जानकारी के आधार पर राजधानी क्षेत्र के कई अन्य जगहों पर छापेमारी की गई। इस धंधे से जुड़े काफी लोग भूमिगत हो गए हैं।

# विपक्ष का सरकार पर निशाना, खाप व किसान नेताओं की महापंचायत आज

### महापंचायत में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली की खापों के प्रतिनिधि व किसान शामिल होंगे : नरेश टिकैत

- कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल, ममता ने कोलकाता में निकाली रैली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारतीय** कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को लेकर सरकार की चुप्पी पर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। दूसरी ओर, हरिद्वार में पहलवानों को गंगा में अपने पदक बहाने से रोकने के बाद इस मुद्दे को लेकर खाप और किसान संगठन भी मुखर हो गए हैं।

भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने ऐलान किया कि पहलवानों के आंदोलन पर चर्चा के लिए मुजफ्फरनगर के शोरम गांव में बृहस्पतिवार को महापंचायत होगी।

टिकैत ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को लेकर आंदोलनकारी पहलवानों से जुड़े मुद्दों पर एक जून को महापंचायत में विस्तार से चर्चा होगी। उसी में आगे की रणनीति तय की जाएगी।

इससे पहले मंगलवार को दिन में साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया सहित देश के शीर्ष पहलवान गंगा नदी में अपने ओलंपिक और विश्व पदक विसर्जित करने सैकड़ों समर्थकों के साथ पहुंचे थे, लेकिन खाप और किसान नेताओं के मनाने पर उन्होंने पदक विसर्जित नहीं किए। खाप नेताओं ने इन खिलाड़ियों से पांच दिन का समय मांगा था और कहा था कि वे इस मुद्दे पर कोई न कोई रास्ता निकालेंगे। टिकैत ने कहा कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली से विभिन्न खापों के प्रतिनिधि इस खाप महापंचायत में हिस्सा लेंगे।

दूसरी ओर, कांग्रेस ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। पार्टी सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के किसी भी नेता ने पहलवानों से अपने मेडल गंगा में नहीं बहाने की अपील नहीं की, यह उनके अहंकार को दर्शाता है।

उन्होंने सवाल किया कि क्या कारण है कि भाजपा सांसद के खिलाफ इतने गंभीर आरोप लगे हैं, फिर भी पूरी सरकार और भाजपा उसे बचाने में लगी है? दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कोलकाता में रैली निकाली। बनर्जी ने अपने हाथ में एक तख्ती ले रखी थी, जिस पर 'हम न्याय चाहते हैं' लिखा था। रैली शहर के दक्षिणी हिस्से में हाजरा रोड से शुरू होकर रवींद्र सदन तक गई। ममता ने कहा कि पहलवानों को बुरी तरह पीटा गया और इससे विश्व स्तर पर देश की छवि धूमिल हुई है। मैं खिलाड़ियों के साथ हूं, वे अपना आंदोलन जारी रखें। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता और विधान परिषद सदस्य कलवाकुंतला कविता ने भी महिला पहलवानों के प्रति समर्थन जताया।





## हरिद्वार से अपने घर लौटे पहलवान

*नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों में साक्षी मलिक को छोड़कर बाकी सभी हरियाणा स्थित अपने घर लौट गए। पहलवानों ने दावा किया कि मौन व्रत के कारण उन्होंने हरिद्वार में मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। पहलवानों को हालांकि एक-दूसरे के कानों में फुसफुसाते हुए देखा गया था।पहलवानों ने मंगलवार को अपने पदकों को गंगा नदी में विसर्जित करने की घोषणा की थी, लेकिन खाप और किसान नेताओं के मनाने पर ऐसा नहीं किया। प्रदर्शनकारी समूह के एक सदस्य ने कहा कि पहलवान गहरे सदमे में हैं, उनके मुंह से शब्द नहीं निकल रहे थे। उन्होंने दावा किया, पहलवानों ने मंगलवार को मौन व्रत धारण किया था। इसलिए हरिद्वार में किसी से बात नहीं की। सभी अपने-अपने घर लौट गए हैं लेकिन साक्षी अभी दिल्ली में हैं।*



## आरोप साबित हुआ तो फांसी पर लटक जाऊंगा: बृजभूषण

**बाराबंकी।** पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय जनता पार्टी के सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने बुधवार को कहा कि यदि उन पर लगा एक भी आरोप साबित हुआ तो वह फांसी पर लटक जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी पहलवान उनके बच्चों की तरह हैं और वह उनको दोष नहीं देंगे, क्योंकि उनकी सफलता में उनका भी खून पसीना लगा है। सिंह ने यहां रामनगर इलाके के महादेवा ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज भी इस बात पर कायम हूं और एक बार फिर कह रहा हूं कि यदि मेरे खिलाफ एक भी आरोप साबित होता है तो मैं स्वयं फांसी पर लटक जाऊंगा।

## जांच पूरी होने तक धैर्य रखें पहलवान : ठाकुर

- वे ऐसा कोई भी कदम न उठाएं जिससे खेल की महत्ता कम हो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रदर्शनकारी पहलवानों द्वारा हरिद्वार में गंगा नदी में अपने पदक प्रवाहित करने की घोषणा के एक दिन बाद खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों से बुधवार को कहा कि वे ऐसा कोई भी कदम न उठाएं जिससे खेल की महत्ता कम हो। उन्होंने कहा कि पहलवानों के आरोपों की जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) चुनाव कराएगा और एक नए निकाय का गठन जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने पद छोड़ दिया है और डब्ल्यूएफआई कोई निर्णय नहीं ले रही है। भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित प्रशासकों की समिति हर दिन के फैसले ले रही है। ठाकुर ने पहलवानों से धैर्य और उच्चतम न्यायालय, खेल मंत्रालय तथा दिल्ली पुलिस पर**



**विश्वास रखने का अनुरोध किया, जो डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोपों की जांच कर रहे हैं। खेल मंत्री ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि मैं पहलवानों से आग्रह करता हूं कि वे जांच के नतीजे आने तक धैर्य रखें। मैं उनसे यह भी अपील करता हूं कि वे ऐसा कोई कदम न उठाएं जिससे खेल की महत्ता कम हो।**

## खनन माफिया पर चला पुलिस का डंडा

**नोएडा।** यमुना में अवैध रूप से पॉपलेन मशीनों द्वारा खनन कर रहे 8 लोगों को गिरफ्तार कर 6 पॉपलेन मशीन व डफर को सीज किया है।

एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने सचल सिंह, सोनू पांडे, पंकज यादव, पुनीत सिंह, दीपक शर्मा, सुंदर, तूफान यादव व राजकुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से यमुना नदी में खनन कर रही 6 पापलेन मशीन व बालू से भरे डम्फ र को भी सीज किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## जल्द हो सकता है 8 लाख की लूट का खुलासा

**गाजियाबाद।** घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली.मेरठ एक्सप्रेस.वे पर पिक अप वैन के चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर की गई आठ लाख की लूट/चोरी की वारदात का खुलासा आज.कल में हो सकता है। सूत्रों की माने तो एसीपी कोतवाली सुजीत राय के निर्देश एवं एसएचओ महेश सिंह राणा की अगुवाई में काम कर रही पुलिस की टीम खुलासे के करीब पहुंच चुकी है। इस वारदात की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने ऑटोमोबाइल कारोबारी एसके गुप्ता के चालक से लूटे गये वाहन को बरामद करके कई सस्पेक्ट को भी हिरासत में ले लिया था।

## खोड़ा में नाले में गिरी गाय लोगों ने बाहर निकाला

**गाजियाबाद।** खोड़ा के अंबेडकर गेट के पास बुधवार सुबह करीब आठ बजे नाले में गाय गिर गई। सूचना पर अग्निशमनकर्मियों ने बुलडोजर से नाले का स्लैब तोड़कर गाय को सुरक्षित बाहर निकाला। थोड़ी देर हो जाती तो गाय की जान जा सकती थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार सुबह करीब आठ बजे एक गाय अंबेडकर गेट के पास घूम रही थी।

## अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

- 7130 वर्गमीटर जमीन पर चला बुलडोजर, 7 पक्की दुकान और नर्सरी को हटाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के कॉमर्शियल हब की करीब 7130 वर्गमीटर जमीन पर बनी अवैध नर्सरी और दुकानों को ध्वस्त किया गया। इनका संचालन अवैध रूप से किया जा रहा था। निर्माण पक्काा कर लिया गया था। जिसके बाद प्राधिकरण के बुलडोजर ने इस निर्माण को ध्वस्त किया।

इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वरिष्ठ प्रबंधक ने बताया कि कॉमर्शियल लैंड होने के चलते इस जमीन की कीमत करीब 300 करोड़ रुपए के आसपास आंकी जा रही है। कार्रवाई के दौरान किसान भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इसका विरोध किया। किसानों ने प्राधिकरण पर आरोप लगाया कि जमीन का



मामला में अदालत में है। इसके बाद इसे ध्वस्त नहीं किया जा सकता है। प्राधिकरण अधिकारियों ने किसानों को समझाया। इसके बाद वे शांत हुए। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मामले में आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान किसानों ने बुलडोजर को रोकने का प्रयास भी किया। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक विजय रावल ने बताया कि डीएलएफ मॉल के सामने करीब 7130 वर्गमीटर जमीन पर काफी लंबे समय से अवैध निर्माण किया हुआ था।

इस जमीन को खाली कराया गया। यहां पांच से नर्सरी को हटाया गया। बाकी नर्सरी संचालक अपना सामान निकालकर जमीन खाली कर रहे है। वहीं पक्की बनी हुई 7 दुकानों को ध्वस्त किया गया। इन दुकानों में कैंटीन चलाई जा रही थी।

## कार सवार युवकों की सड़क पर हीरोपंती पुलिस ने काटा साढ़े 34 हजार का चालान

**नोएडा।** नोएडा में रील बनाने का क्रेज कम नहीं हो रहा। नया मामला नोएडा के फेज-2 का है। ट्रैफिक पुलिस ने कर नंबर के आधार पर 34 हजार 500 रुपए का चालान किया है। ये वीडियो 17 सेकेंड का है। जिसे पहले एडिट किया गया इसके बाद सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। लोगों ने ट्विट करके कार्यवाही की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया। वीडियो के पहले हिस्से में दिख रहा है कि एक युवक कार के बोनट पर बैठा और दूसरा खड़ा हुआ है। तीसरा युवक कार की रूफ को खोलकर उससे बाहर निकला हुआ है। तीनों ही गाने की धुन पर रील बना रहे है। इसके दूसरे हिस्से में फेज-2 की रोड पर कार को गोल-गोल घुमाया जा रहा है। ये रोड वैसे को खाली है लेकिन यहां से वाहनों की आवाजाही होती है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद कार मालिक पर 34 हजार 500 रुपए का चालान किया गया। बता दे नोएडा में कार-बाइक स्टंट के वीडियो कई बार वायरल हो चुके है। इन पर लगाम कसने के लिए नोएडा पुलिस ने शहर के मुख्य चौराहों पर लगी एलईडी स्क्रीन तर पर जागरूकता अभियान चलाया।

## मजेंटा लाइन पर दो घंटे बाधित रही मेट्रो सेवा

- सुबह के समय गड़बड़ी के कारण यात्रियों को ऑफिस पहुंचने में हुई देरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** मेट्रो की मजेंटा लाइन पर बुधवार को सिग्नल संबंधी दिक्कतों के कारण सेवाएं दो घंटे से अधिक समय तक बाधित रहीं।

मजेंटा लाइन दिल्ली में जनकपुरी पश्चिम और नोएडा में बॉटनिकल गार्डन को जोड़ती है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने अपने



आधिकारिक ट्विटर खाते पर सुबह आठ बजे यात्रियों को इस बारे में जानकारी देते हुए लिखा, जनकपुरी वेस्ट से बॉटनिकल गार्डन के बीच मजेंटा लाइन पर सेवाओं में विलंब। अन्य लाइन पर सेवाएं सामान्य है।

डीएमआरसी ने एक बयान में बताया कि मजेंटा लाइन के टर्मिनल-1 इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे और सदर बाजार छावनी मेट्रो स्टेशनों के बीच सिग्नल संबंधी परेशानी हुई जिस वजह से इन स्टेशनों के बीच सवेरे सात बजकर 59 मिनट से सुबह 10 बजकर 30 मिनट तक ट्रेन समिति गति से चलीं। इस कारण एक के पीछे एक कई गाड़ियों की कतार लग गईं।

अधिकारियों ने बताया कि इस अवधि के दौरान, यात्रियों के लिए असुविधा एवं विलंब को कम करने के वास्ते योजना के अनुसार सेवाओं को नियंत्रित किया गया। स्टेशन परिसरों में और ट्रेन के अंदर यात्रियों को सूचित करने के लिए कुछ-कुछ अंतराल पर केंद्रीकृत उद्घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि मजेंटा लाइन पर सेवा में हो रहे विलंब के बारे में ब्लू लाइन पर उद्घोषणा की गई।

# शैक्षणिक सत्र में छात्रों की सुविधा के लिए कदम उठाएगा डीयू

### वेबिनार, चैटबॉट, सहायता केंद्र और फोन सेवा से दूर की जाएगी छात्रों की दिक्कत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** विश्वविद्यालय (डीयू) में प्रवेश के इच्छुक छात्रों की सुविधा के लिए संस्थान, वेबिनार, चैटबॉट, सहायता केंद्र और फोन लाइन सेवा शुरू करने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाएगा ताकि पिछले तीन वर्षों से देरी से चल रही शैक्षणिक सत्र समय पर शुरू हो सकें।

डीयू को उम्मीद है कि यह सत्र समय पर शुरू और समय पर पूरा होगा क्योंकि स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-यूजी) का आयोजन समय पर शुरू हो गया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जून के मध्य में प्रवेश पोर्टल शुरू करने की उम्मीद है। पिछले साल सीयूईटी-यूजी के आयोजन में देरी के कारण विश्वविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया था। सीयूईटी के लिए वह प्रथम वर्ष था जब राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा परीक्षा का आयोजन किया गया था, इससे पहले डीयू में बारहवीं कक्षा के अंकों के आधार पर छात्रों का दाखिला होता था। डीयू के डीन ऑफ एडमिशन हनीत गांधी ने कहा कि हम पूरी तरह तैयार हैं। हमने सभी तरह की तैयारी पहले से कर ली है। इस बार प्रवेश प्रक्रिया काफी आसान होगी। इसका एक कारण यह भी है कि सीयूईटी समय पर समाप्त हो जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा 21 मई से छह जून तक सीयूईटी-यूजी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।



गांधी ने कहा कि छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया के सभी चरणों के बारे में जानकारी देने के लिए हम वेबिनार आयोजित करेंगे। वेबसाइट सक्रिय है और लगातार अद्यतान की जा रही है। हमारे पास एक सहायता डेस्क होगी जहां छात्र अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।उम्मीदवार विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से हम तक पहुंच सकते हैं जैसे कि चैटबॉट्स, समर्पित फोन लाइन और ईमेल के रूप में। हम जल्द ही छात्रों के शिकायतों के निवारण के लिए एक मजबूत प्रणाली भी तैयार करेंगे।

## पाठ्यक्रम में सावरकर को शामिल करने पर विरोध

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी से संबद्ध छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने कला स्नातक (राजनीति विज्ञान) के पाठ्यक्रम में हालिया बदलाव को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह के कार्यालय के बाहर बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। पाठ्यक्रम में हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर को शामिल किया गया है। शिक्षकों ने शनिवार को दावा किया था कि विश्वविद्यालय ने राजनीति विज्ञान के पांचवें सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में महात्मा गांधी से जुड़े एक पेपर को सावरकर से बदल दिया है। एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने बुधवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय ने केंद्र के दबाव के बाद सावरकर को पाठ्यक्रम में शामिल किया है। दर्शनशास्त्र में बीआर आंबेडकर के कार्यों पर केंद्रित एक पाठ्यक्रम को हटाने का भी प्रस्ताव है। छात्रों ने पाठ्यक्रम में बदलाव के विरोध में विश्वविद्यालय प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई ने एक बयान में कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन ने हाल ही में फैसला किया था कि बीआर आंबेडकर के दर्शन से जुड़े एक पाठ्यक्रम को दर्शनशास्त्र (ऑनर्स) स्नातक कार्यक्रम से हटा दिया जाएगा। बयान के अनुसार सावरकर को राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम में पढ़ाने का भी प्रस्ताव है।

एनएसयूआई ने मांग की कि आंबेडकर को वैकल्पिक पाठ्यक्रम से हटाने के बजाय उन पर एक अतिरिक्त अध्याय शामिल किया जाना चाहिए और छात्रों को उन पर अधिक से अधिक शोध करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## चार फ्लैटों की नीलामी में नोएडा प्राधिकरण को मिले साढ़े 6 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** प्राधिकरण ने 4 फ्लैट के लिए मंगलवार को ई-नीलामी की है। इनमें सबसे महंगा फ्लैट 2 करोड़ 8 लाख रुपए में बिका है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि चार फ्लैट की निलामी से प्राधिकरण को 6 करोड़ 47 लाख रुपये का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।

नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण ने 2 जनवरी 2023 को 338 फ्लैट की योजना लॉन्च की थी। ये एलआईजी, एमआईजी, एचआईजी और डुप्लेक्स सेक्टर-52, 62, 71, 99, 118, 135 में हैं। योजना में 31 जनवरी तक आवेदन मांगे गए थे, बाद में यह योजना 21 फरवरी तक बढ़ा दी गई। योजना में 24 एमआईजी, एचआईजी और डुप्लेक्स भवन का आवंटन ई-नीलामी के जरिए किया जाना था, लेकिन तय समय तक 3 डुप्लेक्स और 1 एमआईजी के लिए ही आवेदन आया।

सार्वजनिक सूचना

# बिहार में तीन दिन में दो गंगा डॉल्फिन की मौत जानिए कैसे हुई राष्ट्रीय जलीय जीव की मौत

**स्थानीय लोगों ने यह बताया कि नदी के तल को गहरा करने के लिए चल रहे यंत्रीकृत ड्रेजिंग के कारण दोनों गंगा डॉल्फिन मारे गए। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आना बाकी है।**



**बिहार** के पटना जिले में मोकामा के पास 29 मई, 2023 को एक और गंगा डॉल्फिन मृत पाई गई। अधिकारियों के अनुसार, पिछले 72 घंटों में यह अपनी तरह की दूसरी घटना है। स्थानीय लोगों ने 29 मई की शाम शव को देखने के बाद घटना की जानकारी अधिकारियों को दी। उन्होंने दावा किया कि यह पटना से लगभग 90 किमी दूर मोकामा में औंटा के पास संगत घाट (गंगा नदी के तट) पर मृत पाई गई यह दूसरी गंगा डॉल्फिन थी।

स्थानीय लोगों ने यह बताया कि नदी के तल को गहरा करने के लिए चल रहे यंत्रीकृत ड्रेजिंग के कारण दोनों गंगा डॉल्फिन मारे गए।

जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, बिहार और झारखंड के संयुक्त निदेशक और वरिष्ठ वैज्ञानिक गोपाल शर्मा ने बताया कि हमें स्थानीय लोगों के माध्यम से यह जानकारी मिली है। लेकिन शव एक का ही मिला। यह लगभग आठ फीट लंबा और 80 किलो वजन का था। कुछ स्थानीय लोगों ने सजा के डर से डाल्फिन के दूसरे शव को नदी में फेंक दिया। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर घटनाक्रम है क्योंकि गंगा के डॉल्फिन को वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम (डब्ल्यूपीए), 1972 की अनुसूची के तहत संरक्षित किया गया है। शर्मा ने कहा कि गंगा की डॉल्फिन या तो ड्रेजिंग करके या मछली पकड़ने के एक बड़े जाल में फंसने के बाद मारी गईं। दोनों तरह की संभावनाएं मौजूद हैं। फिलहाल वन विभाग ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हालांकि, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) प्रभात कुमार गुप्ता ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकती है। उन्होंने कहा कि अनुमंडल वन अधिकारी पटना को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का निर्देश दिया गया है।

गुप्ता ने कहा कि प्रजातियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपायों की जरूरत है। गंगा के डॉल्फिन संरक्षण कार्यक्रम को स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने पर अधिक ध्यान देना चाहिए और नदी में ड्रेजिंग या भारी मशीनरी के किसी भी उपयोग की बारीकी से निगरानी करनी चाहिए। वहीं, शर्मा ने कहा कि ताजा घटना ने बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे बहुचर्चित गंगा डॉल्फिन संरक्षण कार्यक्रमों पर सवाल खड़ा कर दिया है। डॉल्फिन को अक्सर शिकारियों द्वारा उनकी त्वचा और तेल के लिए निशाना बनाया जाता है। इस स्तनपायी के मांस और वसा की भारी मांग है। गंगा नदी डॉल्फिन भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव है। प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ ने इसे एक लुप्तप्राय प्रजाति घोषित किया है। डॉल्फिन भारत, बांग्लादेश और नेपाल में पाई जाती है। यह अंधी होती है और इकोलोकेशन के माध्यम से नदी के पानी में अपना रास्ता ढूंढती है और शिकार करती है। भारत के अनुमानित 3,000 गंगा डॉल्फिन का लगभग आधी डॉल्फिन का घर बिहार है।

शर्मा ने कहा कि डब्ल्यूपीए के तहत, शेड्यूल-1 जानवरों से निपटने के तरीके पर विशेष निर्देश दिए गए हैं। अनुसूची-1 में सूचीबद्ध किसी जानवर के शरीर के किसी भी हिस्से को रखने पर तीन साल की जेल की सजा और 3,000-25,000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि वन अधिकारी इसके लिए जवाबदेह और जिम्मेदार हैं। गुप्ता ने कहा कि हाल के वर्षों में संरक्षण प्रयासों और जागरूकता के कारण कुछ हद तक डॉल्फिन की हत्याओं की जांच की गई है। पटना मंडल वन अधिकारी (डीएफओ) ने रिपोर्टर द्वारा बार-बार किए गए कॉल का जवाब नहीं दिया।

शर्मा ने बताया कि आरके सिन्हा जो कि भारत के डॉल्फिन मैन माने जाते हैं वह उन्हें याद दिलाते थे कि डॉल्फिन की उपस्थिति एक स्वस्थ नदी पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत है। डॉल्फिन कम से कम पांच-आठ फीट गहरा पानी पसंद करती हैं। वे आम तौर पर अशांत पानी में पाए जाते हैं ताकि पर्याप्त मछली खाने के लिए उपलब्ध हो। शर्मा ने आरके सिन्हा के हवाले से कहा कि गंगा की डॉल्फिन बहुत कम या बिना करंट वाले क्षेत्रों में रहती हैं, जिससे उन्हें ऊर्जा बचाने में मदद मिलती है। खतरे को भांपते ही ये गहरे पानी में गोता लगा सकते हैं। डॉल्फिन मछली का शिकार करने और वापस लौटने के लिए नो-करंट जोन से किनारों तक तैरती हैं। गंगा नदी की डॉल्फिन दुनिया भर में मीठे पानी की चार डॉल्फिन प्रजातियों में से एक है। अन्य तीन चीन में यांग्त्जी नदी (अब विलुप्त), पाकिस्तान में सिंधु नदी और दक्षिण अमेरिका में अमेजन नदी में पाए जाते हैं।

**-साभार- डीटीई**

## 12 दिनों के ठहराव के बाद आखिरकार आगे बढ़ा मॉनसून क्यों आया था यह ठहराव...



**जलवायु** विशेषज्ञों के उनके अनुसार इस तरह बदलाव के लिए कहीं न कहीं प्रशांत महासागर में तेजी से बढ़ता टाइफून 'मारवा' जिम्मेदार है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने घोषणा कर दी है कि आखिरकार 12 दिनों की देरी बाद दक्षिण-पश्चिम मॉनसून बंगाल की खाड़ी में उत्तर की ओर आगे बढ़ गया है। मॉनसून पूरे अंडमान और निकोबार द्वीप को कवर करते हुए म्यांमार की ओर आगे बढ़ रहा है।

हालांकि उसका यह बढ़ना काफी ठहराव के बाद शुरू हुआ है। गौरतलब है कि 19 मई, 2023 को आईएमडी ने शुरुआत में इस बात की घोषणा की थी कि दक्षिण पश्चिम मॉनसून को अंडमान निकोबार द्वीप समूह के सबसे उत्तरी छोर से होकर गुजरना था। जैसा कि ग्राफिक में दिखाया गया है उसे आगे 22 मई, 2023 तक म्यांमार की ओर बढ़ना था। लेकिन उसकी वास्तविक शुरूआत में कम से कम आठ दिनों की देरी हुई है।

इससे पहले आईएमडी ने केरल में चार दिनों की त्रुटि के साथ 4 जून, 2023 तक मॉनसून के आगाज की भविष्यवाणी की थी, लेकिन उसमें आया यह 12 दिनों का ठहराव महत्वपूर्ण है। लेकिन यहां यह समझना महत्वपूर्ण है कि आखिर इसमें यह देरी क्यों हुई?

जलवायु विशेषज्ञों से चर्चा की और उनके अनुसार इसके लिए कहीं न कहीं प्रशांत महासागर में तेजी से बढ़ता टाइफून मारवा जिम्मेवार है। इस बारे में विशेषज्ञों ने खुलासा किया है यह तूफान तेजी से प्रबल हो रहा है और मौजूदा समय में दक्षिण चीन सागर में संभावित खतरा पैदा करते हुए ताइवान और चीन की ओर बढ़ रहा है। हालांकि अब सवाल यह है कि टाइफून मारवा जिसने 20 मई, 2022 के आसपास बनना शुरू किया था वो भारतीय उपमहाद्वीप में दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून की रफ्तार को कैसे प्रभावित कर सकता है? जलवायु विशेषज्ञ इस बात से तो सहमत हैं कि इस तूफान ने मॉनसून की प्रगति में आए ठहराव में अहम भूमिका निभाई है, लेकिन इसकी सटीक भूमिका विवाद का विषय बनी हुई है।

**जानिए कौन है इन सबके लिए जिम्मेवार?**

इस बारे में मैरीलैंड विश्वविद्यालय के वायुमंडलीय और महासागरीय विज्ञान के प्रोफेसर रघु मुर्तुगुड्ढ़े ने बताया कि मॉनसून में आई रूकावट के दो कारण हैं- एक चक्रवात जो भूमध्य रेखा के ठीक दक्षिण में घूम रहा था और एक सप्ताह पहले क्रॉस-भूमध्यरेखीय हवाओं को बाधित कर रहा था।

वहीं अब प्रशांत क्षेत्र में प्रचंड तूफान बंगाल की खाड़ी और दक्षिण चीन सागर के पार प्रशांत में हवाओं को खींच रहा है। इसने गर्त (ट्रफ) को उत्तर-पश्चिम की ओर खाड़ी के साथ-साथ भारत की ओर बढ़ने से रोक दिया है। वास्तव में यह ट्रफ मई के मध्य में अंडमान निकोबार पर पहुंचा था और फिर वहीं फंस गया था। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के मुताबिक ट्रफ या गर्त, कम वायुदाब वाला लंबा, संकरा क्षेत्र होता है।

**-साभार- डीटीई**



# 2030 तक बेंगलुरु में 30 गुना बढ़ जाएंगे इलेक्ट्रिक वाहन, सीओ2 उत्सर्जन में आएगी 33 लाख टन की गिरावट

**बेंगलुरु** स्थित सेंटर फॉर स्टडी ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी (सीएसटीईपी) द्वारा किए नए अध्ययन से पता चला है कि इलेक्ट्रिक वाहनों की मदद से शहरों में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाई जा सकती है। इस बारे में जारी रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में बेंगलुरु में करीब 75,000 इलेक्ट्रिक वाहन थे, जिनकी संख्या 2030 तक 30 गुणा बढ़कर 23.4 लाख पर पहुंच जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों में सबसे ज्यादा वृद्धि दोपहिया वाहनों में देखने को मिलेगी। अनुमान है कि 2030 तक उनकी संख्या बढ़कर 22 लाख पर पहुंच जाएगी। इसके बाद 1.4 लाख चार-पहिया और 1.3 लाख थ्री व्हीलर वाहन होंगे। सीएसटीईपी ने इस अध्ययन के नतीजे बेंगलुरु 2030 इम्पैक्ट ऑफ ईवी ऑन वहिकुलर एमिशन नामक रिपोर्ट के रूप में जारी किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 से 2030 के बीच भले ही बेंगलुरु में वाहनों की संख्या में भारी इजाफा होगा और इनका आंकड़ा डेढ़ गुणा बढ़कर 57 लाख से 89 लाख पर पहुंच जाएगा। लेकिन इसके बावजूद इनसे होने वाले उत्सर्जन में मामूली वृद्धि का अनुमान है, जिसके लिए सीधे तौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या वजह होगी।

अनुमान है कि इन वाहनों से होने वाला जो उत्सर्जन 2021 में 1.11 करोड़ टन है वो 2030 में 1.25 गुणा बढ़कर 1.38 करोड़ टन पर पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से बेंगलुरु में हर साल वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में 33 लाख टन की गिरावट आएगी। यह 2030 तक बेंगलुरु की सड़कों से 48.5 लाख दोपहिया वाहनों को हटाने जैसा है।

भारत में हर साल 29 करोड़ टन उत्सर्जन के लिए जिम्मेवार है ट्रांसपोर्ट ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ता उत्सर्जन सीधे तौर पर जलवायु में आते बदलावों के लिए जिम्मेवार है। यदि भारत द्वारा किए जा रहे ग्रीनहाउस गैसों के कुल उत्सर्जन को देखें तो वो 2019 में 290 करोड़ टन दर्ज किया गया था, जिसके करीब दसवें हिस्से के लिए ट्रांसपोर्ट जिम्मेदार है। अनुमान है कि भारत में ट्रांसपोर्ट हर साल 29 करोड़ टन उत्सर्जन के लिए जिम्मेवार है। इस उत्सर्जन में भारी वाहनों की काफी बड़ी भूमिका है।

सीएसटीईपी के मुताबिक विद्युतीकरण, वाहनों से होने वाले ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को रोकने का सबसे व्यावहारिक तरीका है। साथ ही यह पार्टिकुलेट मैटर (पीएम), नाइट्रोजन ऑक्साइड (एनओएक्स) और ब्लैक कार्बन जैसे प्रदूषकों के स्तर को कम करने में भी मददगार होगा।

2021 के दौरान वाहनों की कुल संख्या कितनी थी इसका अनुमान पिछले 20 वर्षों (2001-2021) के दौरान पंजीकृत सभी वाहनों और इस दौरान सेवानिवृत्त हुए वाहनों के आंकड़ों पर आधारित हैं। इतना ही नहीं इन वाहनों में होने वाली वृद्धि के आधार पर 2030 में वाहनों की कुल संख्या क्या होगी सीएसटीईपी ने इसका अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक इलेक्ट्रिक वाहनों के इस विशाल बेड़े को रोजाना रिचार्ज करने के लिए भारी मात्रा में बिजली की जरूरत होगी। अनुमान है कि इसके लिए रोजाना करीब 60 लाख यूनिट से ज्यादा बिजली की जरूरत पड़ेगी।

चूंकि बेंगलुरु में अधिकांश बिजली गैर-नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त की जाती है। ऐसे में यदि हमें पूरी तरह पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मोबिलिटी में बदलाव करना है तो स्थाई तौर पर इन इलेक्टिक वाहनों की चार्जिंग के लिए 1.37 गीगावॉट से अधिक रूफटॉप सोलर की आवश्यकता होगी।

लाइट इमेजिंग डिटेक्शन एंड रेंजिंग (लीडर) सेंसर से ली गई शहर की हाई रिजॉल्यूशन तस्वीरों के विश्लेषण से पता चला है कि शहर में 1.4 बिल्डिंग्स पर सोलर सिस्टम लगाए जा सकते हैं जिनसे 3.2 गीगावाट सौर ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है।

ऐसे में इन इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 1.37 गीगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता तैयार की जा सकती है, जो आने वाले समय में बेंगलुरू शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों का भविष्य सुनिश्चित कर सकती है। यदि सही तरह से इस रास्ते में आगे बढ़ा जाए तो ट्रांसपोर्ट में पर्यावरण अनुकूल बदलावों को हासिल किया जा सकता है।

# दुनिया भर में जानलेवा तंबाकू की फसलों को सब्सिडी देना बंद करे सरकारें डब्ल्यूएचओ



120 से अधिक देशों में 30 करोड़ हेक्टेयर से अधिक भूमि का उपयोग घातक तंबाकू उगाने के लिए किया जा रहा है, यहां तक कि उन देशों में भी जहां लोग भूखे मर रहे हैं

**विश्व** तम्बाकू निषेध दिवस पर, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दुनिया भर की सरकारों से आग्रह किया है कि वे तंबाकू की खेती को सब्सिडी देना बंद करें। सरकारें अधिक टिकाऊ फसलों पर जोर दे जो लाखों लोगों की भूख मिटा सकती हैं। डब्ल्यूएचओ की एक नई रिपोर्ट, भोजन उगाएं, तंबाकू नहीं, तंबाकू उगाने की बुराइयों और किसानों, लोगों, अर्थव्यवस्थाओं, पर्यावरण और बड़े पैमाने पर दुनिया के लिए अधिक टिकाऊ खाद्य फसलों को अपनाने के फायदों पर प्रकाश डालती है।

रिपोर्ट किसानों को कर्ज के दुष्चक्र में फंसाने के लिए तम्बाकू उद्योग को भी उजागर करती है, इसके आर्थिक फायदों को बढ़ा-चढ़ा कर तम्बाकू उगाने का प्रचार करती है और कृषि मोर्चा समूहों के माध्यम से पैरवी करती है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने कहा कि, दुनिया भर में हर साल तंबाकू 80 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार है, फिर भी दुनिया भर में सरकारें तंबाकू के खेतों को बढ़ावा देने के लिए लाखों खर्च करती हैं। उन्होंने कहा, तंबाकू के बजाय भोजन संबंधी फसलें उगाने का चयन करके, हम स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हैं, पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करते हैं, और सभी के लिए खाद्य सुरक्षा में अहम भमिका निभाते हैं।

दुनिया भर में 30 करोड़ से अधिक लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, 120 से अधिक देशों में 30 करोड़ हेक्टेयर से अधिक भूमि का उपयोग घातक तंबाकू उगाने के लिए किया जा रहा है, यहां तक कि उन देशों में भी जहां लोग भूख से मर रहे हैं। तम्बाकू की खेती स्वयं किसानों को बीमारियां की ओर धकेलती हैं और अनुमान है कि 10 लाख से अधिक बाल श्रमिक तम्बाकू के खेतों में काम कर रहे हैं, जिससे उन्हें शिक्षा का अवसर नहीं मिल रहा है। डब्ल्यूएचओ में स्वास्थ्य संवर्धन निदेशक डॉ. रुएडिगर क्रेच ने कहा कि तंबाकू न केवल खाद्य असुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है, बल्कि तंबाकू किसानों के स्वास्थ्य सहित समग्र स्वास्थ्य के लिए भी एक बड़ा खतरा है। किसानों को रासायनिक कीटनाशकों, तंबाकू के धुएं और 50 सिगरेटों में पाए जाने वाले निकोटीन के संपर्क में लाया जाता है, जिससे पुरानी फेफड़ों की बीमारी और निकोटीन विषाक्तता जैसी बीमारियां होती हैं। तंबाकू का बढ़ना एक वैश्विक समस्या है। अब तक ध्यान एशिया और दक्षिण अमेरिका में रहा है, लेकिन नवीनतम आंकड़े दिखाते हैं कि तंबाकू कंपनियां अफ्रीका में भी फैल रही हैं। 2005 के बाद से, पूरे अफ्रीका में तंबाकू की खेती की भूमि में लगभग 20 फीसदी की वृद्धि हुई है। डब्ल्यूएचओ, खाद्य और कृषि संगठन और विश्व खाद्य कार्यक्रम तंबाकू मुक्त फार्म पहल का समर्थन करते हैं जो केन्या और जाम्बिया में 5,000 से अधिक किसानों को तंबाकू के बजाय स्थायी खाद्य फसलें उगाने में मदद करेगा। हर साल विश्व तंबाकू निषेध दिवस, तंबाकू नियंत्रण में बदलाव लाने वालों को सम्मानित करता है। इस वर्ष पुरस्कार विजेताओं में से एक, केन्या की एक महिला किसान, स्प्रीना रोबी चाचा को न केवल तम्बाकू उगाने से लेकर उच्च प्रोटीन बीन्स को अपनाने के लिए, बल्कि एक स्वस्थ समुदाय बनाने के लिए सैकड़ों अन्य किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए भी सम्मानित किया जा रहा है। तम्बाकू नियंत्रण पर डब्ल्यूएचओ फ्रेमवर्क कन्वेंशन के 182 दलों ने तंबाकू श्रमिकों और उत्पादकों के लिए आर्थिक रूप से व्यवहार्य विकृपों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

एक महत्वपूर्ण तरीका है कि देश इस दायित्व को पूरा कर सकते हैं, तम्बाकू उगाने के लिए सब्सिडी समाप्त करना और स्वस्थ फसलों का समर्थन करना इसमें शामिल है। डब्ल्यूएचओ की हाल में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि, तम्बाकू के बजाय भोजन उगाने का चयन करके, हम स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हैं।

मलेशिया मास्टर्स जीतने के बाद प्रणय बोले

# ट्रेनिंग से खुद को मजबूत कर चैंपियन बना, ट्रॉफी जीतने की उम्मीद छोड़ दी थी

एजेंसी। मुंबई

**प्रणय ने आखिरी बड़ा टूर्नामेंट यूएस ओपन 2017 में जीता था**

**भारतीय** स्टार शटलर एचएस प्रणय ने रविवार को चीन के वेंग होंगयांग को 21-19, 13-21, 21-18 से हराकर मलेशिया मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। हालांकि, एक समय ऐसा भी था, जब भारत की युवा प्रतिभा के रूप में पहचाने जाने वाले प्रणय खिताबी मुकाबले तक का सफर तय नहीं कर पाते थे। वे टूर्नामेंट के बड़े खिलाड़ियों को हरा दिया करते थे, इसलिए उन्हें जाएंट किलर कहा जाने लगा था। इसके बावजूद वे खिताबी मुकाबले तक नहीं पहुंच पाते थे।

प्रणय ने आखिरी बड़ा टूर्नामेंट यूएस ओपन 2017 में जीता था। 2017 में ही इंडोनेशिया ओपन में उन्होंने तीन बार के ओलिंपिक सिल्वर मेडलिस्ट ली चोंग वी और ओलिंपिक चैम्पियन चेन लॉन्ग को लगातार दो दिन में हराया था। हालांकि, वो इस टूर्नामेंट में अपने ही देश के खिलाड़ी किदांबी



श्रीकांत से हार गए थे। इसके बाद यही कहानी कई बार टूर्नामेंट में दोहराई गई। प्रणय बताते हैं कि ऐसे दिनों पर उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वो खुद पर ही सवाल उठा लिया करते थे। वह बताते हैं, वर्ल्ड चैम्पियनशिप में हारने के बाद में बहुत भावुक हो गया था। मुझे पता था कि इस टूर्नामेंट को जीतने का मेरे पास अच्छा मौका है। हालांकि, हार से मेरा दिल टूट गया था और मुझे लगने लगा था कि मैं खिताबी मुकाबलों के लिए नहीं बना हूं। मेरी किस्मत में बड़े मुकाबले खेलना नहीं है। हालांकि, उन्होंने जल्द ही इस निराशा को पीछे छोड़ा और अपनी ट्रेनिंग प्रोसेस पर काम किया। वह बताते हैं, सालों के टाइटल के सूखे के बावजूद मुझे लगता था कि जीत बस मिलने ही वाली है। मैंने कभी जीत की आशा नहीं छोड़ी थी। वह बात करते हुए बताते हैं कि एक टूर्नामेंट को जीतने के लिए केवल पांच अच्छे दिनों की जरूरत होती है। साथ ही, वह मानते हैं कि किस्मत ने भी उनके इस खेल में एक भाग निभाया है। मलेशिया ओपन की इस खिताबी जीत में वे साइकोलॉजिकल ट्रेनिंग को भी श्रेय देते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें रोज मानसिक ट्रेनिंग करने में दिलचस्पी नहीं थी और उन्हें केवल शांत बैठकर सांस पर ध्यान देना पसंद नहीं था।

# अमेरिका अंडर-20 विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। ब्यूनस आयर्स



**अमेरिका** ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर अंडर-20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

अमेरिका ने अंतिम 16 के इस मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। अगर उसने गोल करने के कुछ अच्छे मौके नहीं गंवाए होते तो हार का अंतर इससे अधिक होता। अमेरिका को ओवन वोल्फ ने शुरू में ही बढ़त दिला दी थी, लेकिन इसके बाद अगला गोल करने के लिए उसे 61वें मिनट तक इंतजार करना पड़ा। उसकी तरफ से यह गोल कैडे कोवेल ने किया। इसके बाद जस्टिन चे और रोकास पुकस्टास ने दो अन्य गोल दागे। अमेरिका टूर्नामेंट में एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है। क्वार्टर फाइनल में उसका मुकाबला गांबिया और उरुग्वे के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

# आईसीसी ने पाकिस्तान से वनडे विश्वकप को भारत टीम भेजने का आश्वासन मांगा

**अक्टूबर-नवंबर में होने वाला है वनडे विश्वकप**

एजेंसी। कराची



**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष और सीईओ यह आश्वासन आने के लिए अभी लाहौर में हैं कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में अपने मैचों के लिए हाइब्रिड मॉडल लागू करने पर जोर नहीं देगा। सूत्रों ने पुष्टि की कि आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले और सीईओ ज्योफ एलार्डिस विशेषकर इसलिए लाहौर पहुंचे हैं ताकि वह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे विश्वकप में पाकिस्तान की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आश्वासन हासिल कर सकें।

पीसीबी के प्रमुख नजम सेठी ने स्पष्ट किया है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी तो फिर उनकी टीम भी विश्वकप के लिए भारत नहीं जाएगी। इसके बाद ही आईसीसी के शीर्ष पदाधिकारी पाकिस्तान दौरे पर आए हैं। सूत्रों ने कहा, आईसीसी और विश्वकप का मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) नजम सेठी के हाइब्रिड मॉडल को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, सेठी ने हाइब्रिड मॉडल का सुझाव हालांकि विश्वकप से पहले होने वाले एशिया कप के लिए दिया है लेकिन अधिकारी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि अगर इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए यह मॉडल स्वीकार कर लिया जाता है तो पीसीबी पाकिस्तान के भारत में खेलने के सवाल पर आईसीसी से विश्वकप में भी इस मॉडल को लागू करने के लिए कह सकता है। सेठी पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यदि पाकिस्तान सरकार सुरक्षा कारणों से टीम को भारत भेजने की अनुमति नहीं देती है तो पीसीबी ऐसी स्थिति में आईसीसी से पाकिस्तान के मैच तटस्थ स्थान पर करवाने के लिए कहेगा। सूत्रों ने कहा, स्वाभाविक है कि आईसीसी और बीसीसीआई इस तरह की स्थिति नहीं चाहते क्योंकि इससे भारत-पाकिस्तान मैच और यहां तक कि टूर्नामेंट की सफलता भी प्रभावित होगी। एक अन्य सूत्र ने कहा कि यही वजह है कि बीसीसीआई के सचिव जय शाह एशिया कप के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार नहीं कर रहे हैं जिसके तहत तीन या चार मैचों का आयोजन पाकिस्तान में और बाकी मैचों का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात या श्रीलंका में होगा।

**पाकिस्तान एशिया कप का मेजबान है**

**पाकिस्तान** एशिया कप का मेजबान है और सेठी लगातार दोहरा रहे हैं कि अगर टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान की बजाय तटस्थ स्थल पर किया जाता है तो उनकी टीम प्रतियोगिता में भाग नहीं लेगी। सूत्रों ने इसके साथ ही संकेत दिए कि अगर पाकिस्तान एशिया कप के कुछ मैचों की मेजबानी नहीं करता है तो इसका विश्वकप पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, आईसीसी के पदाधिकारी पीसीबी और बीसीसीआई के बीच सेतु के रूप में काम करने तथा एशिया कप और विश्व कप से संबंधित लंबित मुद्दों को हल करने की कोशिश कर रहे हैं।

**अश्विन के कैरम बॉल को अपने तरकश में शामिल करना चाहते हैं मरफी**

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑफ स्पिनर टॉड मरफी अगले सप्ताह होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और एशेज श्रृंखला से पहले अपनी गेंदबाजी में भारतीय दिग्गज रविचंद्रन अश्विन की तरह कैरम बॉल की विविधता जोड़ना चाहते है। मरफी ऑस्ट्रेलियाई टीम के भारत के पिछले दौरे पर गए थे जहां चार टेस्ट की श्रृंखला में उन्होंने 25.51 की औसत से 14 विकेट चटकाए थे। इस दौरान उन्होंने अश्विन की गेंदबाजी को करीब से देखा था। इस 22 साल के गेंदबाज ने कहा, मैं अभी उस (कैरम बॉल) पर काम कर रहा हूं लेकिन अश्विन की तरह इसे करने से अभी काफी दूर हूं। उन्होंने कहा, यह सुनने में आसान लगता है लेकिन करने में काफी मुश्किल है। आप में इसे सफलता से करने का आत्मविश्वास होना चाहिए। मुझे ऐसा करने में खुशी होगी।

## शतरंज का बादशाह बनने की राह पर है भारत: कार्लसन

**नई दिल्ली।** पांच बार के विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन का मानना है कि भारत शतरंज का अग्रणी देश बनने की राह पर है और उन्होंने कहा कि इस खेल को बढ़ावा देने के लिए यहां काफी कुछ किया जा रहा है। मौजूदा विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन कार्लसन को वर्तमान पीढ़ी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माना जाता है।

भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने हाल के वर्षों में वैश्विक स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा देश ने पिछले साल शतरंज ओलंपियाड का भी सफल आयोजन किया था। कार्लसन ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, मेरा मानना है कि भारत अभी तक काफी कुछ अच्छा कर रहा है और स्पष्ट रूप से दुनिया का अग्रणी शतरंज देश बनने की राह पर है। नॉर्वे का यह ग्रैंड मास्टर शुरुआती ग्लोबल चेस लीग (जीएसएल) के आइकन खिलाड़ियों में शामिल है। जीएसएल विश्व की पहली और सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी आधारित लीग है, जिसमें दुनिया भर के खिलाड़ी संयुक्त टीम प्रारूप में भाग लेंगे।

# ऋषभ पंत को घुटने की दूसरी सर्जरी नहीं करानी पड़ेगी

**वनडे वर्ल्ड कप में खेलने की उम्मीद बढ़ी**

एजेंसी। नई दिल्ली

**कार** एक्सीडेंट में घायल टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत तेजी से रिकवरी कर रहे हैं। पंत को घुटने की सर्जरी नहीं करवानी पड़ेगी। पंत को घुटने की एक और सर्जरी होनी थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डॉक्टरों की टीम पंत की रिकवरी पर नजर रख रही थी।

अब डॉक्टरों ने उनकी रिकवरी को देखते हुए दूसरी सर्जरी को टाल दिया है। पंत बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में पहुंच गए हैं। वह विशषज्ञों की निगरानी में रिहैब कर रहे हैं। रिपोर्ट के मताबिक पंत बिना बैसाखी के सहारे भी चल सकते हैं। पंत ने करीब एक महीने पहले बिना बैसाखी के चलते नजर आए थे। उन्होंने पांच मई को सोशल मीडिया पर पोस्ट डाला था, जिसमें वे स्टिक फेंककर बिना सहारे के चलते नजर आ रहे थे। बैकग्राउंड में केजीएफ का थीम सॉन्ग भी बज रहा था। वीडियो



पोस्ट करते हुए पंत ने लिखा था, हैप्पी, नो मोर क्रचेज-डे।

गौरतलब है कि पिछले साल 30 दिसंबर को पंत एक हादसे का शिकार हो गए थे। वे कार से दिल्ली से देहरादून अपनी मां से मिलने जा रहे थे। उनकी मर्सिडीज अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिसके बाद उसमें आग लग गई और पलट गई। एक्सीडेंट के बाद पंत जलती हुई कार की खिड़की तोड़कर खुद ही बाहर निकले। लोग बचाने पहुंचे तो बोले- मैं ऋषभ पंत हूं। उन्हें सिर, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं।

**वर्ल्ड कप तक पंत को खिलाने की योजना बना रहा बोर्ड**

**पंत** की फास्ट रिकवरी को देखते हुए बीसीसीआई उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल, एशिया कप और वर्ल्ड कप में खिलाने की योजना बना रहा है। बोर्ड चाहता है कि वे जल्द से जल्द एक्सीडेंट की चोट से रिकवर हो जाएं। बोर्ड ने पंत को दो फिजियो भी दिए हैं, जो उनकी रिकवरी सुनिश्चित कर रहे हैं।

# यूरोपीय चैंपियनशिप में भारतीयों का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी। एडिनबर्ग

**पांच अन्य भारतीय पहले दिन के बाद शीर्ष पांच में शामिल हैं**

**भारतीय** गोल्फरों ने 2023 यूएस किड्स गोल्फ यूरोपीय चैम्पियनशिप में शानदार शुरुआत की तथा स्कॉटिश गोल्फ कोर्स में चल रहे इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दौर के बाद भारत के नौ खिलाड़ी शीर्ष 10 में शामिल हैं। महरीन भाटिया लड़कियों के 13-14 आयु वर्ग में संयुक्त बढ़त पर हैं। उन्होंने पहले दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया। पांच अन्य भारतीय पहले दिन के बाद शीर्ष पांच में शामिल हैं।

पहले दिन अच्छा प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों में स्टार गोल्फर जीव मिल्खा सिंह के पुत्र हरजाई मिल्खा सिंह (लड़कों के अंडर 13 आयु वर्ग में) भी शामिल हैं। उन्होंने पहले दिन पार 72 का कार्ड खेला और वह संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। लड़कों के अंडर 13 वर्ग



में ही गुड़गांव के विहान जैन संयुक्त पांचवें और नोएडा के अर्शवंत श्रीवास्तव संयुक्त आठवें स्थान पर हैं। लड़कों के अंडर 10 वर्ग में दिल्ली के विदित अग्रवाल संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। लड़कों के अंडर नौ वर्ग में बेंगलुरु के अदित वीरमाचनेनी चौथे स्थान पर जबकि लड़कों के अंडर सात वर्ग में निहाल चीमा संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं।

# किरण ने शी युकी को हराकर उलटफेर किया, साइना और अश्मिता भी जीते

एजेंसी। बैंकॉक

**थाईलैंड ओपन बैडमिंटन**



**भारत** के किरण जॉर्ज ने उलटफेर करते हुए बुधवार को यहां चीन के दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी शी युकी को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अश्मिता चाहिला और साइना नेहवाल ने भी महिला एकल में अगले दौर में जगह बनाई।

किदांबी श्रीकांत और बी साई प्रणीत पुरुष एकल में जल्दी बाहर हो गए, लेकिन ओडिशा ओपन के विजेता किरण ने 2018 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और तीसरे वरीय शी युकी को 21-18, 22-20 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। किरण अगले दौर में चीन के वेंग होंग एंग से भिड़ेंगे। दिन के अन्य मुकाबलों में क्वालीफायर अश्मिता ने हमवतन मालविका बंसोड़ को 21-17, 21-14 से हराया जबकि लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना ने कनाडा की वेन यू झेंग को 21-13, 21-7 से शिकस्त दी। अश्मिता अगले दौर में रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चौथी वरीय कैरोलिना मारिन से भिड़ेंगी। साइना का सामना चीन की ही बिंग जियाओ से हो सकता है।

## वीर और अनाहत ने राष्ट्रीय सर्किट स्क्वाश टूर्नामेंट जीता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के वीर चोटरानी और उभरती हुई किशोर खिलाड़ी दिल्ली की अनाहत सिंह ने बुधवार को यहां छठे एनएससीआई ओपन सर्किट स्क्वाश टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला एकल के सीनियर वर्ग के खिताब जीते। वीर ने एकतरफा फाइनल में दूसरे वरीय सूरज चंद को 11-9, 11-8, 11-6 से हराया जबकि अनाहत को भी शीर्ष वरीय उर्वशी को 11-7, 11-8, 11-3 से हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। अनाहत 14 साल की उम्र में 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने वाली भारत की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनी थी। महाराष्ट्र की आकांक्षा गुप्ता ने शीर्ष वरीय नव्या सुंदरराजन को 11-9, 11-6, 11-8 से हराकर लड़कियों के अंडर-17 वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

# ओवल में मिल सकती हैं भारत जैसी परिस्थितियां : स्टीव स्मिथ

एजेंसी। लंदन

**ऑस्ट्रेलिया** के शीर्ष बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच होगी लेकिन इसके साथ ही उनका मानना है कि खेल आगे बढ़ने के साथ उनकी टीम को भारत जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

ओवल में पिच से तेजी और उछाल मिलती है और वहां की परिस्थितियां बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती हैं। भारत परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने के लिए अपने स्टार स्पिनर रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को



अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है।स्मिथ ने कहा, ओवल में विशेषकर खेल आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों को मदद मिल सकती है इसलिए हमें मैच के कुछ चरणों में भारत जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने सात जून से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले कहा, लेकिन ओवल क्रिकेट खेलने के लिए शानदार जगह है। उसकी आउटफील्ड बहुत तेज है। वह बल्लेबाजी करने के लिए बहुत अच्छी जगह है तथा उसमें इंग्लैंड की अन्य पिचों की तरह तेजी और उछाल भी होती है। ऑस्ट्रेलिया को हाल में भारत के दौरे में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-2 यह हार का सामना करना पड़ा था। श्रृंखला आगे बढ़ने के साथ हालांकि उसके बल्लेबाजों ने स्पिनरों की अनुकूल परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना शुरू कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर में जो तीसरा टेस्ट मैच जीता था उसमें स्मिथ कप्तान थे। स्मिथ ने कहा, डब्ल्यूटीसी शानदार पहल है। इससे हम जो भी मैच खेलते हैं वह प्रासंगिक बन जाता है। हमारे लिए शीर्ष पर रहते हुए क्वालीफाई करना और फाइनल में भारत का सामना करना बेहद रोमांचकारी है।

# हेजलवुड ने डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले की कोहली और सिराज की तारीफ



एजेंसी। लंदन

**ऑस्ट्रेलिया** के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने भारत के खिलाफ सात जून से ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के अपने साथी खिलाड़ियों विराट कोहली और मोहम्मद सिराज की जमकर तारीफ की। पिछले छह महीनों से चोटों से जूझ रहे हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग की भी पूरे सत्र में नहीं खेल पाए थे। उनका मानना है कि वह अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी करने के करीब पहुंच गए हैं।

ओवल में उनके निशाने पर कोहली का विकेट होगा, लेकिन वह इस भारतीय स्टार के अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता के कायल हैं। हेजलवुड ने कहा, मुझे लगता है कि वह जितनी कड़ी मेहनत करता है उसका कोई सानी नहीं। सबसे पहले उसकी फिटनेस और उसके बाद उसका कौशल विशेषकर बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में। उन्होंने आईसीसी वेबसाइट से कहा, वह हमेशा अभ्यास के लिए सबसे पहले पहुंचता है और सबसे बाद में जाता है। वह बेहद कड़ा अभ्यास करता है। वह अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित कर सकता है और उन्हें बेहतर बना सकता है। आईपीएल में आरसीबी की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले सिराज के बारे में हेजलवुड ने कहा, मैं इस साल देर से आरसीबी से जुड़ा लेकिन इससे पहले वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा था। वह हमेशा विकेट हासिल करता तथा उसका इकोनामी रेट इतना शानदार होता कि कभी-कभी चिन्नास्वामी स्टेडियम में उसे हासिल करना असंभव था।

उसका अपनी गेंदबाजी पर नियंत्रण शानदार था और वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा था। ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले फॉर्मबी में अभ्यास कर रही है। हेजलवुड ने सोमवार को टीम के साथ अभ्यास किया और उन्होंने कहा कि वह इस महत्वपूर्ण मैच से पहले अच्छा महसूस कर रहे हैं। हेजलवुड ने कहा, मेरी फिटनेस काफी अच्छी है और अब यह मैच शुरू होने से पहले तक प्रत्येक सत्र में पहले से बेहतर प्रदर्शन करने से जुड़ा है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में भरत और उमेश को प्राथमिकता मिलनी चाहिए: सरनदीप

एजेंसी। नई दिल्ली

**गेंदबाज उमेश यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की सिफारिश**

**भारत** के पूर्व चयनकर्ता सरनदीप सिंह का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए विकेटकीपर के रूप में ईशान किशन की जगह केएस भरत को अंतिम एकादश में जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने इसके साथ ही ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की जगह तेज गेंदबाज उमेश यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने की सिफारिश भी की।

ऋषभ पंत के चोटिल होने के कारण किशन टीम के लिए एक्स फैक्टर हो सकते हैं लेकिन सरनदीप ने कहा कि भरत मुख्य विकेटकीपर के रूप में अंतिम एकादश में जगह बनाएंगे। किशन ने अभी तक टेस्ट मैच नहीं खेला है। सरनदीप ने कहा, निश्चित तौर पर केएस भरत का चयन किया जाएगा।

वह अच्छा टेस्ट विकेट कीपर है और हमने आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भी देखा की उसने अच्छी विकेटकीपिंग की। वह पिछले कुछ समय से टीम में है और उसे मौका मिलना चाहिए। डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। पूर्व भारतीय स्पिनर सरनदीप ने कहा, ईशान सलामी बल्लेबाज है और मेरे कहने का मतलब यह नहीं है कि वह टेस्ट खेलने में सक्षम नहीं है। वह भविष्य का एक खिलाड़ी है, लेकिन वह सीमित ओवरों की क्रिकेट में पारी की शुरुआत करता है। टेस्ट मैचों में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करना भिन्न होगा।

उन्होंने कहा, यह सही है कि वह पहली गेंद से ही हावी हो सकता है जो कि इंग्लैंड में फायदा पहुंचा सकता है लेकिन भरत भी अच्छी बल्लेबाजी कर सकता है। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे तथा तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में उमेश और शार्दुल में से किसी एक का चयन किया जाएगा। सरनदीप ने कहा, मैं शार्दुल की जगह उमेश यादव का चयन करुंगा क्योंकि उसके पास अतिरिक्त गति है और वह पुरानी गेंद को रिवर्स स्विंग करा सकता है। वह ओवल के विकेट पर उपयोगी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा, मुझे बल्लेबाजी या गेंदबाजी को लेकर किसी तरह की चिंता नजर नहीं आती। वे सभी अच्छी फॉर्म में हैं। इंग्लैंड में परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण होंगी। मौसम हर दिन बदलता रहता है और भारत को परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना होगा।



## इंडियन ओपन सर्फिंग में खिलाड़ियों की नजरें पेरिस ओलंपिक के कोटे पर

**मेंगलुरु।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी गुरुवार से यहां शशिथिलु समुद्र तट पर आयोजित होने वाले इंडियन ओपन सार्फिंग (समुद्र की लहरों पर करतब से जुड़ा खेल) में खिताब जीतने के साथ अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों का टिकट हासिल करना चाहेंगे।

सर्फिंग को पूर्ण खेल के तौर पर पहली बार ओलंपिक में शामिल किया गया है और इससे भारतीय सर्फिंग महासंघ के इस तीन दिवसीय आयोजन का महत्व काफी बढ़ जाता है। पिछले साल की रैंकिंग के आधार पर भारत की चार सदस्यीय टीम इस समय एल साल्वाडोर में ओलंपिक क्वालीफाइंग विश्व सर्फिंग खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रही है।